माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 190, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 16

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 2

केजरीवाल को धनशोधन के मामले में ईडी का छठा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था। अदालत ने कहा था कि केजरीवाल प्रथम दृष्टया इसका अनुपालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। इस मामले में ईडी द्वारा आईआरएस के पूर्व अधिकारी को भेजा गया यह छठा समन है।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर

लखनऊ/नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री बुधवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। शास्त्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में भाजपा में शामिल हुए। विभाकर शास्त्री ने इससे पहले एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित पोस्ट में अपने त्यागपत्र की घोषणा की। विभाकर शास्त्री हरि कृष्ण शास्त्री के बेटे हैं। वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं।

यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में लिखा स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया अबू धाबी के पहले मंदिर का लोकार्पण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। हल्के गुलाबी रंग का रेशमी कुर्ता पजामा, बिना बांह वाली जैकेट और पटका पहने हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने 'वैश्विक आरती' में भी भाग लिया जो बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा दुनियाभर में बने स्वामीनारायण संप्रदाय के 1200 से अधिक मंदिरों में एक साथ आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। इससे पहले मोदी ने यहां पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले विभिन्न संप्रदायों के लोगों से मुलाकात की। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मंदिर के उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर अधिकारियों के अनुसार शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों एवं हिंदू ग्रंथों में उल्लेखित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार भव्य मंदिर बनाया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, यहां वास्तुशिल्प पद्धतियों को वैज्ञानिक तकनीकों के साथ जोड़ा गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर 300 से अधिक उच्च तकनीक वाले सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है तो मंदिर इसका पता लगा लेगा और हम अध्ययन कर सकेंगे। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है।

अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 27 एकड़ में क्षेत्रफल में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण

एक नजर

नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर के साथ बुधवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपए है और इन गनों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। ये गन दिन और रात दोनों समय में हमला करने में सक्षम है। इससे नौसेना और तटरक्षक बल की जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीक हमला करने की क्षमता बढ़ जाएगी।

500 से अधिक अस्पताल बने ईट राइट कैंपस

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने देशभर में 500 से अधिक अस्पतालों को 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया है। यह पहल एफएसएसएआई के 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत अस्पतालों सहित विभिन्न संस्थानों और कार्यस्थलों के भीतर सुरक्षित, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल खाद्य परिवेश बनाने पर केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सही खाद्य परिवेश के लिए प्रमाणित अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलेज में से करीब 100 सरकारी अस्पताल हैं।

चित्रकूट में आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट से चार लोगों की मौत

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

- हादसे में सभी मरने वाले थे छात्र महोत्सव में घूमने को पहुंचे थे

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार : चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। अफरा-तफरी और भगदड़ के बीच विस्फोट से चार युवकों की मौत हो गई। देर शाम मरने वालों की शिनाख्त हो गई। विस्फोट के बाद महोत्सव स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जो इतना जबर्दस्त था कि पैनल के पास मौजूद चार लोग लगभग 30 फीट तक उछल गए। एक युवक कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा और उसके चीथड़े उड़ गए। तीन युवक नीचे मैदान पर गिरे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। देर शाम इनकी शिनाख्त कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे। इनमें से मोहित (15) को छोड़कर तीनों 13-14 साल के थे। विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

विस्फोट के बाद बचाव एवं राहत कार्य में जुटे पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुःख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये और घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का निःशुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई: डीएम

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत रात में आयोजकों की ओर से आतिशबाजी का शो रखा गया था। अपराह्न 310 बजे विस्फोट हुआ, जिनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई है, दो घायलों की प्रयागराज ले जाते समय सांसें थम गईं। कहा कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बेहमई कांड : बरसी पर 43 साल के बाद फैसला, एक को उम्र कैद

साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने एक आरोपी को किया दोष मुक्त

- कतार में खड़ाकर चलाई गई थी गोली, 20 लोगों की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत वि.चार : बहुचर्चित बेहमई कांड के बहुप्रतीक्षित मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 43 साल पहले 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ लूटपाट करते हुए एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ा कर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। इस नरसंहार में 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस नरसंहार के मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। इस मुकदमे की 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए।

सुनवाई के दौरान अदालत में कई चक्रों में अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से अदालत में लिखित बहस भी दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, वहीं दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

आत्मसमर्पण के दौरान फूलनदेवी और डकैत मान सिंह।

नरसंहार में ये लोग मारे गए थे

तुलसीराम सिंह, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, शिवराम सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवबालक सिंह, बनवारी सिंह पुत्र लाखन सिंह, लाल सिंह, नरेश सिंह, दशरथ सिंह, बनवारी सिंह पुत्र महाराज सिंह, हिम्मत सिंह, हुकुम सिंह, हरिओम सिंह, रामऔतार, तुलसीराम पुत्र धनीराम व नजीर खां।

नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन के अलावा उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश में भाजपा के पास चार सीट जीतने का दम है जबकि कांग्रेस एक सीट जीत सकती है।

कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पहली सूची में सोनिया गांधी का नाम सबसे प्रमुख था जिन्होंने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- फल और सब्जियों के दाम कम होने का असर

फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी। इनमें सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी। आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही। फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट आई है। ईंधन और बिजली क्षेत्र में जनवरी में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 0.51 प्रतिशत रही।

मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली चलो मार्च

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

चंडीगढ़। तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

नई दिल्ली। राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।

मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में लगेगा फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग

प्रधानमंत्री से परियोजनाओं का वर्चुवल भूमिपूजन कराने की तैयारी में बड़े उद्योगपति, लखनऊ में बसेगी एआई सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीबीसी : 4.0 में निवेश के लिहाज से प्रदेश का पश्चिमांचल हिस्सा बन रहा हॉट स्पॉट

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जीबीसी के दौरान वर्चुवल भूमिपूजन कराने के लिए कई बड़े उद्योगपतियों और सीईओ की ओर से तैयारी की जा रही है। मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग लगेंगे।

यूपीसीडा का 52 फीसदी निवेश के साथ पश्चिमाचंल हॉट स्पॉट बन गया है। लखनऊ में डिफेंस कॉरीडोर के साथ एआई सिटी, चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप और झांसी में रेलवे कोच जैसे उद्यम स्थापित होंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 19 फरवरी को तैयार औद्योगिक गलियारा, रक्षा गलियारा समेत जनपद स्तरीय इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले, अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप समेत प्रदेश के तमाम उद्योगपतियों की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं का वर्चुवल भूमि पूजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जीबीसी 4.0 में 10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की तैयारी है। मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफ ग्रुप) लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ निवेश करेगा और 1250 रोजगार भी सृजित करेगा। अमेठी में वरुण बेवरेजेस 780 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश करेगी। बरेली में 638 करोड़ से इफ्को का नैनो फर्टिलाइजर प्लांट, 3450 करोड़ से एचपीसीएल का प्लांट, 212 करोड़ से डेयरी क्राफ्ट इंडिया का प्लांट, 25 करोड़ से मैसर्स कृष्णा एसोसिएट्स, 10 करोड़ से मैसर्स राघव डेयरी समेत कई प्रोजेक्ट का भूमिपूजन होगा।

इन बड़ी परियोजनाओं का होगा भूमिपूजन

जिन बड़ी परियोजनाओं का भूमिपूजन होगा उनमें यूपीसीडा की 1,50000 करोड़ रुपये की 3160 परियोजनाएं, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग की 1,24,164 करोड़ की 177, नोएडा की 72,488 करोड़ की 292, आई एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की 61,998 करोड़ की 60, उद्यान विभाग की 60,358 की 1,045, ऊर्जा विभाग की 59,973 करोड़ की आठ, आवास विभाग की 56,885 करोड़ की 746, उच्च शिक्षा विभाग की 53,331 करोड़ की 43, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 45,148 करोड़ की 280, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग की 45,303 करोड़ की 2,948, पर्यटन विभाग की 31,179 करोड़ की 790 तथा नगर विकास विभाग की 18,196 करोड़ रुपये की 21 परियोजनाएं शामिल हैं।

चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप, झांसी में बनेंगे रेल कोच

चंदौली जिले में 7 हजार करोड़ से सॉलिड प्लाई प्रालि. इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण करने जा रहा है। इसके अलावा यहां इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास किया जाएगा। वाराणसी में बीएचईएल 1325 करोड़ से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण करेगा। एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट 325 करोड़ से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना करेगा। अनीता डिस्टलरी बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर में निवेश करेगी। बुंदेलखंड में भी यूपीसीडा की कई बड़ी परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी। झांसी में रेल विकास निगम 2840 करोड़ की लागत से एलएचबी कोच और ट्रैक वर्क्स स्थापित करेगा। चित्रकूट के बरगढ़ में 1252 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में और ललितपुर में 250 करोड़ से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश होगा।

सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

एफआईएच प्रो-लीग में भारत का लक्ष्य हैट्रिक

भुवनेश्वर, एजेंसी

एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से मात दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी सुधार बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।

खेल डायरी

नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी। ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर

बेंगलुरू, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने

विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी

करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा

कोपेनहेगन, एजेंसी। केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का नजारा पेश करते हुए मैच में 9 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। मुख्य मुकाबला बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा।

बॉलीवुड हलचल

नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि...'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला...राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।

करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीँ इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

एक नजर

पैमाइश के लिए घूस लेने वाला लेखपाल निलंबित

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भूमि पैमाइश के लिए 10 हजार रुपये घूस लेने वाले लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित लेखपाल के विरुद्ध जांच भी कराई जा रही है। विजिलेंस टीम ने मंगलवार को रुदौली तहसील के लेखपाल शिव कुमार पांडेय को एक चाय की दुकान पर घूस लेते गिरफ्तार किया था। आरोपी लेखपाल के विरुद्ध कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। एसडीएम अंशिका दीक्षित ने बुधवार को बताया कि लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

गोवा के सीएम मंत्रिमंडल के साथ आज आएंगे अयोध्या

अयोध्या, अमृत विचार : गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत अपने मंत्रिमंडल, विधायकों व 51 सदस्य दल के साथ 15 फरवरी को रामलला के दर्शन करने आएंगे। वो सुबह 10 :45 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचेंगे। ये जानकारी श्रीरामंदिर दर्शन मीडिया प्रबन्धन के दिवाकर सिंह ने बुधवार को दी।

मोर्चा व यूनियन का 16 को बाजार बंदी का एलान

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता 16 जनवरी को बाजार बंद कराएंगे। यह बात जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडेय ने बुधवार को कही। उन्होंने बताया कि गारंटी कानून बनाने, कृषि योग्य भूमियों का अधिग्रहण न करने और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने का मामला उठाया जाएगा।

राम मंदिर में रंगोत्सव का आगाज

वसंत पंचमी पर पांच हजार मठ-मंदिरों में प्रभु को लगाया गया गुलाल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : वसंत पंचमी से रामलला के भव्य मंदिर में रंगोत्सव का आगाज हो गया। अब हर दिन अलग-अलग रंगों में इस उत्सव को मनाया जाएगा। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में प्रतिदिन प्रभु के श्रंगार व आरती-पूजन में अबीर और गुलाल चढ़ाया जाएगा।

राम मंदिर सहित पांच हजार मठ मंदिरों में बुधवार को श्रंगार आरती के साथ गर्भगृह में प्रभु को अबीर और गुलाल चढ़ाकर रंग उत्सव की शुरुआत हुई। वसंत पंचमी को मनाने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। सरयू में स्नान करने के बाद राम जन्मभूमि हनुमानगढ़ी सहित मंदिर में दर्शन पूजन कर उत्सव में शामिल हुए। दोपहर 12 बजे विशेष आरती पूजन किया गया। इस दौरान उन्हें अबीर और गुलाल को भी समर्पित हुआ। पूजन के बाद विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगा प्रसाद वितरित किया गया। सुबह सात बजे से रात्रि 10 बजे तक भगवान के दर्शन को भक्तों का ताता लगा हुआ था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि वसंत पंचमी को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान हो रहे हैं। सभी आनंद से उत्सव को मना रहे हैं।


भव्य मंदिर में विराजमान रामलला।

पुजारी और प्रभु साथ-साथ खेलते होली

सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर पर वसंत पंचमी का खासा महत्व है। इस दिन मंदिर में सुबह पांच बजे हनुमानजी व उनके पुजारी और नागा साधु के बीच होली का विशेष आयोजन होता है। इस दौरान किसी भी अन्य को आयोजन में शामिल होने की अनुमति नहीं होती। मंदिर के कथा व्यास मधुबन दास बताते हैं कि सुबह मंगल आरती के बाद हनुमान जी महाराज को अबीर और गुलाल लगाया जाता है। कहा जाता है कि दौरान प्रभु स्वयं वहां पर उपस्थित होते हैं और अपने साधकों के साथ होली खेलते हैं।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई वसंत पंचमी

देवा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

गोसाईगंज सरस्वती विद्या मंदिर में छात्राओं ने दी मनोहारी प्रस्तुति। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : वसंत पंचमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान दायिनी देवी सरस्वती पूजी गईं।

मसौधा संवाददाता के अनुसार उसरु-अमौना स्थित देवा पब्लिक स्कूल व देवा इंटर कॉलेज में प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, उपप्रबंधक अजय उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा, शैक्षिक प्रमुख सीता सरन मिश्रा के साथ छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती का पूजन किया। शिक्षक घनश्याम यादव ने संबोधित किया। शिक्षक कमलेश कुमार श्रीवास्तव, घनश्याम यादव, अनु पाण्डेय, मोनिका, पिंकी, सुमन, नेहा व प्रीति ने संयोजन किया।

गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार इलाके के सभी शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजन अर्चन किया गया। सरस्वती शिक्षा मंदिर में बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल ने सम्बोधन दिया।पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र, संजय पराग, सर्वेश मोनू, रामप्रकाश पांडेय मौजूद रहे।

पूराबाजार संवाददाता के अनुसार रसूलाबाद में ऐमी आलापुर स्थित टीआर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीएम त्रिपाठी ने बताया मुख्य अतिथि इतिहासकार डॉ. हरि प्रसाद दुबे व प्रबंधक अजय दुबे ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने बोर्ड में शामिल होने जा रहे समस्त परीक्षार्थियों के लिए शुभकामनाएं दीं। नए सत्र में प्रथम 51 होनहार छात्रों का निशुल्क प्रवेश की घोषणा की। विद्या भूषण, राजेश मिश्रा, सौरभ बादल, प्रतिभा, रूबी, ललिता, सरिता मौजूद रहीं। भेलसर संवाददाता के अनुसार डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य डॉ. भावना मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। शिक्षक जितेंद्र मिश्रा, नीरज द्विवेदी, आमिर शाह तबरेज, सविता बालियान, मधुलिका श्रीवास्तव, वत्सला सिंह, नैनसी सिंह अनन्या श्रीवास्तव, हिना परवीन मौजूद रहीं।

छात्र-छात्राएं जीवन में ज्ञान की ज्योति जलाएं : कुलपति

अवध विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजन करतीं कुलपति। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्राओं के साथ विधि मंत्रोचार के साथ सरस्वती पूजन किया। कुलपति ने कहा कि ज्ञान, संगीत और कला की अधिष्ठात्री मां सरस्वती सभी के लिए मार्ग प्रशस्त करें। सभी छात्र-छात्राएं अपने जीवन में ज्ञान की ज्योति जलाएं रखे। इसके लिए स्वाध्याय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, वार्डन डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. स्वाति सिंह, गायत्री वर्मा समेत तमाम छात्राएं शामिल रहीं।

राम मंदिर प्राचीन व नवीन टेक्नोलॉजी का अद्भुत मिश्रण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में भव्य राम मंदिर हमारी प्राचीन और नवीन तकनीकी का अदभुद मिश्रण है। यह परिकल्पना भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही देन है। ये बातें बुधवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री साइंस और टेक्नोलॉजी जितेन्द्र सिंह ने कहीं। वो रामलला के दर्शन करने के बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

वसंत पंचमी पर रामलला के दर्शन कर अभिभूत केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केवल हमारे ही नहीं बल्कि सर्वसमाज के लिए राम मंदिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई अयोध्या आकर रामलला के दर्शन के लिए उत्सुक और व्याकुल है। 20-22 पीढ़ियों के त्याग और बलिदान के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुई। जो अपने आप में एक इतिहास रचने वाला कार्य है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सर्किट हाउस में केन्द्रीय राज्य मंत्री मंत्री जितेंद्र सिंह का समर्थकों के साथ स्वागत किया।

▸▸ केंद्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र बोले- वसंत पंचमी पर रामलला के दर्शन कर दिखे अभिभूत

मंत्री ने कहा कि आज राम मंदिर निर्माण में जहां आधुनिक तकनीक के जरिए भूकंपरोधी बनाया गया है। वहीं रामलला को सूर्य की किरणें नमन करें यह हमारी प्राचीन काल की तकनीक है। इन दोनों का अदभुद मिश्रण राम मंदिर को भव्यता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि आज उनके संसदीय क्षेत्र कटरा वैष्णो देवी उधमपुर से आस्था ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर आई है। उन श्रद्धालुओं के स्वागत और उनसे बातचीत का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह और प्रतिनिधि रोहित सिंह ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर केन्द्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया।

राममंदिर को समर्पित किए 64 रजत कलश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चेन्नई के शारदा श्रृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने कहा कि कलश को समर्पित करने वाले भक्तों पर कृपा हमेशा बनी रहे।

चांदी की तीन चरण पादुका भी सौंपी

कलश में है इन नदियों का जल

चांदी के कलश में गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा, तुंगभद्रा, पूर्णा, प्राणिहता, गंडकी, भीमरथी, सरयू, ताम्रवर्णी, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, गोदावरी, सिंधु, सरस्वती का जल है।

रजत कलश मिलने के बाद उनका पूजन किया गया। रजत कलश व चांदी की चरण पादुका।

एक ट्रिलियन डालर की ओर बढ़ रहा है प्रदेश : केवी राजू

कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को बैठक करते मुख्यमंत्री के सलाहकार।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की ओर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हम सभी को मिलकर एक साथ कार्य करने की जरूरत है। ये बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार केवी राजू ने बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कही। वो सलाहकार जीएन सिंह के साथ यहां आए थे। उन्होंने कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, समस्त अधिष्ठाता, निदेशक व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस मौके पर उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल भी मौजूद रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू ने कृषि के क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग, फ्लोरीकल्चर आदि के क्षेत्र में तेजी के साथ कार्य करने पर जोर दिया। जिससे कि विश्वविद्यालय में बाहर की लगभग दर्जन भर कंपनियों को यहां आकर निवेश करने का मौका मिलेगा। आंवला एवं बेल की उच्च स्तर की पैदावार पर उन्होंने खुशी जाहिर की।कुलपति ने प्रजेंटेशन से विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया। कहा कि शासन की ओर से जो भी प्रस्ताव आएगा उसमें विश्वविद्यालय पूरी तरह से सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह ने कुलपति के साथ विश्व विद्यालय परिसर में वैक्सीन निर्माण के लिए बड़े स्तर पर एक प्रयोगशाला स्थापित करने पर चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं के कौशल विकास एवं जॉब के लिए रोजगार मेला लगाए जाने पर भी चर्चा की। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने कहा की विश्वविद्यालय की खाली पड़ी जमीनों को उपयोग में लाने की जरूरत है।

कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री के सलाहकार, फूड प्रोसेसिंग व फ्लोरीकल्चर पर दिया जोर

श्री सीताराम भगवान की असीम कृपा से सप्त मोक्षदायिनी पुरियों में से एक अयोध्या में प्रथम बार
1500 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 17 दिवसीय 100 कुण्डीय विराट
श्री लक्षचण्डी महायज्ञ
प. पू. महामण्डलेश्वर स्वामी श्री प्रखरजी महाराज के सान्निध्य में
दिनांक 22 फरवरी से 09 मार्च 2024 तक
स्थान : सरयू तट, गोला घाट, अयोध्यापुरी, (उत्तर प्रदेश)
श्री लक्षगणपति महायज्ञ
श्रीराम यज्ञ
श्रीराम कथा
श्रीरामलीला
श्रीमद्भागवत कथा
रासलीला
संत सम्मेलन

संयोजक
डॉ. स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज, अयोध्या

यज्ञ में आये हुए सभी दर्शनार्थी निःशुल्क भण्डारा प्रसाद में सादर आमंत्रित हैं
From the house of TIRANGA
Sacred DEDICATED TO GOD
सेकरेड
यथा नाम तथा गुणः
यह खुशबू चल रही है सबको साथ लेकर
तिरंगा अगरबत्ती देश की खुशबू
-: निवेदक :-
पं. नरेन्द्र शर्मा
निदेशक : तिरंगा अगरबत्ती
एवं पूर्व सदस्यः केन्द्रीय हिन्दी सलाहकार समिति पंचायती राज्य मंत्रालय, भारत सरकार

यज्ञ में सम्मिलित होने हेतु सम्पर्क करें: 8791584574, 9334738125, 9616703209

एक नजर

अकासा का विमान आज से भरेगा उड़ान

अयोध्या, अमृत विचार : अकासा एयरलाइन्स के विमान गुरुवार से उड़ान भरेंगे। अयोध्या एयरपोर्ट पर एयरलाइंस का पहला विमान पुणे से आएगा। एयरलाइंस की वेबसाइट के अनुसार टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। यह विमान अयोध्या-दिल्ली-पुणे के बीच की दूरी को कम करेगा।

वायल में रक्त के थक्के जमने के मामले की होगी जांच

अयोध्या, अमृत विचार : दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में वायल में थक्के जमने के मामले में प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने जांच के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि जांच रिपोर्ट में कमी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो वायल गड़बल थे उन्हें सील करा दिया गया है।

कैदी की बिगड़ी हालत, जिला अस्पताल में भर्ती

अयोध्या। मंडल कारागार में सजा काट रहे एक कैदी की बुधवार को हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मंडल कारागार अस्पताल का फार्मसिस्ट बीपी सिंह कारागार के बंदी रक्षक दीपक पांडेय के साथ सूरज(50) को लेकर 4.25 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ. आशुतोष प्रताप सिंह ने परीक्षण के बाद कैदी को भर्ती कर लिया। उसको सीने और पेट में दर्द तथा डिथ्थीसीमिया की शिकायत है। जेल प्रशासन का कहना है कि हालत में सुधार न होने पर भर्ती कराया गया है।

दो पक्षों में मारपीट, केस

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मसौधा गेट बाजार में बुधवार को दो पक्षों में वर्चस्व को लेकर मारपीट हुई। पुलिस ने घायल बाइक सवार को सीएचसी भिजवाया है। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा का कहना है कि संदीप यादव निवासी बरवा और ओमकार वर्मा निवासी माधवपुर के बीच मारपीट हुई। संदीप यादव की तहरीर पर ओमकार वर्मा समेत दो लोगों विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में बिस्तर पर मृत मिले मां-बेटा

बीकापुर कोतवाली के भावापुर गांव का मामला, बीमार बताए जा रहे थे दोनों

बीकापुर, अयोध्या

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के भावापुर गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों मां-बेटे की एक साथ मौत का मामला सामने आया है। दोनों को काफी दिनों से बीमार बताया जा रहा है। एक साथ मां-बेटे की बीमारी से मौत किसी के गले नहीं उतर रही है। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। दबी जुबान से पुलिस भी मां और बेटे की एक साथ मौत को संदेहास्पद मान रही है।

भावापुर गांव की रहने वाली किच्ची निषाद(60) पत्नी डोलई निषाद और उसका बेटा इन्द्रराम (26) पुत्र डोलई निषाद बुधवार सुबह बिस्तर पर मृत पाए गए। दोनों की एक साथ मौत से परिवार में हड़कंप मचा गया। मौके पर कोतवाल लालचंद सरोज दलबल के साथ पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। पुलिस ने मौके से बिस्तर और रात में खाए भोजन की पड़ताल की है। जांच के लिए नमूने लिए हैं। जिन्हें परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजने की बात कही है। आसपास के लोगों की ओर से भी मां-बेटे की एक साथ मौत को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं है।

मौके पर परिवार वालों से पूछताछ करती पुलिस।

- परिस्थितिजन साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही पुलिस
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा मौत का खुलासा

गले नहीं उतर रही है बीमारी से एक साथ दोनों की मौत

मृतका की भाभी इंद्रावती की ओर से बीमारी से मौत की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। भाभी के अनुसार मृतका किच्ची फालिज की शिकार थी जबकि बेटा मिर्गी से पीड़ित था। दोनों का इलाज चल रहा था, हालांकि फालिज और मिर्गी से मौत न पुलिस समझ पा रही है न पड़ोसी। मृतका का बड़ा भाई बिंदेश्वरी निषाद पत्नी के साथ गुजरात में रोजगार कर रहा है। परिवार में अन्य लोग ही यहां रहते हैं।

संदिग्ध हालात में मिला सफाईकर्मी का शव

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमानीगंज के आवास में पाया गया मृत

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : खंडासा थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमानीगंज के आवास में बवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मचारी का शव बुधवार सुबह संदिग्ध हालात में कमरे के अंदर बिस्तर पर मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों को लेकर अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के तरौली गांव का मूल निवासी सफाई कर्मचारी संतोष कुमार (45) सीएचसी खंडासा के अधीन संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बवां में कार्यरत था, बुधवार सुबह देर तक न उठने पर चौकीदार दिलीप कुमार ने धक्का देखकर दरवाजा खोला। देखा कि वह बिस्तर पर मृत पड़ा था। उसके मुंह से खून निकला था। चौकीदार ने वार्ड ब्वॉय को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। उसके आधार पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

पोस्टमार्टम कराना भूली पुलिस, अस्पताल ने भेजा अनुस्मारक

अयोध्या। अमृत विचार : जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से चार दिन पूर्व एक लावारिश बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम व शिनाख्त आदि की कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया था। विभागीय नियमों के तहत शिनाख्त के लिए 72 घंटे की निर्धारित मियाद पूरी होने के बावजूद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। जिसको लेकर जिला अस्पताल प्रशासन ने बुधवार को फिर से अनुस्मारक जारी किया है। नगर कोतवाली के सिविल लाइंस स्थित रोडवेज बस डिपो के पास 10 फरवरी की सुबह एक अज्ञात 70 वर्षीय बुजुर्ग मिला था। 108 एंबुलेंस के ईएमटी हरिशंकर ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बुजुर्ग को मृतक घोषित कर शव को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। पोस्टमार्टम, शिनाख्त व अन्य विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया था।

रक्त के नमूनों की जांच में एआई निभाएगा भूमिका

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मयंक कुमार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रक्त नमूनों की जांच में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) की भूमिका का उल्लेख किया है। जिसका प्रकाशन जोधपुर एम्स के बहुप्रतिष्ठित जरनल हिमैटोलॉजी पर्ल्स में हुआ है। पैथोलॉजी में असिस्टेंट प्रोफेसर कार्यरत डॉ. मयंक कुमार की इस सफलता से मेडिकल कॉलेज के अन्य चिकित्सकों ने खुशी जाहिर की है।

एआई अब सामान्य उपयोग से खास उपयोग की ओर अग्रसर हो रहा है। चिकित्सक एआई को चिकित्सकीय कार्य में लेने पर रिसर्च कर रहे हैं। राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के पैथालॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. पारस खरबंदा ने बताया कि उनके निर्देशन में डॉ. मयंक का आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस इन हिमैटोलॉजी करेंट एप्लीकेशन एंड फ्यूचर प्रॉसपेक्ट्स विषय पर प्रकाशित हुआ है। इसमें रक्त नमूनों की जांच में एआई क्या मदद कर सकता है और उसके क्या फायदे हो सकते हैं इसका विस्तृत विवरण है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में एआई चिकित्सा जगत में बहुत मददगार साबित होने वाला है। इससे बीमारियों को डायग्नोस करने में बेहद मदद मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि एम्स के जरनल में चैप्टर प्रकाशन एक उपलब्धि है। उन्होंने मूलरूप से लखनऊ के निवासी डॉ. मयंक कुमार को शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. मयंक कुमार।

जोधपुर एम्स के जरनल में मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर का चैप्टर प्रकाशित

> प्रोफेसर्स आए दिन नए-नए शोध कर रहे हैं। डॉ. मयंक का चैप्टर हिमैटालॉजी पर्ल्स में प्रकाशन होना अयोध्या मेडिकल कॉलेज के लिए गर्व की बात है।
> -डॉ. डीके सिंह, सीनियर प्रोफेसर, मीडिया प्रभारी

बारिश और हुई तो बर्बाद हो जाएगी आलू की फसल

पूराबाजार, अयोध्या। जिले में बुधवार सुबह एकाएक बादल छा गए और हल्की बरसात शुरू हो गई, लेकिन दोपहर 12:30 बजे करीब हल्की धूप निकल आई। अलावलपुर के किसान योगेश, सतीश, राम पूरन, कमलाकांत आदि ने बताया कि बूंदाबांदी के चलते डर लग रहा है यदि आगे तेज बारिश हो गई तो आलू की फसल खेतों में जल भराव से बर्बाद हो जाएगी। शांतिपुर के आनंद, धमेंद्र सिंह, रामशंकर वर्मा ने बताया कि बारिश से सरसों, मटर व चने की फसलें भी प्रभावित होंगी। एडीओ कृषि उमाशंकर ने बताया कि जितनी बरसात हुई है उससे अभी नुकसान नहीं है, लेकिन आगे हुई तो तिलहन व आलू की फसल का नुकसान होना तय है।

राजस्थान के रंग में रामोत्सव, राम भजनों पर झूमे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी के राम कथा पार्क में रामोत्सव की श्रृंखला में राम भजन और नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मंगलवार संध्या पहली प्रस्तुति पंडित सत्य प्रकाश मिश्र ने मंदिरों में गई जाने वाली बंदिश राम रूप अनुरागी अंखियां गाकर सभी को विभोर किया। इसके बाद मंच पर सुमित्रा देवी और उनके दल ने राजस्थानी लोकगीतों पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करके राजस्थानी खुशबू से सरयू तीरे सभी को रंग दिया। महिला कलाकारो ने तोरोताली लोकनृत्य में अद्भुत करतब दिखाकर सभी को अचंभित कर दिया। दल की कलाकार रवीना ने इसके बाद राजस्थान का भवई लोक नृत्य किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।

कन्हैया मित्तल व स्वाति मिश्रा ने पेश किए भजन

नया घाट स्थित तुलसी उद्यान में रामोत्सव के दौरान ख्याति प्राप्त कलाकारों ने समा बांध दिया। भजन गायक कन्हैया मित्तल और स्वाति मिश्रा ने अपने भजनों से सबको झूमने पर विवश कर दिया। आयोजन देर रात तक चला। कन्हैया मित्तल ने जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे...,मंदिर अब बन गया है भगवाधारी छा गए की प्रस्तुति दी।

जन आशीर्वाद से केंद्र में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : अवधेश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को श्रीगणेश कर दिया। पार्टी की ओर से घोषित प्रत्याशी विधायक अवधेश प्रसाद ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया।

आवास पर आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सभी का सहयोग रहा तो 2024 लोकसभा चुनाव में केंद्र में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व की सरकार बनेगी। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा सपा के प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव जीता कर दिल्ली की सरकार को बदलना है। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पार्टी हमेशा गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों और नौजवानों के साथ है। वरिष्ठ कार्यकर्ता हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा कि सभी को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव जीतना है। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय ने कहा कि सपा की सरकार में सभी वर्गों का विकास हुआ है। जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, छोटे लाल यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, राम सुमिरे भारती समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सपा प्रत्याशी व अन्य।

किशोरी के अपहरण में युवक को पांच साल की सजा

अयोध्या, अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करने के एक मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर 55000 जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमर सिंह की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय ओझा व विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि घटना 15 जून 2021 की है। मवई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के गांव में ही अभियुक्त रंजीत निवासी कमरौली थाना अमेठी की मौसी रहती थी। मौसी के यहां आते जाते वक्त घटना वाली रात उसने किशोरी को अगवा कर लिया। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मवई के पास एक होटल से किशोरी को बरामद किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने लिखाई थी। पुलिस ने रंजीत के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए सजा दी।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। अमृत विचार

नामधारी सिखों ने निकाली शोभायात्रा

अयोध्या, अमृत विचार : नामधारी सिखों ने अयोध्या में बुधवार को अपने आराध्य सतगुरु राम सिंह जी का प्रकाशोत्सव मनाया। इस मौके पर नामधारी संगत ने शोभा यात्रा निकालकर राम मंदिर में दर्शन किए। नामधारी सिख, सतगुरु राम सिंह जी को श्रीराम का ही रूप मानते हैं। नामधारी सत्संग सेवा सोसायटी के अध्यक्ष सूबा अमरीक सिंह, महासचिव नवतेज सिंह व सचिव हरिवंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

पिकअप की टक्कर से किशोरी की जान गई

अयोध्या, अमृत विचार : सड़क दुर्घटना में एक किशोरी की मौत हो गई। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पारखान की रहने वाली ख़ुशी(11) पुत्री राजदेव बुधवार को पैदल सेवरा मोड़ पार कर रही थी। इसी दौरान उधर से गुजर रही एक पिकअप ने किशोरी को टक्कर मार दी। थोड़ी दूर पर मौजूद उसके गाँव के ही निवासी जितेंद्र यादव ने गंभीर रूप से घायल खुशी को सीएचसी पहुँचाया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लाये जाने पर चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया।

अंत्योष्टि स्थल के लिए हुआ भूमि पूजन

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के सरयू तट कलाफरपुर घाट पर समाजसेवी ने अपने पिता की स्मृति में बुधवार को अंतेष्ठि स्थल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर समाजसेवी सत्य प्रकाश वर्मा के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू बतौर मुख्य यजमान मौजूद रहे। कप्तान तिवारी, सुड्डू मिश्रा, भोला पाण्डेय ने कहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि रहे समाज सेवी के पिता स्वर्गीय छेदी लाल वर्मा का निधन गत वर्ष हुआ था। तभी समाजसेवी ने यहां अंत्योष्टि स्थल बनवाने का संकल्प लिया था। इस मौके पर अखिलेश मिश्र, अनिल पाण्डेय फौजी, गिरजेश पांडेय, पारस नाथ पांडेय, कुबेर दत्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारी संघ ने समारोह में ली शपथ

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज विकास खण्ड मुख्यालय पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य इन्दूसेन यादव रहीं ।नव नियुक्त अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप यादव, मंत्री संजय सिंह, कोषाध्यक्ष शिव कुमार कनौजिया, संगठन मंत्री राकेश पाल, सम्प्रेक्षक देवी दयाल को शपथ दिलाई गई। एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार, एडीओ आईएसबी अविनाश चतुर्वेदी, एडीओ को-ऑपरेटिव अवधेश कुमार वर्मा, सचिव मुकेश मौर्या, संघ के वरिष्ठ कार्यवाहक अध्यक्ष रामदेव आदि मौजूद रहे।

जूनियर बालक हॉकी की मंडल टीम चयनित

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय से गोरखपुर में 19 फरवरी से होने वाली प्रदेशीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंडल टीम बुधवार को यहां चयनित की गई। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला हॉकी संघ सचिव परमेन्द्र सिंह व कोच एजाज अहमद ने खिलाड़ियों का ट्रायल लेकर टीम चयनित किया। चयनित टीम में अयोध्या के शिवम, रोहित, आलोक, मुजीब, बाराबंकी के दिव्यांशु यादव, सौरभ कश्यप, अंबेडकरनगर के सौरभ राजभर, अर्जुन राजभर, मो. सहरान, शुभम राजभर, सुलतानपुर के प्रभाकर, गजेन्द्र, सूरज, अदनान अहमद, अमेठी के सूरज सिंह व स्टैण्डबाई में अयोध्या के रोहित शिवा व अंश शामिल हैं।

साढ़े सात लाख से निर्मित इंटरलॉकिंग का लोकार्पण

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने बुधवार को ब्लॉक के भगवाभीट गांव में राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना से करीब 7.50 लाख की लागत से निर्मित डेढ़ सौ मीटर इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामजन्म यादव ने की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, एडीओ पंचायत धनजीत, सचिव नीरज सिंह, सौरभ आदि मौजूद थे।

सर्वाधिक नसबंदी कराने पर डॉ. मदन पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सीएमओ डॉ संजय जैन की अध्यक्षता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों को बुधवार को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट ब्लॉक के लिए खंडासा को प्रथम, मयाबाजार को द्वितीय व रुदौली को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. मदन बरनवाल को सर्वाधिक महिला नसबंदी 434 करने के लिए पुरस्कृत किया गया। बेस्ट आशा का पुरस्कार आरती चौरसिया को मिला, जबकि रेखा देवी व मालती वर्मा को क्रमश: द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रसव के पश्चात आईयूसीडी लगाने में पुष्पा पाल प्रथम, मीना तिवारी द्वितीय व सुमनलता को तीसरा पुरस्कार मिला। रामेश्वर त्रिपाठी को जनपदीय परिवार नियोजन मैनेजर के लिए अलंकृत किया गया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति का अनावरण

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : मया बाजार में स्थित द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज के द्वार पर बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्मराज सिंह का मूर्ति अनावरण हुआ। मुख्य अतिथि महामंत्री विश्व हिंदू परिषद पंकज ने कहा कि बाबू धर्मराज सिंह 'भाई जी' के नाम से प्रख्यात थे ।विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य हरीओम पाण्डेय मौजूद रहे। पद्मसेन चौधरी, अवधेश पांडेय बादल, रमाशंकर सिंह, कमला शंकर पांडेय, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे ।संचालन ध्रुव गुप्ता ने किया।

बस की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : थाना महाराजगंज पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत स्थानीय बाजार में बुधवार को ब्लॉक चौराहे पर रोडवेज की बस व बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार युवती की मौत हो गई। गोसाईगंज के मानपारा निवासी रामानंद पांडेय पत्नी को बाइक से लेकर अयोध्या से बुधवार दोपहर घर वापस जा रहे थे कि बाजार क्षेत्र में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। पत्नी रीता पांडेय सड़क पर गिर पड़ी। सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ड्राइवर व बस को कब्जे में ले लिया गया है।

न्याय यात्रा में शामिल होने अमेठी जाएंगे कांग्रेस के कार्यकर्ता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गाँधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अमेठी जनपद में शामिल होंगे। प्रदेश सचिव ने बुधवार को पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

जिला प्रभारी व प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडे ने कहा कि असम प्रान्त से राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। जिले के कार्यकर्ताओं को इस यात्रा में शामिल होना है। इसके लिए उन्होंने जिले के प्रत्येक विधानसभा को चार सेक्टर में बांटकर प्रभारी नियुक्त किए। फैजाबाद लोकसभा के पार्टी प्रभारी मनोज तिवारी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर जिमेदारी सौंपनी होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव और संचालन कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्र होंगे। यहीं से सब प्राइवेट व निजी साधनों से अमेठी के लिए रवाना होंगे ।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, पीसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, शिवपूजन, राम अवध, इरफान आदि मौजूद रहे।

न्याय यात्रा को लेकर बैठक करते जिला व लोकसभा प्रभारी।

भूमि विवाद में मारपीट तीन लोग घायल

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गौहनिया गांव में पशु शाला के निकट भूमि विवाद को लेकर बुधवार को दो पक्षों में लाठी-डंडे से मारपीट के बाद ईंट गुम्मा चला। जिसमें दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। जैसराज और मंसाराम के बीच जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज हुआ। बाद में दोनों पक्ष की महिलाओं ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडा से हमला कर दिया। भगदड़ मचते ही दोनों पक्ष की महिलाओं ने ईंट गुम्मा चला दिया। घटना में दो महिलाओं के सिर फट गए हैं। गंभीर रूप से घायल जैसराज की पत्नी, जैसराज वर्मा, मंशाराम शामिल हैं। जैसराज की पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

पदक से सम्मानित हुए शूटिंग खिलाड़ी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: नगर के एम टेन एक्स शूटिंग रेंज में हुई राष्ट्रीय स्तरीय ओपेन शूटिंग तीन दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विशाल सिंह ने बुधवार को विजेताओं को मेडल व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। रेंज के कोच पूर्व सेना कैप्टन दिनेश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर, आगरा, मेरठ, बागपत, लखनऊ, प्रयागराज व अयोध्या के 270 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अयोध्या के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 14 मेडल हासिल किए। इनमें एयर रायफल्स में शिवम सिंह स्वर्ण पदक के साथ चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स रहे। इसके अलावा एयर पिस्टल में जिले के डॉ. भुवन, भास्कर पाण्डेय, चंदन सिंह, अर्जुन सिंह, आर्यन मौर्य व साक्षी ने स्वर्ण पदक, विनीत तिवारी ने रजत, विशाल सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, पार्षद चंदन सिंह सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

हालात 1792 परिषदीय विद्यालयों के 8262 शिक्षकों ने नहीं अपलोड किए ऑनलाइन शिक्षण के कंटेंट

दीक्षा एप बना मजाक, सिर्फ 434 शिक्षकों ने दिखाई रुचि

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : शिक्षा मंत्रालय की ओर से डिजीटल शिक्षण के लिए जारी दीक्षा पोर्टल एप को लेकर जिले की बदरंग तस्वीर सामने आई है। जिसके चलते डिजीटल शिक्षण व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। तमाम प्रशिक्षण और निर्देश के बाद भी जिले में डिजीटल शिक्षण की योजना मूर्तरूप नहीं ले पा रही है।

बेसिक शिक्षा कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने दीक्षा पोर्टल एप पर कोई रुचि नहीं दिखाई है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से निगरानी रिपोर्ट में भी इसका खुलासा किया गया है। जिसे लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ा पत्र भी जारी किया है।

हालत यह है कि जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों के करीब 8696 शिक्षकों में से सिर्फ़ 434 ने इसका इस्तेमाल किया है, 8262 शिक्षकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से दीक्षा ऐप पर उपलब्ध कराए गए 16748 डिजीटल शिक्षण कंटेंट में से मात्र 1946 कंटेट ही अपलोड कर बच्चों को पढ़ाया गया है, 14802 कंटेट जारी ही नहीं किए गए।

DIKSHA

फरवरी माह में लक्ष्य 16748 में से मात्र 1946 कंटेंट हुए अपलोड

शिक्षा मंत्रालय की ओर से निगरानी रिपोर्ट में खुलासा

दीक्षा ऐप पर विद्यालयों की मैपिंग भी नहीं की गई

रिपोर्ट के अनुसार कुछ विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा ही दीक्षा ऐप पर प्रोफाइल में जा कर विकास खंड व विद्यालयों की मैपिंग की गयी है। अवशेष शिक्षकों द्वारा मैपिंग ही नहीं की गई। उनका डाटा रिपोर्ट में अनेक मैपड के रूप में प्रदर्शित हो रहा है। ऐसे शिक्षकों/विद्यालयों का डाटा भी रिपोर्ट में प्रदर्शित नहीं हो रहा है जिन शिक्षकों द्वारा दीक्षा प्रोफाइल में मैपिंग तो की गई है लेकिन माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में उनके द्वारा दीक्षा ऐप पर कोई कन्टेन्ट प्ले ही नहीं किया गया है।

> सभी को निर्देशित किया गया है कि दीक्षा ऐप पर प्रोफाइल में जा कर विद्यालय व विकास खंड की मैपिंग करें। शिक्षकों द्वारा कक्षा-शिक्षण में डिजिटल कंटेंट का प्रयोग किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। -संतोष कुमार राय, बीएसए।

नेशनल मास्टर गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता।

गोवा नेशनल मास्टर गेम शूटिंग में जिले को मिले आठ मेडल

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गोवा में आयोजित नेशनल मास्टर गेम्स की शूटिंग स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने आठ मेडल अपने नाम किए। शानदार प्रदर्शन पर अयोध्या टीम का गोवा में सम्मान हुआ। गोवा शूटिंग प्रतियोगिता प्रभारी व अयोध्या टीम कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगता में देश के विभन्न राज्यों सहित अन्य देशों के भी शूटिंग खिलाड़यों ने प्रतिभाग किया। जिले के पदक विजेताओं में आरटीओ ऋतु सिंह ने एक स्वर्ण, एक रजत पदक, बीएसए राम सागरपति त्रिपाठी ने दो स्वर्ण पदक, ब्लॉक पीटीआई अजय सिंह ने एक स्वर्ण, एक रजत, देवेश कुमार ने एक स्वर्ण व प्रो. धीरेन्द्र मणि सिंह ने एक रजत पदक प्राप्त किया। पदक हासिल कर लौटी कोच वर्मा सहित टीम का स्वागत किया गया।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

जिला अस्पताल से जांच के लिए सात नमूने लिए

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बुधवार को सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा की टीम ने जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए संचालित रसोई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पका चावल, पकी सब्जी, कढ़ी, पकी मसूर की दाल और गेहू के रोटी समेत कुल सात निगरानी नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेज दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिला अस्पताल के रसोई में साफ-सफाई व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिया है।

हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अनियंत्रित कार की टक्कर से घायल पवन कुमार की ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जहांगीरगंज के मंसूरगंज निवासी 55 वर्षीय पवन कुमार गत 11 फरवरी को अपने घर से साइकिल से जहांगीरगंज की तरफ जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दिया था। जिसमें वह घायल हो गये थे। घायल पवन को स्थानीय लोगों ने सीएससी जहांगीरगंज पहुंचाया गया, जहां से पहले जिला अस्पताल फिर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घायल के पुत्र रामकिशन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं, गंभीर अवस्था में इलाज के दौरान तीन दिन बाद अस्पताल में ही उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह के मुताबिक घायल की मौत की जानकारी मिली है, अब पहले से दर्ज मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की धारा भी जोड़ दी जाएगी।

महिला थानाध्यक्ष ने पति-पत्नी का विवाद सुलझाया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी ने महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया। थानाध्यक्ष वन्दना अग्रहरी और महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

तंबाकू बेचने आया युवक लापता

आलापुर, अंबेडकरनगर। तंबाकू बेचने आया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। स्थानीय पुलिस ने मामले में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। योगेंद्र निषाद (25 वर्ष) पुत्र हीरालाल निवासी देवरिया बुजुर्ग थाना राजेसुल्तानपुर मंगलवार को जहांगीरगंज बाजार में तंबाकू बेचने आया था और बाजार में दुकान लगाकर अपनी बाइक वहीं खड़ीकर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता युवक के पिता हीरालाल निषाद ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, गायब युवक का मोबाइल फोन बंद आ रहा है।

युवक के शव मिलने के 12 घंटे बाद पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

पैसे के लेनदेन को लेकर हुई थी युवक की हत्या, मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर।

सकरावल एकता मैदान में शव मिलने की सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक व साथ में सीओ।

अमृत विचार। बुनकर नगरी टांडा में बुधवार को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने शव मिलने के 12 घंटे बाद ही हत्या का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त सलाहुद्दीन के रूप में किया। शव मिलने की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, सीओ संजय नाथ तिवारी, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी हासिल किया। टांडा कोतवाली क्षेत्र के सकरावल एकता मैदान में सुबह लोगों ने खून से लथपथ 16 वर्षीय युवक का शव देखा। सूचना मिलने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराया तो शव सलाहुद्दीन का निकला। जिसके बाद पुलिस मामले की एक-एक कड़ी को जोड़ते हुए जांच-पड़ताल में जुट गई। बीती रात्रि गुफरान नामक युवक द्वारा टांडा कोतवाली पुलिस को सूचना दिया था कि उसे सलाहुद्दीन ने चाकू मार कर घायल कर दिया है। पुलिस ने गुफरान को मेडिकल के लिए भेज दिया था और सलाहुद्दीन की तलाश में जुट गई थी। लेकिन सुबह 16 वर्षीय सलाहुद्दीन पुत्र खलीलुल्लाह खान निवासी छज्जापुर का शव एकता मैदान नैपुरा सकरावल में बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मृतक और हत्याभियुक्तों के बीच उधारी के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद गुफरान ने बीती रात्रि पुलिस को भ्रमित करने के लिए सूचना दी थी। जबकि गुफरान, शादान व गोलू ने मिलकर सलाहुद्दीन की हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने बरामद किया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक मोलहेराम, कांस्टेबल चमन सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार मौर्या शामिल रहे।

एसपी ने लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, टांडा पुलिस संयज नाथ तिवारी, टांडा कोतवाली निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, थानाध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर आमजनों को सुरक्षा का विश्वास दिलाया।

मुकदमा दर्ज कर की जा रही विधिक कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि रुपए के लेनदेन को लेकर युवक की हत्या की गई। तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मूकबधिर से शादी कर बेचने के मामले में दो लोगों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मूकबधिर को बहला फुसलाकर शादी करने के पश्चात दूसरे के हाथ बेचने के मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव का ही एक युवक राजीव कुमार ने एक मूक बधिर युवती को बहला फुसला कर कोर्ट में शादी कर लिया, इसके बाद कई महीनों तक उसे लेकर बाहर रहा। इसके बाद वह जलालपुर कोतवाली के बगल छोड़कर उसे भाग रहा था। जिसे लोगों ने पकड़ कर सुलह समझौता कराया। इसके बाद दोनों साथ रहने लगे। इसी बीच उसका पति राजीव कुमार कोतवाली क्षेत्र के पेठिया गांव में दोनों पैर से दिव्यांग सूर्यभान निवासी पेठिया के हाथों बेच दिया। जिसकी सूचना परिजनों को कई माह बाद लगी। परिजनों ने मामले की सूचना जलालपुर कोतवाली में तहरीर देकर किया। फिलहाल पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है और साथ ही विकलांग दूसरे पति सूर्यभान को भी हिरासत में ले दिया। पुलिस ने आरोपी राजीव कुमार व सूर्यभान के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया कि युवती का मेडिकल परीक्षण आदि कराया जा रहा है। मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

शिविर में 16 लोगों ने किया रक्तदान

रक्तदानियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित।

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। 14 फरवरी को पुलवामा शहीदों की याद में और बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नरेंद्र देव स्पोर्ट्स क्लब फाउंडेशन द्वारा मंगलम मैरिज हॉल जलालपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदानियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। 16 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव राजेंद्र गोंड़ ने बताया कि रक्तदान कराने का उद्देश्य युवाओं को जोड़कर किसी की जिंदगी बचाना है। संस्था के तरफ से जीवनप्रकाश तिवारी, सुलभ वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। रक्तकोष विभाग के तरफ से डॉ. सिद्धांत त्रिपाठी, पीआरओ बिंदेश्वरी प्रसाद, काउंसलर दीपक नाग, लैब टेक्नीशियन राजकुमार, सत्यम मिश्रा, रामनिवास, आंचल विश्वकर्मा, आरुषि, अमन शुक्ला, रमेश, शिव बहादुर मौजूद रहे।

पूजन-अर्चन कर धूमधाम से बनाया बसंत पंचमी का पर्व

जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर में सरस्वती पूजन करते प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा।

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बसंत पंचमी के मौके पर अग्रणी शिक्षण संस्थान जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर में सरस्वती पूजन के साथ विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय परिसर में सुंदरकांड पाठ के उपरांत हवन और सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि माता ही बच्चों की प्रथम शिक्षिका होती हैं। कार्यक्रम में प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थान का यह प्रयास है कि प्रत्येक छात्र को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जा सके। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ उपाध्याय, प्रधानाचार्य दीपक चंदेल, प्रधानाचार्य दीपिका श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, संतोष त्रिपाठी, प्रभाकर मिश्र समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का किया गया पूजन

सम्मनपुर, अंबेडकनगर। क्षेत्र के आसपास के विद्यालयों में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मनपुर, सिकंदरपुर, बरियावन सहित आसपास के विभिन्न विद्यालय में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा के साथ-साथ बसंत पर्व का भी आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर कल्याणपुर नवदीप विद्यालय बरियावन राम अवध शिक्षण संस्थान शिवपुर आदि स्कूलों में बच्चों को इस पर्व की महत्ता के बारे में बताते हुए प्रसाद वितरण किया गया।

हजरत इमाम हुसैन का मानवता का संदेश विश्व में फैलाने की जरूरत

▸▸ सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया हजरत इमाम हुसैन का जन्मदिवस

जलालपुर, अंबेडकरनगर। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का जन्मदिवस नगर और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न अंजुमनों व संगठनों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर नगर के जाफराबाद मोहल्ला स्थित बड़े इमामबाड़ा में अंजुमन अब्बासिया के बैनर तले जश्न शहंशाह-ए-कर्बला का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक चले तरही महफिल-ए-मकासिदा में फिदवी लखनवी, वहदत जौनपुरी, नकी बनारसी, कायम आजमी यावर उन्नावी, अबुल हसन नकवी, आजाद परिंदा, मौलाना रमजान अली, रहबर सुल्तानी, अंसर जलालपुरी, अजहर कायमी समेत अन्य शायरों ने अपने कलाम से हजरत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व पर कसीदा पढ़ा। संचालन गुलजार मौलाई व मास्टर कुमैल अब्बास ने किया। इसी कड़ी में हुसैनी मिशन कमेटी के तत्वावधान में आयोजित जश्न-ए-आफताब-ए-इंसानियत में भारी संख्या में लोगों ने आपसी सहयोग व भाई चारा बनाये रखने का संकल्प लिया। दिल्ली से पधारे मौलाना गजनफर अब्बास तूसी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन का मानवता का संदेश पूरे विश्व में फैलाने की आवश्यकता है। जिससे समाज में फैली कटुता का विनाश किया जा सके। मौलाना सय्यद हैदर मेंहदी रिजवी ने हजरत इमाम हुसैन का भारत के प्रति लगाव को उकेरा। उन्होंने कहा इमाम हुसैन ने कर्बला जाते समय यजीदी लश्कर द्वारा रास्ता रोके जाने पर भारत जाने की तमन्ना की थी, क्योंकि अपने देश में शांति प्रिय लोग निवास करते हैं। सायं के जलसे को मौलाना सय्यद उरूजुल हसन मीसम लखनऊ व मौलाना सैयद जाफर रिजवी ने खिताब किया। कार्यक्रम में मौलाना हैदर मेहदी, मोहम्मद मेहंदी, मुजम्मिल अब्बास, मास्टर हसन अब्बास, मौलाना अकबर अली वाइज, मास्टर बेलाल अहमद, काजिम रजा, हैदर मेहदी, मशहद जलालपुरी सहित अंजुमन मासूमिया का सहयोग रहा।

भाजपा ने पूंजीपतियों के लिए काम किया : कैलाश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। भाजपा और मोदी सरकार के दस साल देश के युवाओं, किसानों, बेरोजगारों, बहन-बेटियों के लिए अन्याय काल साबित हुआ। उप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव और जनपद प्रभारी कैलाश चैहान जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार ने पूंजीपतियों के लिये काम किया। भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल कर संरक्षण दिया। जनपद प्रभारी कैलाश चैहान ने पुलवामा कांड की वर्षी पर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सेना को अग्निपथ योजना लाकर कमजोर किया। देश की रक्षा करने वालों से शहीद का दर्जा छीनने की साजिश की। एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और कील कांटे की बैरीकेड लगाएं। कांग्रेस इसकी घोर निंदा करती है और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगुवाई कर रहे राहुल गांधी ने कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों के लिए न्याय और एमएसपी देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने किसान न्याय, जवान न्याय, सामाजिक न्याय, युवा न्याय की घोषणा की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा उप्र में सैय्यद राजा चंदौली पहुंच रही है। जनपद के कांग्रेसजी चंदौली में स्वागत करेंगे और 19 फरवरी को सायंकाल अमेठी पहुंचकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

निर्माणाधीन कार्यों को जल्द किया जाए पूर्ण

▸▸ डीएम ने कलेक्ट्रेट व न्यायालय परिसर के बीच निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह और साथ में बार अध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर और न्यायालय परिसर के बीच कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क, कचेहरी रोड, निर्माणाधीन पार्किंग स्थल, सड़क, जिला पंचायत कार्यालय, सदर तहसील आदि स्थलों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी कार्यालय, न्यायालय, विकास भवन, जिला अस्पताल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, तहसील सदर, जिला पंचायत आदि महत्वपूर्ण कार्यालय स्थापित होने के कारण लोगों का आवागमन बना रहता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके चलते जिलाधिकारी के सराहनीय प्रयास से सड़क का चौड़ीकरण, सौंदरीकरण व अन्य कार्य के संबंध में वहां उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

बता दें कि टांडा मार्ग पर जिलाधिकारी आवास से पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट तक पीली और तिरंगे की रोशनी में रोड लाइट व आसपास परिसर चमक रहा है, यह परिसर प्रतिदिन दिन ढलते ही आभा बिखेरने लगता है। रात में भी दिन जैसी भव्यता दिखती है। मुख्य मार्ग से कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने पर जगमग होता प्रवेश द्वार लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। वहीं दोनों ओर लाइटें और कलेक्ट्रेट का दूसरा प्रवेश द्वार भी लाइटों से जगमग होता रहता है। अतिक्रमण वाला स्थान आज पार्क में बदल चुका है। दोनों तरफ आवागमन की सड़क और पार्क के चारों तरफ लगी लाइटें सुंदरता में चार-चांद लगा रही हैं।

फरियादी की सुनीं समस्याएं

जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित फरियादी से उनकी समस्याओं को सुना और उपजिलाधिकारी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

निरीक्षण में ये भी रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार अकबरपुर, बार अध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी, अधिवक्ता मनोज पांडेय, शिवकांत पांडेय, अरविंद सिंह, पंकज तिवारी, अतुल प्रकाश तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता मौके पर मौजूद रहे।

पति समेत सास-ससुर पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

जलालपुर, अंबेडकरनगर। विवाहिता ने पति समेत सास, ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनगांव निवासी नीतू ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे पिता ने दो वर्ष पूर्व ग्राम लालापुर कोतवाली अकबरपुर रणविजय पुत्र रामधनी से शादी किया था। अब वह लोग दो लाख रुपए नगद, एक गाड़ी की लगातार मांग कर रहे है। मेरे पिता ने दहेज की रकम व मोटरसाइकिल देने में असमर्थता जताई तो पति, ससुर रामधनी, सास शारदा देवी आए दिन मुझसे मारपीट करते रहते और एक सप्ताह पहले मायके भेज दिया। उन्होंने धमकी दिया है कि अब जब भी ससुराल आना तो दहेज की रकम लेकर आना अन्यथा मत आना। पीड़िता ने जलालपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर पति रणविजय समेत सास और ससुर पर खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:
कार्य का नाम : समइं/बलिया के कार्य क्षेत्र में सीसेइं/बलिया के तहत छपरा-औडिहार खंड में सीटीआर (पी) (1.5) कि.मी. और अन्य ट्रैक सम्बन्धित विविध कार्य, ई-निविदा सूचना सं. : एनईआर-बीएसबी-2023-226, अनुमानित लागत (₹) : 1,24,33,997/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 2,12,200/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 12.03.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-226 दिनांक 12.03.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-542
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना महरुआ पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी नाबालिग पुत्री को ग्राम अतरौरा में कलश यात्रा में जाने के उपरान्त घर वापस नहीं लौटने के सम्बन्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया था। थाना महरुआ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र राजेश सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ककरही बेलवा बाजार थाना मड़ायाहु जनपद जौनपुर को ग्राम सेमरी मोड़ से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामबली सिंह यादव, कांस्टेबल अभिषेक सिंह, महिला कांस्टेबल साधना शर्मा शामिल रहीं।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं:- क्रं सं०:-1, निविदा सूचना संख्या:- ई-निविदा-एल-31-23-24, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल में ऊर्जा दक्षता और हरित ऊर्जा कार्य के लिए विद्युत कार्य।, अनुमानित लागत (रु.):- 5492108.14, अमानत राशि (रु.):- 109900.00, कार्य समापन अवधि:- 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 07.03.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 07.03.2024 14:30 बजे, क्रं सं०:-2, निविदा सूचना संख्या:- ई- निविदा-एल- 32-23-24, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल के रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न क्षमताओं के सौर संयंत्रों (रुफ टॉप) का प्रावधान।, अनुमानित लागत (रु.):- 61481748.50, अमानत राशि (रु.):- 457400.00, कार्य समापन अवधि:- 180 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 07.03.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 07.03.2024 14:30 बजे, क्रं सं०:- 3, निविदा सूचना संख्या:- ई-निविदा-एल-33-23-24, कार्य का नाम (हिन्दी):- वाराणसी मंडल के 45 स्टेशनों पर प्लेटफार्म पर 30% और 70% प्रकाश को अलग करना और विभिन्न सेवा भवनों में 50% कन्वेंशनल पंखे को बीएलडीसी पंखे से बदलना।, अनुमानित लागत (रु.):- 10845223.07, अमानत राशि (रु.):- 204200.00, कार्य समापन अवधि:- 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय:- 07.03.2024 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 07.03.2024 14:30 बजे, उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजिनियर/सामान्य वाराणसी
मुजाधि/विद्युत-268
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

तैयारियां

केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने किया संबोधित

भाजपा का जनप्रतिनिधि न होने से विकास कार्य प्रभावित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

बैठक को संबोधित करते लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू।

अमृत विचार। भाजपा ने लोकसभा की चुनावी मैदान में दुंदुभी बजाते हुए अपने केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया।

बुधवार को जिला मुख्यालय के टांडा रोड स्थित भाजपा के लोकसभा चुनाव की केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने लक्ष्मी-गणेश की विधि विधान से पूजन-अर्चन कर एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ किया। मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की अच्छी संरचना और दृढ़ संकल्पित इच्छा शक्ति से कार्यकर्ता इस बार लाखों मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाएंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार में अंबेडकरनगर जनपद से भाजपा का जनप्रतिनिधि नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की ऐतिहासिक विकास और जनहित के कार्यों की वजह से तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने संगठन की मजबूत संरचना और कार्यक्रमों से अपने संबोधन का शुरुआत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यदि एक-एक मतों पर अपना ध्यान केंद्रित कर दे तो दुनियां की कोई ताकत नहीं है जो लाखों मतों से भाजपा प्रत्याशी की जीत को रोक सके। बैठक का संचालन लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने किया।

कार्यक्रम में ये रहे शामिल

केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, चेयरमैन ओमकार गुप्ता, चेयरमैन गोसाईगंज विजय लक्ष्मी जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी वाल्मीकि उपाध्याय आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-4-सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।
पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्ष: मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष:-मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव: मो0 शायबा हम्फी ऐ-504/1-बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष: मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना
पहले मेरा नाम ARUN था अब मैने बदलकर अपना नाम ARUN KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O: INDAL, VILL AND POST BANI JAISINGHPUR SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228131

सूचना
सूचित हो कि मैं शालनी देवी पत्नी अजय सिंह, निवासी- सिलहरा तहसील सिकंदरा जिला कानपुर देहात, मेरा खाता औरैया के एक्सिस बैंक में ज्वाइंट खाता है। जिसमें मेरा नाम SHALINI DEVI w/o AJAY SINGH त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है जबकि मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड के अलावा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में SHALANI DEVI अंकित है जो कि सही है। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

हत्यारोपी के घर पुलिस का पहरा, गांव में पसरा सन्नाटा

छपिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई गोलीबारी की वारदात से सहमे हैं महुलीखोरी पांडेयपुरवा गांव के लोग

अमृत विचार फॉलोअप

मसकनवा, गोंडा

अमृत विचार: छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा में बुधवार को सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार को हुई गोलीबारी के बाद गांव के लोग सहमें है। इस वारदात के बाद गांव में पुलिस फोर्स कैंप रही है और हत्यारोपी के घर पर भी पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। वहीं पीडित बाबूराम जायसवाल के घर पर बुधवार को भी मातम छाया रहा। परिवार के सदस्य अब भी दहशत में हैं। मंगलवार की घटना याद कर वह सिहर उठते हैं।

महुलीखोरी गांव में हत्यारोपी के घर तैनात पुलिसकर्मी। अमृत विचार

हत्यारोपी फौजी सीताराम यादव।

अमनदीप के घर मौजूद परिजन और रिश्तेदार। अमृत विचार

मजरे पांडेय पुरवा के रहने वाले बाबूराम के बेटे अमनदीप की मंगलवार को शादी थी। शाम को बारात जानी थी। परिवार और रिश्तेदार बारात जाने की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच गली में टिन शेड लगाए जाने से नाराज गांव के एक सिरफिरे फौजी सीताराम यादव उर्फ गब्बर ने बाबूराम जायसवाल के घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ गोलीबारी करते हुये एक महिला को मौत के घाट उतार दिया था। जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए थे। रामदेव व दीपक को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय से केजीएमसी लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने हत्यारोपी सीताराम उर्फ गब्बर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में दहशत है। घटना के बाद बाबूराम का परिवार सहमा हुआ है। गांव में पुलिस कैंप कर रही है। हत्यारोपी और पीड़ित के घर पर भी पुलिस पहरेदारी कर रही है। बुधवार को सीओ मनकापुर आरके सिंह ने गांव में हालात का जायजा लिया।

हत्यारोपी के घर चले बुलडोजर: घटना से अमनदीप के परिजनों और रिश्तेदारों में डर के साथ आक्रोश भी है। दूल्हा अमनदीप उसकी मां शकुंतला देवी, चाची कमला देवी, रीता देवी, बुआ दाया देवी सहित परिजनों और ग्रामीणों में घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करे। साथ ही उन्होने हत्यारोपी सीताराम यादव उर्फ गब्बर के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग की है।

दो युवकों की गिरफ्तारी के साथ एक और केस दर्ज

करनैलगंज, गोंडा: नहर की पटरी पटाई के दौरान जेसीबी चालक को खाना देने गए युवक की पिटाई के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं घायल युवक का इलाज अभी भी लखनऊ में चल रहा है। मामले में पीड़ित परिवार की तरफ से धमकी देने का एक और मुकदमा कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है।

बीते एक सप्ताह पहले कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के हटही गांव के पास नहर पटरी के पटाई के दौरान कुछ लोगों ने जेसीबी चालक को पीटना शुरू कर दिया। वहां मौजूद ग्राम नगवा कला निवासी राकेश सिंह के बेटे राज सिंह को भी लोगों ने बेरहमी से पीटा था। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

मामले में पुलिस ने कई गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। उसके बाद पीड़ित परिवार पर लगातार मुकदमें में सुलह करने का दबाव पड़ रहा था। पीड़ित परिवार के तहरीर पर पुलिस ने धमकी देने का दूसरा मुकदमा दर्ज किया। पुलिस दोनों मुकदमे में वांछित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ का कहना है कि ग्राम नहवा परसौरा निवासी नकछेद व शिवम शुक्ला को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

हे शारदे मां...अज्ञानता से हमें तार दे मां

बसंत पंचमी पर संस्थाओं और घरों में हुआ मां सरस्वती का पूजन, विद्या की अधिष्ठात्री देवी से मांगा आशीर्वाद

बसंत पंचमी पर धानेपुर में पितृ पूजन करते बच्चे। अमृत विचार

झालीधाम में पूजन करते विधायक।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को सरस्वती मां का चित्र भेंट करते लोग। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: वसंत पंचमी का पर्व बुधवार को जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजन कर उनकी आराधना की गई। शिक्षण संस्थानों, मंदिरों व घरों में मां सरस्वती का पूजन कर ऋतुराज वसंत का स्वागत किया गया। स्कूलों में विधि विधान से हवन-पूजन किया गया और मां सरस्वती की आराधना की गई। बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह रहा। जगह-जगह लोगों ने मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की।

वसंत पंचमी को हिंदू पंचांग के अनुसार सबसे शुभ दिन माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। वसंत पंचमी के दिन ब्रहमा जी ने मां सरस्वती का सृजन किया था। यही वजह है कि इस दिन सभी सनातन अनुयायी, मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं।वसंत पंचमी के मौके पर गुरुवार को जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। शिक्षकों व बच्चों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया और उनकी आराधना की।

खरगूपुर के झालीधाम मंदिर में महंत नरसिंह दास के साथ ही आशीष त्रिपाठी व रविंद्र कश्यप ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। असिधा गांव के माया देवी कृपाला इण्टर कॉलेज में विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की गई। आचार्य सुधीश पाण्डेय ने बताया कि सृष्टि की रचना के बाद ब्रह्मा जी का मन खिन्न था। तब ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल छिड़ककर एक दिव्य नारी शक्ति का प्राकट्य किया। जिससे संगीत का आविर्भाव हुआ।

कार्यक्रम में डा मनोज गौतम, राजेश गौतम, मनोज सोनकर, अवनीन्द्र निर्मल, सोनू, देव कुमार सहित दर्जनों छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहीं। परसपुर क्षेत्र में भी बुधवार को विद्यालयों, शैक्षिक संस्थानों में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन की धूम रही। परसपुर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य श्याम नाथ पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके विद्या दायिनी देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया।

शिक्षक विजय बहादुर सिंह, प्रेमनाथ पाण्डेय, बलवीर सिंह, माधव राज यादव, अवनीश कुमार, नंदनी सिंह संगीता समेत छात्र छात्राओं ने विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन वंदन किया। इस दौरान बच्चों ने साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षक प्रेमनाथ पाण्डेय ने वसन्तोत्सव पर्व व मां सरस्वती का गुणगान किया। शहर के वाणी विद्या मंदिर प्रांगण मे मां सरस्वती का भव्य पूजन किया गया. मुख्य संरक्षक पद्मा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती मंदिर मे हुए धार्मिक कार्यक्रम का संचालन किया। आरती और हवन पूजन के बाद प्रिन्सिपल पूजा श्रीवास्तव ने बच्चों मे प्रसाद वितरण कराया। तनु मिश्रा और आरुषि मिश्रा की बनाई रंगोली विशेष रूप से सराही गई। बड़ी संख्या मे बच्चे, अभिभावक और शिक्षक मौजूद रहे।

मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में भावुक हुए अभिभावक

धानेपुर : शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ मुजेहना के माता बदल मेमोरियल इंटर कालेज में मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संरक्षिका आभा मिश्रा व प्रबंधक खेमराज मिश्रा ने देवी माँ सरस्वती की पूजा की। अभिभावक एवं शिक्षकों ने पुष्प अर्पित किया। बच्चों ने भी माँ को नमन किया। विद्यालय में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर संजय सिंह, अनुज मिश्रा, उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, प्रधानाध्यापक जगत पाल वर्मा, नन्दना सिंह, आशीष गुप्ता, पवन गुप्ता, उत्कर्ष मिश्रा, देवेन्द्र वर्मा, यमुना पाण्डेय, प्रेम प्रकाश, रेशमा, डिम्पल, रागिनी, सहित पूरा विद्यालय परिवार अभिभावक उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी और वार्षिकोत्सव मनाया

नवाबगंज : नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के रीवां गांव में स्थित जंग बहादुर लाल बनवारी लाल स्मारक इंटर कालेज में बुधवार को स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। बसंत उत्सव के शीर्षक से आयोजित इस समारोह की शुरुआत पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री और नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिंह ने ज्ञान की देवी माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम की शुरुआत किये। प्रबंधक सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ देकर किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति से पूर्व अतिथियों द्वारा विधालय के संस्थापक के मूर्ति पर शास्त्री ने माल्यार्पण किया।

सांसद को भेंट की वीणापाणि का चित्र

सरस्वती विद्या मंदिर माधवपुरम बड़गांव में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक दीपेश रहे। सांसद ने कहा कि यह पर्व विद्या देने वाले देवी का है सभी विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ। विद्यालय के छात्रोंओ ने सांस्कृतिक प्रस्तुत किया। इस दौरान भाजपा युवा नेता चंद्रमौली मिश्रा ,प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व अन्य लोग मौजूद रहे।

बल्ली लगाने के विवाद में पिता और पुत्र समेत चार पर हमला

कटरा बाजार, गोंडा

अमृत विचार: सर्वांगपुरपुर के पैदामी पुरवा गांव में घर के पीछे बल्ली गाड़ने को लेकर हुए विवाद में दो महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हमले में पिता-पुत्र सहित चार पर जानलेवा हमले सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के सर्वांगपुर पुर के मजरे पैदामी पुरवा निवासी मोहम्मद वसीम ने मंगलवार की देर शाम को दर्ज करायी रिपोर्ट में कहा है कि उसके गांव के मुस्तकीम, फुरकान, ख़लील व सब्बर घर के पीछे सड़क पर गड्ढा खोदकर बल्ली लगा रहे थे। उसके मना करने पर प्रतिवादी गण लाइसेंसी गन से फायरिंग कर हमला कर दिया व लाठी डंडों से मारपीटा गया। आरोप है कि हमले में मो.वसीम, खलकुन निशा, बानो व आसिफ को गंभीर चोटें आयीं। मोहम्मद वसीम ने आरोपी मुस्तकीम, फुरकान, खलील व सब्बर के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर एक आरोपी मुस्तकीम को गिरफ्तार किया गया है।

किशोर की हत्या में युवक गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा: दो माह पहले कौड़िया के बनगाई चकई पुरवा गांव में भैंस चराने को लेकर हुई मारपीट में राम जागे के पुत्र राजकुमार निरहू की हुई मौत के केस में आरोपियों में से एक और आरोपित कृष्ण कुमार ननके को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस प्रकार से इस मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि इस घटना में नामजद आरोपित में से नागेश्वर, ओम प्रकाश, मुरलीधर तथा शिवकुमार को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस घटना में अन्य आरोपियों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

नेशनल इंस्पायर अवार्ड के लिए महिमा चयनित

रुपईडीह, गोंडा: ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा में कक्षा आठ की छात्रा महिमा को नेशनल इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित होने पर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय तथा आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी लोगों ने छात्रा महिमा के चयनित होने पर खुशी का इजहार किया है। इन सभी लोगों ने छात्र के चयनित होने जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेक पाठक की भी सराहना की है।

सार-संक्षेप

शिविर में 300 विद्यार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय : विकास खंड झंझरी के कंपोजिट विद्यालय छावनी सरकार में लायंस क्लब सेवा की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 300 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक रीता मिश्रा ने बताया कि 300 छात्र-छात्राओं के खून का नमूना लेकर टीम ने जांच की है। शिविर में लायंस क्लब गोंडा सेवा के अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्र, कोषाध्यक्ष शिवम मिश्र व सचिव बसंत नेवटिया के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया गया। परीक्षण में भारत पैथॉलाजी के डा. मृणाल पांडेय व डा. केके मिश्र का सहयोग रहा।

पूर्व प्रधान की माता के निधन से शोक की लहर

खरगूपुर, गोंडा : विकास खंड रुपईडीह की ग्राम पंचायत असिधा की पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान मदन मोहन पाण्डेय की माता नन्दनी देवी का पचासी वर्ष की अवस्था में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। प्रधान श्री पाण्डेय ने बताया कि वे पिछले चार महीने से बीमार थीं। उनके निधन पर सुधीश पाण्डेय, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमित अवस्थी, राजकुमार मिश्र, अशोक पाण्डेय, द्वारिका प्रसाद पाण्डेय, शिव महीप तिवारी, कन्हैया लाल तिवारी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

जय गुरुदेव संगत की निकाली गई शोभायात्रा

बाबा जय गुरुदेव संगत की ओर से शोभायात्रा निकालते अनुयायी। अमृत विचार

मसकनवा, गोंडा : बाबा जय गुरुदेव संगत की ओर से बुधवार को जीव जागरण धर्म यात्रा निकाली गई। इसका स्वागत कस्बे में उनके अनुयायियों ने उत्साह पूर्वक किया। वाहनों के काफिला से कस्बे में घंटों जाम लगा रहा। यात्रा गोरखपुर से चलकर मुंडेरवा, बस्ती, हरैया, बभनान, छपिया होते हुये मसकनवा पंहुची। यात्रा का उद्देश्य लोगों को शकाहार अपनाने, व्यसनों से मुक्त कर सात्विक जीवन जीने तथा आहार विहार को परिमार्जित करने के लिये प्रेरित करना है। बिफई प्रसाद, रामकुमार गुप्ता, राम अनुज वर्मा, जगप्रसाद, जग्गी, विष्णु विवेक शुक्ला, सत्यदेव, सुनील कुमार सोनी, राम जनक आदि ने काफिले पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। यात्रियों को जलपान भी कराया गया। यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुये उज्जैन नगर तक जायेगी।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

रुपईडीह : वाहन भिड़ंत में जख्मी युवक की दो महीने बाद मंगलवार को मौत हो गयी। बनगाई निवासी अंकित उर्फ ननकन (20) दो महीने पहले सड़क हादसे में घायल हो गया था। पिता राजेंद्र ने बताया कि अंकित जीविकोपार्जन के लिए ई रिक्शा चलाता था। पृथ्वी नाथ मंदिर के निकट सामने से आ रहे वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई थी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए उसे जिला मुख्यालय के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद घर पर ही उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार की देर शाम अंकित का निधन हो गया।

मारपीट और सोने की चेन छीनने का आरोप

रुपईडीह, गोंडा : खरगूपुर क्षेत्र के पूरे सिद्धि मनोहर जोत गांव निवासी ठाकुर प्रसाद ने पुलिस चौकी पिपरा बाजार के प्रभारी को तहरीर देकर कहा है कि उनके घर में कुछ लोग घुस आए और उनकी पत्नी सरोज देवी को मारपीट कर सोने की चैन छीन लिया। विरोध करने पर सभी लोग तमंचा से डरा धमका कर भाग गए। पुलिस चौकी के प्रभारी मृत्युंजय ने बताया कि मामले की जांच कर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आधा दर्जन गांवों के विकास का लिया जायजा

रुपईडीह, गोंडा : बुधवार को ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी यादव ने मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ ग्राम पंचायत बेलवा करमडीह, रज्जनपुर, भवानीपुर खुर्द, वीरपुर झलहिया तथा फत्तेगढ़ का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत सभी ग्राम पंचायत मे हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा लोकसभा निर्वाचन के लिए स्थापित मतदान केंद्रो पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल की।

कुएं में गिरने से बालक की मौत

रुपईडीह, गोंडा

अमृत विचार: कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव में मंगलवार की देर शाम एक मासूम कुएं में गिर गया और पानी में डूब गया। परिजनों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव कुएं में उतराता दिखाई दिया। आसपास के लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

कौड़िया के बनगाई गांव निवासी प्रधान बाबूराम कश्यप के मुताबिक उनका पांच वर्षीय पौत्र दिव्यांशु मंगलवार की शाम को घर से निकलकर पड़ोसी के घर चला गया था। कुछ देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गयी। इसी बीच घर के बगल स्थित कुएं में उसका शव उतराता दिखाई दिया तो घर में कोहराम मच गया। गांव के लोग मौके पर पहुंचे और दिव्यांशु को बाहर निकाला।

पिता राजू कश्यप ने बताया कि उपचार के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य रुपईडीह ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि दिव्यांशु खेलने के दौरान कुएं की तरफ चला गया होगा और कुएं में गिर गया। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दिव्यांशु की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन: विभाग ने शुरू की स्टंपिंग की कवायद

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में बाट माप विभाग ने स्टंपिंग की कवायद शुरू कर दी है। जिले में 1391 मशीन आ चुकी हैं जो वर्तमान में प्रचलित कोट की सभी दुकानों पर स्थापित होंगी। मार्च से इसी मशीन से तौल कर राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न दिया जाएगा।

बता दें कि कोटेदारों पर घटतौली किए जाने का आरोप था सरकार ने इसके लिए कोटे की दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन स्थापित करने का निर्णय लिया। इस इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे को ई- पास मशीन से जोड़ दिया जाएगा। जब राशन कार्ड धारक को अपने हिस्से का पूरा खाद्यान्न मिलेगा तभी पर्ची निकलेगी। माना जाएगा कि राशन कार्ड धारक को पूरा खाद्यान्न मिल गया। जिले में करीब 1391 कोटे की दुकानें हैं। जिन पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा स्थापित होना है। इतनी संख्या में वेइंग मशीन जिले में आ गई है। जो तहसील मुख्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में बाट माप विभाग द्वारा स्टंपिंग की जाएगी और मशीन को सील किया जाएगा। इसके बाद प्रशिक्षण कोटेदारों को दिया जाएगा और फिर वितरण के लिए कोटे की दुकान पर इन मशीनों को स्थापित कर दिया जाएगा।

करनैलगंज में विभाग का मुहर लगाने के लिए निकाले गए इलेक्ट्रानिक कांटे।

बाट माप विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में स्टंपिंग की कवायद शुरू कर दी गई है। बाट माप विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मशीनों को सूचीबद्ध कर रहे हैं। साथ ही जिस कंपनी को मशीन लगाने की जिम्मेदारी मिली है, उसे स्टंपिंग करने को लेकर संपर्क साध रहे हैं। यह कार्य फरवरी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद कांटे को कोटे की दुकान पर स्थापित किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जनपद में जितने इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन की आवश्यकता थी करीब-करीब वह आ गई है। जिले में अब तक 1391 कांटो की की आपूर्ति हो गई है। अब बाट माप विभाग द्वारा स्टंपिंग की कार्रवाई की कार्रवाई शुरू हो गई है। जिसको जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। आगामी माह में इलेक्ट्रॉनिक कांटे के माध्यम से ही खाद्यान्न वितरण का आदेश शासन की ओर से है जिसका पालन करने का प्रयास किया जा रहा है।

नमन | कटरा कुटी धाम पर पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन

देश की सेवा में लगे सैनिकों का सम्मान हर भारतीय का कर्तव्य

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद में स्थित कटरा कुटी धाम पर पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर भारतीय सेवा के पूर्व कर्नल केसी मिश्रा एवं महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ। नंदिनी नगर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जुपिटर चिल्ड्रन एकेडमी एवं टैगोर मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरबगंज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन विनोद गुप्ता ने किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र सिंह पूर्व सैनिक ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पं परशुराम शर्मा ने सैनिक सम्मान समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हमारा कर्तव्य यह होना चाहिए कि हम उस सैनिक के साथ तथा उनके परिवार के साथ ऐसा व्यवहार करें कि आने वाली कई पीढ़ियां उनका सम्मान करे। कर्नल केसी मिश्रा ने कहा कि देश की सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाले सैनिकों का सम्मान करने के लिए हम सभी को तैयार रहना चाहिए। पूर्व सूबेदार पं परशुराम शर्मा ने कहा कि देश सेवा के लिए अपना तन मन धन न्योछावर करने वाले सैनिकों का सम्मान हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सूबेदार आर के पांडे, सुबेदार सुरेंद्र, नायक आर एन सिंह, सूबेदार शिव प्रताप, राइफलमैन नरेंद्र देव सिंह, नायक हेमंत कुमार सिंह, नायक कामता मिश्रा, सूबेदार आर सी उपाध्याय, हवलदार दिनेश कुमार, भवानी प्रसाद सहित डॉ अरुण सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, चंद्र किशोर शास्त्री, डॉ कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कटरा कुटी धाम पर सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

एसडीएम के ट्रांसफर को लेकर अड़े, आंदोलन जारी

मनकापुर, गोंडा: एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना के स्थानान्तरण को लेकर अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन सातवें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ता संघ के नामित अध्यक्ष श्यामलाल शुक्ल ने बताया कि एसडीएम के स्थानान्तरण के संबध स्थानीय सांसद कीर्तिवर्धन सिंह से भी अधिवक्ताओं का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिला। इसके पहले गौरा विधायक प्रभात वर्मा व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री से भी मिल कर समस्याओं से अवगत कराया है। इस मौके पर हरीराम पाण्डेय, हवलदार तिवारी, श्रवण कुमार शुक्ल, अम्बुज तिवारी, अजय कुमार शुक्ल, शिव कुमार मिश्र, अनिल कुमार द्विवेदी, नदीम जाफरी आदि लोग मौजूद रहे।

एक नजर

डग्गामारी करते रहे तीन वाहन पकड़े गए

गोंडा : मानकों को धता बताकर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे तीन वाहन परिवहन विभाग के हत्थे चढ़ गए। बुधवार को पकड़े गए तीनों वाहनों का चालान कर दिया गया है। यात्री कर अधिकारी (पीटीए) शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि रोडवेज के बगल बहराइच रोड पर पेट्रोल पंप के पास सावरिया भर रहे दो टैक्सी गाड़ियों का चालान किया गया है। जबकि एक प्राइवेट बस कर्नलगंज मे गैर निर्धारित क्षेत्र मे सवारियां भर्ती पाई गई। विभागीय कार्रवाई की गई है। अधिकारी ने बताया कि आगे भी डग्गामारी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

गैंगस्टर एक्ट के वांछितों को किया गया गिरफ्तार

करनैलगंज, गोंडा : स्थानीय कोतवाली की पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि बुधवार को अपराध निरीक्षक शम्भू सिंह ने पुलिस टीम के साथ गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त गैंग लीडर मोहम्मद अहमद पुत्र रसीद अहमद निवासी गोनवा, मोहम्मद वसीम पुत्र रसीद अहमद निवासी गोनवा, करिया यादव उर्फ सरवन पुत्र छेदी निवासी खालेपुरवा मौजा लालेमऊ थाना कोतवाली करनैलगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

तीन गांवों में गठित किया जाएगा ग्राम संगठन

रुपईडीह, गोंडा : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लाक के तीन ग्राम पंचायतों में बुधवार से ग्राम संगठन के गठन का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए तेजी से कार्य शुरू किया जा चुका है। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि इन सभी टीमों को आगामी 10 दिनों तक ग्राम पंचायत में प्रवास कर ग्राम संगठन के गठन का कार्य पूरा किए जाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत देवतहा, गौनरिया व कुरासी में टीमों को गठन के लिए भेजा गया है।

सहायक विकास अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

रुपईडीह गोंडा : ब्लॉक के रिक्त चल रहे सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पद पर महेंद्र कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि इसके पूर्व वह हलधरमऊ विकासखंड के में तैनात थे।

संजय कुमार पाठक बने रालोद के प्रदेश सचिव

गोंडा कार्यालय : राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने संजय कुमार पाठक को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। संगठन ने उनसे रालोद की विचारधारा को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की है। श्री पाठक युवा शक्ति एकीकृत ब्राह्मण महासंघ से भी जुड़े रहे हैं। इस मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

सीता की जन्म भूमि से पैदल अयोध्या पहुंचे भक्तजन

बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय भी पैदल यात्रा में शामिल, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

अयोध्या सीमा पर स्वागत से अभिभूत लोग। अमृत विचार

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: माता सीता की जन्मस्थली से पावन नगरी अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए पैदल यात्रा करते हुए मंगलवार की देर शाम श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा। अयोध्या गोरखपुर नेशनल हाईवे पर स्थित लोलपुर ओवरब्रिज पर ग्राम प्रधान गौरव सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने इस यात्रा में शामिल संत महात्माओं और अन्य लोगों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। 30 जनवरी से शुरू हुई यह यात्रा 14वें दिन पावन रामनगरी के तट पर पहुंची। रात में बाल तपस्वी नारायण दास द्वारा संगीतमय राम कथा का श्रवण भी यात्रियों और स्थानीय लोगों को रसपान कराया गया। बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय और यामिनी देवी भी इस यात्रा में कथावाचक के रूप मे सम्मिलित हैं। नील सेना के अध्यक्ष राजेश राम रमैया की अगुवाई में निकली इस यात्रा में दौ सौ पुरुष महिला श्रद्धालु शामिल हैं। लोलपुर में यात्रा का स्वागत एवं श्रद्धालुओं के भोजन और ठहराने की व्यवस्था करने वालों में गौरव सिंह, सत्य नारायण दुबे के नाम प्रमुख है।

रामलला के लिए लाए हैं उपहार

रामलला के लिए चांदी का तीर धनुष, स्वर्ण मुकुट, अंग वस्त्र का उपहार भी लाए हैं। श्रद्धालु राम मन्दिर दर्शन के लिए बिहार के मुजफ्फरपुर से निकली यात्रा में रामायण की झांकी से सजा एक रथ भी शामिल है। जिस पर प्रभु श्रीराम को अर्पित होने वाला स्वर्ण मुकुट, चांदी का तीर धनुष और अंग वस्त्र भी रखे गए हैं। बीते 14 दिनों में यात्रा पटना, हाजीपुर, मधुबनी, जनकपुर धाम, पुनौरा धाम, सीतामढ़ी, शिवहर, देकुली धाम और मुजफ्फरनगर के बाबा गरीबनाथ मंदिर से गोरखपुर, बस्ती होते हुए जिले मे पहुंची। यात्रा में शामिल मुन्ना कुमार नील सेना कार्यकारी अध्यक्ष, विकास राठौड़ नील सेना यात्रा के प्रभारी प्रदेश सचिव व सतीश मिश्रा नील सेना के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, बाल तपस्वी नारायण दास जी महाराज नील सेना के कथावाचक मुकेश कुमार नील सेना मीडिया प्रभारी जयनाथ राम नील सेना के कोषाध्यक्ष शामिल हैं।

शिक्षा से ही राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव: बृजभूषण

रुपईडीह, गोंडा: ग्राम पंचायत बनगाई में नव स्थापित आरबीएस पब्लिक स्कूल के भवन का सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूजा अर्चना के साथ उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। जिपंस श्रवण कुमार शुक्ल की सराहना करते हुए कहा विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। शीतेंद्र शुक्ल, आनंद मिश्र, शगुन मिश्र, अभय शुक्ल, शिवानिया, दीप्ति, मधुकर मिश्र, लव कुश तिवारी आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किये। जिसकी उपस्थित सभी श्रोताओं ने भूरि भूरि प्रशंसा की। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रावेंद्र शुक्ल ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनकर स्वागत करते हुए विद्यालय के संचालन में क्षेत्रीय जनता का भरपूर सहयोग किए जाने की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन विष्णु कांत शुक्ल द्वारा किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, ज्योति पांडेय, रमाकांत मिश्र, हरीश शुक्ल, पशु चिकित्साधिकारी निशांत यादव, आनंद मोहन तिवारी, शिवाकांत तिवारी, राजन मिश्र, वर्षा श्रीवास्तव, अनीता शुक्ल, रमा तिवारी, प्रतिमा पांडेय, संजय शुक्ल, जगदेव शुक्ल, कुलदीप तिवारी, जितेंद्र नाथ मिश्र, कुसुम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

जमीन पर उतरेंगी 78 परियोजनाएं 8400 युवाओं को मिलेगा रोजगार

डेयरी, पशुपालन, सूक्ष्म लघु और मध्यम विभाग के सबसे ज्यादा एमओयू

अभिषेक स्वरूप श्रीवास्तव

गोंडा कार्यालय: जनपद में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी हो चुकी है। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिले की 78 छोटी-बड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान करेंगे। 78 में से 23 बड़ी परियोजनाएं राजधानी लखनऊ से शुरू होनी हैं, जबकि शेष 55 परियोजनाओं के इन्वेस्टर उसी दिन जिला पंचायत सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। बड़ी परियोजनाओं में ताज होटल ग्रुप जैसे बड़े इनवेस्टर शामिल हैं. परियोजनाओं के अवतरण से यहां लगभग 8400 रोजगार का सृजन होने का दावा किया जा रहा है।

सबसे ज्यादा निवेश डेयरी विकास से: जनपद के लिए सबसे ज्यादा 1121 करोड़ का निवेश डेयरी विकास क्षेत्र के 5 उद्यमी करने जा रहे हैं. इसके बाद दूसरा सबसे बड़ा निवेश सूक्ष्म लघु एवं मध्यम विभाग से 328 करोड़ का है जिसमें बड़े बड़े होटल व्यवसायियों समेत 34 एमओयू शामिल हैं। इसके अलावा पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, पर्यटन, चिकित्सा शिक्षा समेत 16 विभागों के कुल 78 एमओयू हैं जिनके प्रस्तावित निवेश लगभग 19 सौ करोड़ हैं। इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद 84 सौ रोजगार के सृजन का विभागीय अनुमान है।

तैयारी

- बड़े समूहों के आ जाने से होटल और रेस्टोरेंट का हब बनेगा गोंडा
- 23 बड़े इन्वेस्टर्स समेत 78 उद्यमी गोंडा को बनाएंगे उद्योग का हब

बड़े होटलों और रेस्टोरेंट का हब बनेगा गोंडा

रामनगरी अयोध्या से सटा जिला होने के नाते यहां बड़े होटल ग्रुप भारी निवेश की रूपरेखा बना चुके हैं। जल्द ही जनपद वासियों का यह सौभाग्य पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र मे बड़े अवसर के रूप मे तब्दील होने जा रहा है. बड़े निवेशों मे द ग्रांड अयोध्या (100 करोड़), होटल ताज विवांता (50 करोड़), होटल जिंजर, होटल कोरोनेशन आदि शामिल हैं।

प्रदेश भर में तीसरे स्थान पर है गोंडा

उद्योग विभाग के उपायुक्त बाबूराम ने बताया कि यहां प्राप्त निवेशों के कुल 155 प्रस्ताव हैं जिनमें से 75 जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरीमनी) के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। इस दृष्टि से गोंडा पूरे प्रदेश में अब तक अव्वल था, लेकिन बड़े लक्ष्य के निर्धारण के बाद अब यह तीसरे स्थान पर है. पहले नंबर पर चंदौली और दूसरे नंबर पर बरेली है।

जिला पंचायत सभागार का एक करोड़ रुपये से हुआ कायाकल्प

गोंडा कार्यालय

जिला पंचायत सभागार का लोकार्पण करते सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार: जिला पंचायत सभागार का कायाकल्प एक करोड़ खर्च कर कराया गया है। आधुनिक सुविधाओं से लैस सभागार का लोकार्पण बुधवार को कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने किया।

सांसद ने कहा कि पंचायतों में कायाकल्प योजना से बड़े बदलाव आए हैं। सरकारी संस्थानों को एक नया मुकाम मिला है। इसी क्रम में मुख्यालय पर सरकारी आयोजनों, बैठकों आदि के लिए पूर्व में बने सभागार का भी कायाकल्प कराया गया है।

सीडीओ एम अरुन्मौली ने बताया कि कायाकल्प योजना से स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, सहकारी समितियों को भी संवारा गया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह व जिला पंचायत के अधिकारी मौजूद रहे।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

परसपुर, गोंडा : क्षेत्र के गोगिया ग्राम के शिव मंदिर में शिवलिंग की कुटुम्ब सहित प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि शिव मंदिर में कुटुम्ब सहित शिव लिंग की तीन दिवसीय अनुष्ठान पूजन के अंतिम दिन बुधवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन प्रात : कालीन वेदीपूजन, मूर्ति न्यास, मूर्ति स्नान, शिखर स्नान, नेत्रों मिलन के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद रुद्राभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अश्वनी पांडेय, रविप्रकाश पाठक, संजीव चतुर्वेदी, अखिलेश सिंह, विनीत सिंह, विष्णु मिश्रा, प्रियांशु सिंह, दीनानाथ शास्त्री आदि रहे।

भूमि विवाद: रंजिश को लेकर भिड़े दो पक्ष

परसपुर, गोंडा: अलग-अलग गांवों में मारपीट जानमाल की धमकी मामले में पुलिस ने 13 नामजद आरोपियों पर केस दर्ज किया है। चार महिलाओं समेत छह लोगों को चोटें आई। ग्राम बिहुरी गोसाईं पुरवा बसंतपुर की ममता देवी ने आरोप लगाया कि दो दिन पहले जेठ से हुई मारपीट को लेकर विपक्षी सोनू देवी, निशा देवी, काजल ने उससे मारपीट की। बचाने दौड़ी पुत्री ज्योति की पिटाई कर दी। वहीं इसी मामले में पीड़ित मुरैली देवी ने आरोप लगाया कि रंजिश को लेकर गांव की ही ममता, संजय, गुड़िया ने अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। वहीं ग्राम जरौली चरहूँवा के मेवा राम वर्मा ने आरोप लगाया कि रंजिश को लेकर बृजमोहन वर्मा, अंकित वर्मा, अशोक वर्मा व निरंकार वर्मा ने 31 जनवरी को मारपीट की। वहीं ग्राम मधईपुर खांडेराय काली सिंह पुरवा के संजय सिंह ने आरोप लगाया कि रंजिश में गांव के ही शिवम सिंह, रमेश सिंह, गुड्डी सिंह ने गाली गलौज व मारपीट की। बचाने दौड़े भाई संतोष सिंह को भी मारापीटा व जानमाल की धमकी देकर चले गये। इस बाबत थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़ितों के तहरीर पर नामजद तेरह आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है।

प्रशासन ने पट्टे की भूमि पर से कब्जा हटवाया

इटियाथोक, गोंडा

जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनवरिया में पट्टे की भूमि पर प्रशासन ने अवैध कब्जा हटवा कर पट्टेदार को भूमि पर कब्जा दिला दिया। तहसील गोंडा सदर के गनवरिया गांव निवासी रामदेव पुत्र चौधरी जिनको गाटा संख्या 167 मि0 में तीन डिसमिल जमीन पट्टे के रूप में मिली थी। जिस पर उन्हीं के गांव के बाबूराम पुत्र परशुराम अपने एक सहयोगी के बल पर पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया था। रामदेव ने आयुक्त देवीपाटन मंडल से शिकायत की थी। आयुक्त के निर्देश पर तहसीलदार सदर के नेतृत्व में बुधवार को टीम मौके पर पहुंची और अवैध कब्जा पाया। नायब तहसीलदार गोंडा, कानूनगो तथा स्थानीय लेखपाल के साथ पुलिस ने बल मौके पर पहुंचकर जमीन से अवैध तरीके से किए गए कब्जे को हटवाया और मौके पर रामदेव पुत्र चौधरी को कब्जा दखल दिया गया। मौके पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी कराए गए। प्रशासन की इस पहल से वर्षों से चल रहा विवाद खत्म हो गया और पट्टेदार को अपनी जमीन पर कब्जा मिल गया। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन की सराहना की।

पुलिस भर्ती परीक्षा: इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध

25 केंद्रों पर चार पालियों में परीक्षा देंगे 45216 अभ्यर्थी

गोंडा कार्यालय: 17 व 18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कैंडिडेट्स को पेनड्राइव, इरेज़र, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, कैलकुलेटर, मोबाइल, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ व हेल्थ बैण्ड जैसी वस्तुओं को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कागज के टुकड़े, प्लास्टिक पाउच, क्रेडिट या डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी,बटुआ, हैंडबैग, पेंसिल बॉक्स, पर्स, चश्मा, टोपी, ज्वेलरी और खाने की चीजों को भी ले जाने पर रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा के आधे घंटे पहले प्रवेश रोक दिया जायेगा और केंद्र का गेट बंद कर दिया जायेगा।यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले के 25 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा की चार पालियों में 45216 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक पाली में 11304 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। सुबह की पाली में सुबह 9:30 बजे व शाम की पाली में दोपहर 2:30 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि यदि परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई गई तो तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

कोटेदारों के खाते में भेजा 12 लाख बकाया भुगतान

गोंडा कार्यालय:जिले के कई कोटेदारों का लाभांश तकनीकी दिक्कत से उनके खाते में नहीं जा पा रहा था जिसे लेकर कई बार कोटेदारों ने शिकायत भी की थी। डीएम ने बकाया भुगतान के लिए अनुमोदन दे दिया है। पूर्ति विभाग ने 14 माह का बकाया करीब 12 लाख का भुगतान किए जाने के लिए डीएम के यहां पत्रावली भेजी थी। जिले में 1391 कोटेदार प्रत्येक माह 26 लाख से अधिक यूनिट का खाद्यान्न वितरित करते हैं। जनपद के कोटेदारों को लाभांश सीधे खाते में भेज दिया जाता है। लेकिन वर्ष 2022 नवंबर माह से लेकर दिसंबर 2023 तक कई कोटेदारों का खाद्यान्न वितरण का लाभांश खाते में नहीं जा पा रहा था। फिलहाल 14 माह बकाया भुगतान को लेकर पत्रावली तैयार कर कर लिया तथा अनुमोदन के लिए डीएम के पास भेजा था। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि करीब 14 माह से कुछ कोटेदारों के लाभांश का भुगतान नहीं हो पा रहा था। खातों में त्रुटि थी जिसको सुधार कर लिया गया है। भुगतान के लिए जिला अधिकारी के यहां पत्रावली गई थी। भुगतान का अनुमोदन हो गया है। अब कोटेदार के खाते मे भुगतान भेजा जा रहा है।

संतोष कुमार मिश्रा बने मनकापुर के नए कोतवाल

गोंडा कार्यालय: एसपी विनीत जायसवाल ने महकमे में फिर फेरबदल किया है। खोडारे थाने के एसएचओ सुरेंद्र शर्मा को अपराध शाखा में तैनात कर दिया है। उनके स्थान पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार पाठक को नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। एसएचओ संतोष कुमार मिश्रा मनकापुर के नए कोतवाल बनाए गए हैं। मनकापुर कोतवाल राजकुमार सरोज दो दिन पहले निलंबित कर दिए गए थे। इस फेरबदल में महिला थाने का प्रभार देख रहीं अनीता यादव को महिला थाने का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त 23 उप निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र भी बदला गया है। पुलिस लाइन में तैनात रहे उपनिरीक्षक उमेश सिंह को उमरी बेगमगंज,लाल बिहारी को खरगूपुर, विक्रमादित्य को वजीरगंज,जितेंद्र कुमार, सुभाषचंद्र सिंह व समीर कुमार मिश्र को नवाबगंज, कौशल किशोर सिंह इटियाथोक, शीला देवी महिला थाना, अनुरागिनी तिवारी व गिरिजेश राय को मनकापुर, मृत्युंजय सिंह को तरबगंज व राम मिलन मिश्रा को न्यायिक सम्मान सेल में तैनात किया गया है। उपनिरीक्षक पंकज कुमार वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना खरगूपुर बनाये गए हैं।

चौकी प्रभारी बने छह उपनिरीक्षक, तीन की तैनाती बदली

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन में तैनात 6 उपनिरीक्षकों को पुलिस चौकी की कमान सौंपी है। उपनिरीक्षक दानवीर सिंह कटरा बाजार थाने के पहाड़ापुर चौकी के इंचार्ज बनाए गए हैं। अक्षय कुमार मिश्र को चौकी प्रभारी सिविल लाइन कोतवाली नगर, जितेंद्र कुमार वर्मा को चौकी प्रभारी चचरी करनैलगंज, अरुण कुमार पाटिल चौकी इंचार्ज गुरु नानक चौक कोतवाली नगर, भानु प्रताप सिंह को करनैलगंज से चौकी इंचार्ज कस्बा मनकापुर व उपनिरीक्षक जनार्दन राम को देहात कोतवाली के पथरी बाजार चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। तीन चौकी इंचार्ज के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हुआ है। छपिया के बभनान चौकी प्रभारी रजनीश द्विवेदी को चौकी प्रभारी मंगुरा बाजार थाना उमरी बेगमगंज, प्रशांत शुक्ला चौकी प्रभारी पथरी बाजार को कोतवाली देहात व अंकित सिंह चौकी इंचार्ज कस्बा मनकापुर को चौकी प्रभारी बभनान बनाया गया है।

विरोध जताते एनई रेलवे ठेका मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

16 को भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल करेंगे मजदूर किसान

गोंडा कार्यालय : सीआईटीयू से सम्बद्ध संगठन रेलवे ठेका मजदूर यूनियन गोंडा इकाई की बैठक हुई। अध्यक्षता दिनेश कुमार तथा संचालन पवन कुमार ने किया। सीआईटीयू प्रदेश उपाध्यक्ष कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि 16 फरवरी को ग्रामीण बंद एवं औद्योगिक आम हड़ताल का अयोजन पूरे हिंदुस्तान में सरकार की जनविरोधी एवं मजदूर किसान विरोधी नीतियां के कारण किया जा रहा है। उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से 12 घंटे तक काम कराने, भविष्य निधि, बोनस ईएसआई न देने के खिलाफ सहित चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने के लिए किया जा रहा है। जोनल महामंत्री कॉमरेड मोहम्मद खालिद ने कहा कि सभी श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी रुपये 26000 और पेंशन रूपये 10000 मिलना चाहिए। बिजली महंगी न हो इसलिए बिजली संशोधन विधेयक 2022 को तत्काल वापस लेने की बात कही है। बैठक में स्वामीनाथ, बंटी, बबलू, रामबचन, कमला, शैलकुमारी, राधा देवी, गुड़िया, ननके गौतम, पूनम देवी, चंद्रेश कुमार, राजकुमारी, नीलम रहीं।

धूमधाम के साथ मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव

करनैलगंज, गोंडा : क्षेत्र के दो विद्यालयों में वार्षिकोत्सव व बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मना। मुख्य अतिथि रामजीलाल मोदनवाल व अध्यक्ष हरिप्रसाद मौर्य ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में विद्यालय प्रबंधक रामकुमार मौर्य ने अपने संबोधन में विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बखान किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य आलोक मौर्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉक्टर अरुण कुमार मौर्य किया। शिक्षक रामराज गुप्ता, अतुल प्रभाकर, विकास, समा परवीन, खुशनुमा, शबानाज आदि रहे। वहीं दूसरी तरफ पांडे चौरा कालीथान स्थित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव व बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

परसपुर, गोंडा

कॉलेज में अपने अंतिम सत्र के बाद जुटे बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार: नगर पंचायत स्थित राजा भगवती प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईस्कूल के छात्र छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे नम्बर प्राप्त करने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर लगन, निष्ठा, एकाग्रता से परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा कर्त्तव्य मार्ग पर चलने की सीख दी और साथ साथ आगे चलकर जीवन में विद्यालय के साथ ही अपने माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने अध्यापकों से आशीर्वाद लिया तथा छात्र छात्राओं ने अपने विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने का अनुभव बताते हुए कहा कि विद्यालय में गुरुजनों द्वारा मां बाप की तरह हमें प्यार देते हुए हमें शिक्षा का पाठ पढ़ाकर हमें अच्छे मार्ग पर चलना सिखाया गया है जिससे हम आगे भविष्य में अपने विद्यालय का नाम रोशन कर सकें। छात्र छात्राओं ने शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा एक दूसरे को गले लगकर विदाई दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दर्शनानंद पांडेय, नरेंद्र तिवारी, कपिल यादव,नीरज कुमार सिंह, मीना वर्मा, रीतू पांडेय, कुमकुम कौशल, सुनीता सिंह रहीं।

कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक करते लोकसभा समन्वयक चौधरी अखिलेश सिंह।

जल्द घोषित होगा लोकसभा गोंडा का उम्मीदवार: अखिलेश

गोंडा कार्यालय : कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश 59 गोंडा लोकसभा कोऑर्डिनेटर चौधरी अखिलेश सिंह ने कांग्रेस भवन में बैठक की। उनके साथ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह भी रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने की। बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेताओं में पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह, पूर्व यूथ प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल, शहर अध्यक्ष रफीक रेनी, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सगीर खान, कांग्रेस पीसीसी सदस्य जलील अहमद खान, पंडित रघुपति त्रिपाठी, दिलीप शुक्ला, शाहिद अली कुरेशी, विनय प्रकाश त्रिपाठी, अरविंद शुक्ला, जितेश शर्मा, सलीम कुरैशी, मोबीन खान, बाबू खान सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। कोऑर्डिनेटर श्री सिंह ने कहा कि शीघ्र ही लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। आप सभी लोग गोंडा लोकसभा चुनाव को 2009 की जीत को दोहराएंगे। इस अवसर पर जैनुलाब्दीन खान, अब्दुल रहमान, फारुकी, हरिराम वर्मा, राजेश सिंह सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

एक नजर

दंपति पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

बहराइच : जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि 35 वर्ष से कम आयु की निराश्रित महिला से पुर्नविवाह करने पर विभाग द्वारा दम्पत्ति पुरस्कार योजना के तहत दम्पत्ति को रू. 11 हज़ार की धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दिये जाने का प्राविधान है। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सिंह ने बताया कि निराश्रित महिला (जिसके पूर्व पति की मृत्यु हो चुकी हो) की आयु 35 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए, विवाह करने वाले पुरूष की कोई दूसरी पत्नी जीवित न हो अथवा पुरूष अविवाहित हो तथा आयकरदाता न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि इसके अलावा पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला सहायक अनुदान पा रही महिलाओं की पुत्री के शादी अनुदान योजना अन्तर्गत एक पुत्री की शादी हेतु रू. 10 हजार विभाग द्वारा दिये जाने का प्राविधान है। उन्होनें बताया कि इच्छुक निराश्रित महिला पुत्री की शादी के लिए पुत्री की आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, शादी की तिथि प्रमाण सहित, वर, पिता का नाम, पता, आयु प्रमाण पत्र सहित तथा शादी सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार किये जाने का प्रमाण के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

सड़क दुर्घटनाओं में बालक सहित चार घायल

बहराइच, अमृत विचार : तीन थानों के अलग अलग स्थानों पर मंगलवार रात में हुई दुर्घटनाओं में बालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने शहर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दरगाह थाने के ओवरब्रिज के पास मंगलवार रात नो इंट्री खुलने के समय किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार बलरामपुर जिले के हरैया थाने के सिकंदर बोझी निवासी 20 वर्षीय राहुल पुत्र राम कुमार, 9 वर्षीय मोहित पुत्र छुटकऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। हरदी थाने के कपूरपुर निवासी 35 वर्षीय विपिन पुत्र चंद्रिका बाइक से मंगलवार देर रात लखनऊ की ओर से आ रहे थे। कैसरगंज थाने के कुंडासर के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते वह घायल हो गए। विशेश्वरगंज थाने के सेमरहना गांव निवासी 34 वर्षीय जमुना प्रसाद पुत्र संचित लाल मंगलवार रात गोंडा की ओर से अपने घर आ रहे थे। तुलसीरामपुरवा के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते वह घायल हो गए। वह श्रावस्ती जिले में 108 एंबुलेंस पर टीएनटी के पद पर तैनात है। घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

डालियां पेश कर देश की स्मृद्धि की मांगी दुआ

संवाददाता,बहराइच

अमृत विचार : जिले में स्थित प्रसिद्ध सूफी बुजुर्ग हजरत सैय्यद सालार मसूद ग़ाज़ी की दरगाह पर लगने वाले मेला बसन्त के अवसर पर दरगाह प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सै0 शमशाद अहमद एडवोकेट की रहनुमाई में प्रबन्ध समिति के सदस्यों खुद्दाम और हजारों अक़ीदतमन्दों ने साहिबे आस्ताना की मजार पर सदियों से चली आ रही परम्परानुसार हरी सब्जियों, फल,फूल और मेवेजात की डालियां पेश कर देश की तरक्क़ी,खुशहाली, शान्ति, एकता और अमन चैन की दुआ मांगी।

दरगाह ग़ाज़ी पर एक महीने तक चलने वाले प्रसिद्ध मेला जेठ की तारीख का ऐलान करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि 30 मई से 30 जून तक चलने वाले मेले का विशेष दिन 02 जून रविवार होगा जिस रात्रि जायरीन ग़ाज़ी मियां की प्रतीकात्मक बारात लेकर देश के विभिन्न प्रान्तों से लाखों की संख्या में आकर मज़ार पर हाजिरी देते हुवे अपनी मोहब्बतों का नज़राना पेश करेंगे। साहिबे आस्ताना की मजार पर डालियों को पेश करने के लिये बुधवार की दोपहर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट प्रभारी मैनेजर हाजी सैय्यद अलीमुलहक़ के साथ सदस्य दिलशाद अहमद एडवोकेट, गिरदावर हाजी अज़मत उल्ला,अब्दुल रहमान " बच्चे भारती " मकसूद अहमद रायनी,व वसीम मेकरानी,हीरो मेकरानी, शकील अहमद, शमशेर अली, नदीमउलहक़ तन्नू,इलियास अली शब्बू,सैय्यद आरिफ,डा0 कशफी, आज़ाद अहमद, ताज मो0 अफज़ल,दरगाह के खुद्दाम ,कर्मचारी सभी एक साथ दफ्तर से सरों पर डालियां लिये बहुत ही अकीदत के साथ अंदुरुनी किले में पहुंच कर उन्हें मज़ार पर पेश किया सलात व सलाम और कुल के बाद हाफिज मेराज मेराज की इक़तिदा में दुआ हुई जिसमें हजारों की तादाद में आशिकाने ग़ाज़ी भी शरीक रहे। उत्तरप्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में जायरीन आए। भारी भीड़ को देखते भीड़ को कन्ट्रोल करने यातायात को सुगम बनाने के लिये जिला पुलिस प्रशासन द्वारा उप पुलिस अधीक्षक नगर राजीव सिसोदिया, थाना दरगाह शरीफ प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा, गल्ला मंडी प्रभारी शिव कुमार और पुलिस जवानों अतिरिक्त कई अन्य थानों की पुलिस और सब इंस्पेक्टरों की तैनाती रही।

दरगाह में दुआ करते पदाधिकारी और जायरीन। अमृत विचार

ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

पयागपुर,बहराइच, अमृत विचार : जनपद के ग्राम पंचायत लालपुर में बंजर की भूमि पैमाइश करने पहुंची पुलिस के साथ राजस्व टीम के सामने ग्राम प्रधान पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें तीन लोगों के विरुद्ध थाना पयागपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पयागपुर थाना क्षेत्र के गांव लालपुर के ही कुलदीप, बाबू, चंदन उर्फ मकसूदन, बंजर की भूमि पर अपना मलकाना हक जमा कर कब्जा कर रखा है। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान राजित राम ने समाधान दिवस में की थी। जिस पर उप जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व की टीम पुलिस फोर्स के साथ बंजर की भूमि की पैमाइश करने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पहुंची। जहां विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते पैमाइश में खड़े ग्राम प्रधान के ऊपर जानलेवा हमला हो गया। जिससे ग्राम प्रधान वहीं पर गिर गये। हमलावरों को मौके पर पुलिस फोर्स पकड़कर थाने पर ले आई। जिस पर प्रधान राजितराम की तहरीर पर पयागपुर पुलिस ने 323, 504, 506,327 ,332, आईपीसी के तहत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

घायल ग्राम प्रधान।

आज से जिले में शुरू होगा खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण

बहराइच : जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह फरवरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 15 से 28 फरवरी 2024 तक किया जायेगा। कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 किग्रा खाद्यान्न (21 किग्रा चावल 14 किग्रा गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न (03 किग्रा चावल तथा 02 किग्रा गेहूँ) का वितरण नि :शुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 28 फरवरी को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का नि :शुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि वितरण अवधि के दौरान ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्समय ही अपना खाद्यान्न नि :शुल्क सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से अवश्य प्राप्त कर लें।

सीएचसी में उपलब्ध संसाधन का नहीं हो रहा उपयोग

अव्यवस्थाओं से नाराज डीएम ने प्रभारी सीएमओ का रोका वेतन

संवाददाता,बहराइच

अमृत विचार : जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर में चिरैय्याटांड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, कोल्ड चेन, पेयजल एवं प्रसाधन की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, टेक्निशियन कक्ष सहित औषधि वितरण काउण्टर, औषधि कक्ष, ओटीपी एवं वार्डो इत्यादि का सघन निरीक्षण किया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया।

अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत लाभार्थियों एवं आशा का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। कारण पूछे जाने पर बीसीपीएम एवं ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर कुछ नहीं बता पाए। जिलाधिकारी ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए अग्रिम आदेशों तक प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम एवं ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर का वेतन बाधित किये जाने का निर्देश देते हुए इस बात की सख्त ताकीद की कि शीघ्र से शीघ्र आशा व लाभार्थियों को भुगतान कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य केन्द्र के भवन, परिसर, वार्ड की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर भी डीएम ने नाराज़गी जताते हुए सफाई कर्मियों के बिलों को सत्यापित करने वाले कर्मचारी का वेतन भी अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर सीबीसी व यूरीन एनिलाइज़र उपलब्ध होने के बावजूद उसे अब तक स्थापित नहीं किया जा सका है जिससे सम्बन्धित रोगी चिकित्सकीय उपकरणों के लाभ प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। डीएम ने प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध सभी उपकरणों को क्रियाशील रख कर उन्हें जनोपयोग में लाया जाय।

वार्डों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बेड शीट को भी समय से नहीं बदला जा रहा है इस स्थिति पर भी डीएम ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिम्मेदार का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने वीडीओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्र में सीएचओ की उपस्थिति का भी सत्यापन किया। डीएम मोनिका रानी ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए निर्देश दिया कि चिकित्सालय पर आने वाले सभी मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जायें।

सीएचसी में निरीक्षण करती जिलाधिकारी। अमृत विचार

खड़ी एंबुलेंस में अज्ञात कारणों से लगी आग

बहराइच, अमृत विचार: जिला अस्पताल से मरीज को छोड़कर 102 एंबुलेंस को चालक ने सड़क किनारे खड़ा कर दिया है। इसके बाद कर्मचारी खाना खाने लगे। इसी दौरान एंबुलेंस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। पूरी वाहन जलकर राख हो गई है। जिला अस्पताल में 102 एंबुलेंस संख्या यूपी 32 जी 1089 है। इस एंबुलेंस से मरीजों को लाने और ले जाने का काम किया जाता है। सदर तहसील के चौतूपुरवा गांव निवासी एक ग्रामीण बीमार हुआ। जिस पर एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। एंबुलेंस से छोड़ने के बाद वापस चालक धर्मवीर मिश्रा और ईएमटी बुद्धि राज वापस गए।

गोंडा बहराइच मार्ग पर शिव नगर के पास सभी ने एक साइड में एंबुलेंस खड़ा कर दिया। इसके बाद खाना खाने लगे। देर रात 11 बजे के आसपास एंबुलेंस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग एंबुलेंस बुझाने का कार्य करते, तब तक एंबुलेंस पूरी तरह राख हो गई। ईएमटी और चालक ने सूचना जिला प्रबंधक दो दी। जिला प्रबंधक सुधीर मणि त्रिपाठी ने मौके पर पहुंच कर जांच की। जिला प्रबंधक ने बताया कि आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। दरगाह थाने में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

जवानों से सुरक्षित है हमारा देश

रूपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार : पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर बुधवार को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें एसएसबी जवानों के साथ पुलिस और आम लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को आतंकियों ने हमला कर दिया था। आतंकी हमले में देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। शहीद जवानों की याद में प्रतिवर्ष 14 फरवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होता है। बुधवार को नगर पंचायत रुपईडीहा में राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य रहे। पुलिस और एसएसबी जवानों के साथ मुख्य अतिथि ने मोंबतियां जलाई। इसके बाद शहीद जवानों को याद किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जवान हमारे देश के सुरक्षा और संरक्षण को मजबूती प्रदान करते हैं। उनके रहने से देश के सभी सीमाएं सुरक्षित हैं। समाजसेवी शेर सिंह कसौंधन ने कहा कि आतंकियों ने करना हमला किया था। लेकिन हमारे देश के जवान डरने वाले नहीं है। पुलिस और एसएसबी जवानों के साथ आम लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संजय वर्मा संघ के जिला उपाध्यक्ष दीपक आर्य केसरी प्रसाद सोनी, कमल मद्धेशिया, आरती वर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष, सुशील कुमार सिंह, संजय केवट समेत अन्य मौजूद रहे।

पुलवामा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते लोग।

जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत

श्रावस्ती, अमृत विचार : कस्बा इकौना के मोहल्ला तिलक नगर में परिवारिक विवाद को लेकर 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने युवक को सीएचसी इकौना में मंगलवार शाम भर्ती कराया। थाना इकौना के मोहल्ला तिलक नगर निवासी बबलू का 22 वर्षीय पुत्र राजा बाबू शाम को अपने घर देर पहुंचने पर परिवार के माता-पिता के डांटने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके कारण युवक की हालत बिगड़नी शुरू हो गई। परिवार के लोगों ने आनन-फानन में युवक राजा बाबू को सीएचसी इकौना में मंगलवार को देर शाम भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय बहराइच के लिए रेफर कर दिया है।

अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का किया उद्घाटन

श्रावस्ती, अमृत विचार: स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 के तहत ग्रामों को खुले मे शौच मुक्त बनाये रखने और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से गांवों में साफ-सफाई की स्थिति में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ-प्लस गांव बनाया जा रहा है।

जिसके तहत बुधवार को सदस्य विधान परिषद साकेत मिश्र, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत ग्राम पंचायत चहलवा में नवनिर्मित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध केन्द्र (आर0आर0सी0) एवं सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया। सदस्य, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने केन्द्र का भ्रमण कर कराये जाने वाले कार्यो की बारीकी से जानकारी लिया और डोर-टू-डोर भ्रमण कर कूड़ा भी एकत्र किया। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गांवों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में कचरा एकत्रीकरण कार्य एवं निर्मित कचरा संसाधन केन्द्र (आर0आर0सी0) का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत ठोस एवं प्लास्टिक तथा तरल अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाना है। इसलिए कूड़ा प्रबन्धन केन्द्र (आर0आर0सी0) एवं सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट शेड का उद्घाटन किया गया है। उन्होने कहा कि ओ0डी0एफ0-प्लस ग्राम पंचायत बनाने हेतु ग्राम पंचायत के सभी घरों से उत्सर्जित होने वाले कूड़े को अनिवार्य रूप से उचित तरीके से निस्तारण करने हेतु नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट शेड, प्लास्टिक कूड़े के लिए प्लास्टिक बैंक एवं तरल कूड़े के लिए सोक पिट, सिल्ट कैचर तथा फिल्टर चैम्बर का निर्माण किया गया है।

शिक्षा की अलख जगा गए भगवान दास

मुर्तिहा, बहराइच, अमृत विचार : बहराइच सांसद अक्षयबर लाल गोंड के पैतृक गांव सेमरी मलमाला मे भगवान दास का 111 वा जन्म जयन्ती कार्यक्रम मनाया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बहराइच के साथ देवरिया में शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भगवान दास ने बेहतर काम किया है। विकास खण्ड मिहींपुरवा के सेमरी मलमला में बड़े ही हर्सोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। भगवान दास गोंड की 111वीं जयंती कार्यक्रम के अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा हवन पूजन कर भगवान दास गोंड की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बच्चों के कार्यक्रम से प्रसन्न होकर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने बच्चों को पुरस्कार की धनराशि प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में भगवान दास गोंड के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक डा आनंद कुमार गोंड तथा मंच का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सरकारी बैंक के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, डा. डिंपल जैन सहित काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता व क्षेत्रीय गण नागरिक व महिला पुरुष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शामिल सांसद और अन्य। अमृत विचार

वर्ग पहेली-343

बाएं से दाएं

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

ऊपर से नीचे

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



वर्ग पहेली - 342 का हल

	1 शु		2 झ	3 स
4 मे	जा		न	ना
	5 अ	भि	क	थि	त
	त		म		न
		6 मा	न	स	
	7 जी	र	क		
		ना			

सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6			5		
3	8				2		7	
			4		7			1
8				5		1		
1								9
		2		7				6
6			3		9			
	1		2				3	8
		4			8			

सुडोकू - 59 का हल

5	3	1	2	8	4	9	7	6
8	9	4	6	3	7	2	1	5
2	6	7	5	1	9	8	3	4
6	5	2	9	7	3	4	8	1
4	7	9	1	2	8	6	5	3
3	1	8	4	6	5	7	9	2
1	4	3	7	9	6	5	2	8
9	2	5	8	4	1	3	6	7
7	8	6	3	5	2	1	4	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10 .12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 09 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कर्क — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

सिंह — आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

कन्या — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

तुला — आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

वृश्चिक — आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

धनु — आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

मकर — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

कुंभ — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

मीन — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
वन टू थी — सुबह : 09 .31
भैयाजी सुपरहिट — रात : 07 .17

SONY MAX
इशकजादे — सुबह : 11 .04
चक दे इंडिया — रात : 07 .02

SONY PIX
मॉर्टल कॉम्बैट — सुबह : 10 .17
वेनम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
ईना मीना डीका — सुबह : 10 .30
नमस्ते इंग्लैंड — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
राम और श्याम — दोपहर : 12 .03
कल हो न हो — शाम : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

एक नजर

बहराइच के दो खिलाड़ियों को मिले कांस्य पदक

बहराइच : बनारस मे हो रही 5 वीं नेशनल क्वान की डो चैंपियनशिप का समापन हो गया। बनारस के कोईराजपुर स्थित स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में 18 राज्यों के 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें यूपी की टीम ने कुल 48 स्वर्ण पदक जीत कर पहला स्थान हासिल किया। प्रदेश की टीम की ओर से शहर के क्वान की डो एकेडमी के 2 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बहराइच क्वान की डो एसोसिएशन के अध्यक्ष इसरार अली ने बताया कि सीनियर वर्ग में मोहम्मद ताहिर शफीक व मोहम्मद सलमान ने कांस्य पदक जीता।

दूसरे दिन भी इनकम टैक्स टीम ने मारा छापा

बहराइच : नोएडा से इनकम टैक्स की टीम की ओर से बुधवार को भी जिले के प्रतिष्ठित व्यापारियों के यहां छापेमारी जारी रही। इसको लेकर लोगों में नाराजगी भी दिखी। इनकम टैक्स विभाग की चार सदस्य टीम मंगलवार को छापेमारी के लिए जिला मुख्यालय पहुंची थी। टीम ने शहर के 6 स्थान पर छापेमारी कर दस्तावेज अपने कब्जे में लिए थे इसके बाद टीम के सदस्यों ने नगर पंचायत में मिहीपुरवा में दो स्थानों पर छापेमारी की थी। टीम के अधिकारी जिला मुख्यालय पर ही रुके थे, इसकी भनक किसी को नहीं लगी। बुधवार को टीम के अधिकारियों ने पुन: व्यापारियों के यहां छापेमारी के इसको लेकर व्यापारियों में जहां हड़कंप मचा रहा। वहीं निरंतर और छापेमारी को लेकर व्यापारी नाराज भी दिखे।

चोरी हुए बैट्री रिक्शा को पुलिस ने किया बरामद

बहराइच : फखरपुर पुलिस ने दो दिन पहले चोरी हुई बैटरी रिक्शा एवं बैटरी के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने बताया कि केशव कुंडा मंझौरा निवासी रामसवारें का बैटरी रिक्शा दो दिन पहले चोरी हो गया था राम सवारे ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने तहरीर दिया था। थानाध्यक्ष ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दिया।

पूजा-अर्चना के साथ मनाई गई वसंत पंचमी

बहराइच/जरवलरोड

अमृत विचार : जिले में वसंत पंचमी का पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। हवन पूजन के साथ मां सरस्वती की प्रार्थना की गई। लोगों ने जयकारे लगाए। पूजा अर्चना को लेकर लोगों में उत्सुकता दिखी।

शहर के बाल शिक्षा निकेतन और गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी की पूजा प्रबंधक और प्राचार्य ने की। छात्र और छात्राओं को माता सरस्वती के बारे में बताते हुए पूजा के महत्व को रेखांकित किया। समाजशास्त्र विभाग की ओर से संचालित बालिका विहान विद्यालय में माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद छात्राओं को वार्डेन प्रिया प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्या के ज्ञान की देवी मां सरस्वती को कहा जाता है। ऐसे में सभी पूजा अर्चना करते रहें। पूजा अर्चना के बाद केला, संतरा, बेर का फल चढ़ाया गया। इस दौरान श्रद्धा रैकवार, भू रत्न श्रीवास्तव, संजीव कुमार, अंकित कुमार, निधि मिश्रा आदि मौजूद रहे। उधर वसंत पंचमी पर्व पर गायत्री मंदिर जरवलरोड में हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय परिजनों के द्वारा गायत्री मंत्राहुति समर्पित कर गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पं. श्री राम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्मदिवस के रूप में मनाया। गायत्री प्रज्ञापीठ की परिव्रजिका शान्ति तिवारी के द्वारा गायत्री मंत्रोच्चार के बीच ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती का विधिवत पूजन कराया गया। परिव्रजिका तिवारी ने कहा कि बसंत ऋतु की महिमा अपरम्पार है गायत्री मंत्राहुति के बाद इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवलरोड के प्रबंधक ट्रस्टी ओम प्रकाश अवस्थी, शिव प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, दशरथ लाल राव , प्रशान्त कुमार अग्निहोत्री, ज्ञानेंद्र कुमार मौर्या, कृष्ण कुमार गुप्ता भोला गुप्ता, शैलेन्द्र पोरवाल चन्द्रावती विश्वकर्मा, ललिता विश्वकर्मा, अमरनाथ विश्वकर्मा, रामकुमार गुप्ता, संजय गुप्त गिरिजा देवी, ऊषा सोनी, प्रज्ञा सिंह गीता अवस्थी, नयन पोरवाल, सुयश अवस्थी आदि गायत्री परिजन एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

बहराइच में मां सरस्वती की पूजा करती शिक्षिकाएं।

जरवल रोड में जयकारा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

3410 ग्रामीणों को बांटा गया स्वामित्व पत्र

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार : मिहींपुरवा तहसील अन्तर्गत स्थित 28 ग्राम पंचायत के 3410 खातेदारों को केंद्र उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के तहत घरौनी वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल रहे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों को स्वामित्व पत्र वितरण किया। इस दौरान अपने संबोधन में उपस्थित जन समूह को घरौनी के विषय में विस्तार रूप से अवगत कराया। इस दौरान 28 ग्राम पंचायत के 3410 लोगों का घरौनी वितरण होना था लेकिन संख्या कम ही आई। जो पहुंचे उन्हें वितरण किया गया तथा शेष को राजस्व कर्मियों ग्राम स्तर पर वितरण के लिए सुपुर्द कर दिया गया। कार्यक्रम को उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार, तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी, नायब तहसीलदार अर्सलान रशीद, नायब राजदीप यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहरलाल वर्मा, निरंजन सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष जितेन्द्र मदेशिया, रामावती देवी, रामदल, अमित बाल्मिकी, निक्की जिन्दल आदि भाजपा कार्यकर्ता तथा तहसील के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि और मौजूद एसडीएम।

गंभीर हालत में बालक जिला अस्पताल रेफर

तेंदुए के जबड़े से बेटे को छीन लाई मां

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार: कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के आबादी इलाके में हिंसक वन्य जीवों के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज के अयोध्या पुरवा गांव में मंगलवार रात लगभग 9:00 बजे चार वर्षीय अयान पुत्र इश्तियाक अली को उसकी मां गोद में लेकर दरवाजा खोलकर घर के बरामदे में जैसे ही निकली। वैसे ही तेंदुए ने अचानक गोद में लिए बालक को झपट्टा मार कर पकड़ लिया। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक को छुड़ाने के प्रयास में मां बालक को बचाने को तेंदुए से भिड़ गई। मां के शोर पर परिजन व आसपड़ोस के लोग शोर मचाते हुए दौड़े। तभी तेंदुआ बालक को छोड़ खेतों की तरफ चला गया। घटना की सूचना परिजनों ने वन विभाग को दी। बालक की मां ने बताया। सूचना देने के बाद वन विभाग के लोग गांव पहुंचे किंतु तब तक हम सभी बालक को लेकर मोतीपुर सीएचसी लेकर आ गये। प्राथमिक इलाज के बाद बालक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। तेंदुए के हमले से दहशत का माहौल है। इस मामले में डीएफओ बी शिवकुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुए ने हमला किया है। घायल बालक के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। वन कर्मी कांबिंग कर रहे हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती बालक। अमृत विचार

वधू पक्ष के भी चार लोग फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार

फॉलोअप

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : जिले के महरी गांव में आयोजित तिलक समारोह में गांव के लोगों के खाना खाने के बाद फूड पॉइजनिंग का दायरा बढ़ता जा रहा है। मंगलवार शाम को एंबुलेंस से 41 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बुधवार को लड़की पक्ष के चार लोग जिला अस्पताल पहुंचे। कुल संख्या 60 पहुंच गई है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौकहा के मजरा महरी गांव निवासी रिंकू पुत्र श्याम लाल का विवाह तय हुआ है। जिसमें सोमवार को जिले के गुदुवापुर से तिलक आई। वर और वधू पक्ष के लोगों ने खाना खाया। सोमवार रात और मंगलवार सुबह तक कुछ नहीं हुआ। वहीं रात आठ बजे से अचानक लोगों को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। इससे पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई। पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक शशि राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फूड पॉइजनिंग के शिकार लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एंबुलेंस के जिला प्रबंधक सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि 16 एंबुलेंस से लोगों को लाया गया। जिला अस्पताल में राधेश्याम पुत्र श्याम लाल, अभय पुत्र राधेश्याम, शुभम पुत्र प्रेम कुमार, सावित्री पुत्री राम लोटन, चमेला देवी पत्नी, श्यामलाल समेत 56 लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बूढ़े भी शामिल हैं। बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला रात में ही अस्पताल पहुंची। उन्होंने बीमार लोगों का हाल जाना। उधर वधु पक्ष गुदुवापुर गांव के लोग भी फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। यह सभी जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। दुल्हा रिंकू की भाभी लज्जावती ने बताया कि टिक्की खाने से फूड पॉइजनिंग की आशंका है।

जिला अस्पताल में भर्ती मरीजो का हाल जानती डीएम।

खाद्य विभाग पर उठे सवाल

अभी ठंड पड़ रही है। ऐसे में सरसो, रिफाइंड या अन्य खाद्य सामग्री के खराब होने की आशंका है। लेकिन खाद्य विभाग के अभिहित अधिकारी सिर्फ होटल और कोल्ड ड्रिंक की दुकान पर ही छापेमारी कर मामले में शांति बना लेते हैं। ऐसे में बाजार में खाद्य पदार्थ मानक विहीन धड़ल्ले से बिक्री किए जा रहे हैं।

सांसद ने जताया शोक

बहराइच : फखरपुर के गजाधरपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज पांडेय के परिवार के भाजपा कार्यकर्ता कौशल पांडेय की माँ के आकस्मित निधन पर सासंद के साथ क्षेत्रीय नेताओं ने सौगहना स्थिति घर जाकर शोक सवेदना व्यक्ति किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतनिधि मुन्ना सिंह, जिले के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सीताराम पांडेय, भाजपा कार्यकर्ता चन्दन गौड़, श्रवण गौड़, नसीम खा, दिलीप पांडेय, अमरेश पांडेय, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सरस्वती नगर में लाखों की लागत से होगा इंटरलॉकिंग निर्माण

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : नगर पालिका के सरस्वती नगर वार्ड 17 में अब लोगों को जल्द ही जल निकासी की समस्या से निजात मिल जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की ओर से इस मोहल्ले में आरसीसी इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है जिसकी मंजूरी मिल गई है। जल्द ही निर्माण कर शुरू होने की उम्मीद है। इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण होने से मोहल्ले की 5000 से अधिक आबादी को लाभ होगा।

बहरीन नगर पालिका क्षेत्र के पंडित दीनदयाल वार्ड (सरस्वती नगर) में इस समय जल निकासी की काफी समस्या है। जल निकासी न होने से लोगों के घरों का पानी और बारिश का पानी सड़क मार्ग पर ही भर जाता है। जिससे मोहल्ले के लोगों का आवागमन प्रभावित हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए मोहल्ला निवासी शशि रानी, सचिन श्रीवास्तव, अजय बाजपेई, संजय जयसवाल और अनिल श्रीवास्तव समेत अन्य ने नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी और अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर समस्या से निदान दिलाए जाने की मांग की थी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रतिमा सिंह ने बताया कि मोहल्ले में इंटरलॉकिंग/आरसीसी और नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जिसकी मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में 1100 मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण होगा। यह निर्माण नौ मीटर रहेगा। उन्होंने बताया कि आरसीसी के साथ नाली निर्माण कार्य भी होगा।

विकास कार्य के लिए बनाया गया चार्ट।

जल्द ही शुरू होगा निर्माण कार्य

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नव सृजित वार्ड है। यहां आम जनता से जुड़ी कई समस्याएं हैं। इसको देखते हुए सभासद और अध्यक्ष के साथ उनके द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जिस पर हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जिससे मोहल्ले के लोगों को समस्याओं से निजात मिल जाएगी।

–प्रमिता सिंह ,ईओ

164 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

बहराइच,अमृत विचार : राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड सभागार मिहींपुरवा में आयोजित रोज़गार मेले कुल 12 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में आये हुए 223 प्रतिभागियों का साक्षात्कार करते हुए 164 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

सार-संक्षेप

आतंकियों को ढेर करने वाले राष्ट्र रक्षक थे महाराजा सुहेलदेव

बहराइच, अमृत विचार : चित्तौरा में स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक में बुधवार को राज्याभिषेक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विधायक और अन्य वक्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव के जीवन पर प्रकाश डाला। महाराजा सुहेलदेव के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ। इस अवसर वीर शिरोमणि महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, सुहेलदेव सेवा समिति के सचिव अर्जुन कुमार दिलीप, उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन गोयल, रामचंद्र सिंह, परम पूज्य विष्णु देवाचार्य महाराज, संरक्षक विनय कुमार शर्मा, अखंड प्रताप सिंह गोलू, ब्लॉक प्रमुख रमाकर पांडे, नवल सिंह, विजय सिंह ,अभिजीत मिश्रा, बेटू सिंह, अयोध्या प्रसाद अवस्थी एवं शोभाराम आदि मौजूद रहे।

महाराजा सुहेलदेव की जयंती पर माल्यार्पण करते विधायक और अन्य। अमृत विचार

बीयर की दुकान में शटर तोड़कर चोरी

बहराइच, अमृत विचार : शहर के आसाम चौराहा स्थित बीयर की दुकान का मंगलवार रात चोरों ने शटर तोड़ दिया। इसके बाद चोर नकदी और बीयर लेकर फरार हो गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरगाह थाना क्षेत्र के आसाम चौराहे पर बीयर की दुकान का संचालन होता है। इसकी ठेकेदार मीना निगम हैं। प्रतिदिन की तरह मंगलवार रात को दुकान का मुनीम दुकान बंद कर चला गया। देर रात अज्ञात चोर पहुंच गए। चोरों ने दुकान के शटर का तोड़ दिया। इसके बाद चोर पूरे दिन के बिक्री का रूपये और बीयर की कई पेटी लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान का शटर टूटा देख कर आसपास के लोगों ने चोरी की जानकारी मुनीम को दी। दुकान का मुनीम और मैनेजर मौके पर पहुंचे। चोरी की जानकारी दुकान मालिक को दी गई। इसके बाद सभी ने थाने में तहरीर दी है। चोरी का सीसीटीवी फुटेज कैमरे में क़ैद हुआ है। जिसमें दो से तीन चोर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जिसे पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

चोरी के लिए काटा गया शटर।

गरीबों की सभी करें मदद: ब्लॉक प्रमुख

महिलाओं को साड़ी देते ब्लॉक प्रमुख। अमृत विचार

हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में बुधवार को एक समारोह का आयोजन हुआ समारोह के तहत क्षेत्र की गरीब महिलाओं को ब्लॉक प्रमुख ने साड़ी व अन्य कपड़े वितरित किए। हुजूरपुर ब्लॉक सभागार में हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने अपना जन्म दिवस गरीबों की मदद के लिए मनाया। कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी सिंह सनी रहे। कार्यक्रम में प्रमुख से केक कटवा कर जन्मदिन बनाया गया। इस अवसर पर गरीब और असहाय लोगों को कंबल एवं साड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, प्रधान पिंटू सिंह, प्रधान रिंकू सिंह, सत्यम सिंह, प्रधान मिंटू सिंह, दिनेश सिंह, भयंकर सिंह, प्रधान कमलेश निषाद, सुनील निषाद, प्रधान रामू मिश्र, प्रधान गंगेश सिंह, पंकज शुक्ला, मनोज मिश्रा, अनिल सिंह, विकास सिंह, विपिन सिंह, वरिष्ठ लिपिक अजय सिंह सीडीपीओ विमल, प्रमोद सिंह, विशाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन का आयोजन 16 को

जरवलरोड, बहराइच : ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर भगवती सिंह की पूर्ण स्मृति में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का कार्यक्रम 16 फरवरी को आयोजित होगा। विद्यालय प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ठाकुर भगवती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड परिसर में 16 फरवरी को 8 :00 बजे से विद्यालय प्रांगण में अखिल भारतीय विराट कविसम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में नामचीन कवियों को आमंत्रित किया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा ने बताया कि रामेश्वर द्विवेदी प्रालंकर (ओज) हैदरगढ़, राधेश्याम भारती(हास्य व्यंग) इलाहाबाद, सतीश आर्य गीतकार छंद मनकापुर,व्याख्या मिश्रा गीतकार लखनऊ, आलोक सीता पूरी लोकगीतकार सीतापुर ,शशि श्रेया गीतकार लखनऊ, रामकिशोर तिवारी संचालक सुल्तानपुर सहित दर्जनों कवि कार्यक्रम में अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

पत्नी ने पति के पासपोर्ट को जब्त करने की उठाई मांग

बहराइच, अमृत विचार: पहली पत्नी को प्रताड़ित कर घर से भगाने के बाद तीसरा निकाह कर सऊदी अरब भागने की कोशिश में लगे शौहर के विरुद्ध दर्ज आपराधिक केस का हवाला देकर बीबी ने पुलिस कप्तान से पासपोर्ट जब्त कराये जाने की गुहार लगाई है। रिसिया थाने के निबिया हुसैनपुर गांव निवासी बब्बन की पुत्री सकीना का निकाह नगर कोतवाली के नाजिरपुरा के साबिर अली के साथ हुआ था। पति कुछ दिनों बाद रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब चला गया और उसका आना जाना बना रहा। पति जब भी आता तो अपने घर वालों के साथ सकीना को प्रताड़ित करता। ससुरालीजनों के रवैये से आजिज महिला मायके चली गई और वापस आने पर पति साबिर , जेठ जाबिर अली , देवर शहजाद अली , देवरानी गुलफाम , शमशाद व साबिर की तीसरी पत्नी गुड़िया ने अक्टूबर 23 में घर से भगा दिया। महिला ने सभी के विरुद्ध महिला थाने में मारपीट , जान से मारने की धमकी , डीपी एक्ट व मुस्लिम महिला विवाह अधिनियम के तहत केस पंजीकृत कराया। इन गम्भीर आपराधिक मामले के दर्ज होने के बाद साबिर व उसकी तीसरी बीबी गुड़िया सऊदी अरब भागने के फिराक में लगे होने की भनक पाकर महिला ने पुलिस कप्तान से गुहार लगाकर पासपोर्ट जब्त किये जाने की याचना की है

भाजपा मे शामिल होने का जिला सचिव ने किया खंडन

मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार : बलहा विधान सभा क्षेत्र में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बसपा सहित कई पार्टियों में कार्यरत कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने की बात सामने आई थी। जिसका समाचार पत्रों ने प्रमुखता से भी प्रकाशित किया था। बुधवार को समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के बाद बसपा के जिला सचिव व विधानसभा प्रभारी उत्तम सिंह चौहान ने पत्र जारी कर उन बातों का खंडन किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले निरंजन मौर्य व डा. प्रेमधारी गौतम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के नाम का उल्लेख किया गया है जो पूर्णत: गलत है। उन्होंने बताया पिछले वर्षो मे पूर्व बलहा विधान सभा में हुए उपचुनाव में यह दोनों लोग बसपा छोड़ चुके हैं और तभी से यह भाजपा में है। वर्तमान में इनका भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की बात असत्य है। इनका बहुजन समाज पार्टी से कोई लेना देना नहीं है।

विधायक ने 208 लोगों को कराया भाजपा में शामिल

तेजवापुर, बहराइच

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर भाजपा पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का सिलसिला जारी है इसी क्रम मे मंगलवार को विधानसभा महसी के विधायक सुरेश्वर सिंह की अगुवाई में समाजवादी पार्टी बसपा तथा कांग्रेस पार्टी को छोड़कर 208 लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया।

ब्लॉक सभागार तेजवापुर में विभिन्न पार्टियों के सदस्यों को भाजपा का पटका पहनकर स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने पार्टी में शामिल किया भाजपा में जुड़े सभी नए सदस्यों ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार जताते हुए पार्टी की नीतियों तथा विचारों में विश्वास जताते हुए बताया कि भाजपा द्वारा संचालित योजनाओं से आम जन का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है भाजपा की कथनी-करनी में भेद नही है इसीलिए हम सभी भाजपा की नीतियों व कार्यों के साथ महसी विधायक सुरेश्वर सिंह की स्पष्ट राजनीति से प्रभावित प्रभावित होकर स्वेच्छा से भाजपा में शामिल हो रहे हैंकार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नन्हे लाल लोधी, जिला भाजपा प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह (गोलू सिंह) प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय, दिवाकर पाण्डेय रहे,मंच संचालन जिला मंत्री राम निवास जायसवाल ने किया, मंडल अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, संजय त्रिवेदी, सर्वजीत सिंह, प्रदीप सैनी, महामंत्री प्रदुम्न प्रसाद मिश्र, विद्याधर बाजपेई सहित चारों मंडल के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

भाजपा की सदस्यता दिलाते विधायक। अमृत विचार

व्यवस्था केन्द्रों के लिए नामित किये गये प्रथम श्रेणी के अधिकारी, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक की भूमिका का करेंगे निर्वहन

पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रत्येक केंद्र पर निगरानी करेंगे दो-दो सहायक

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के लिए जिले में 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में होने वाली परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के लिए डीएम मोनिका रानी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु केन्द्र व्यवस्थापक के साथ-साथ 02-02 सहायक केन्द्र व्यवस्थापक तथा परीक्षा सहायक की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक केन्द्र के लिए नियुक्त किये गये 02 सहायक केन्द्र व्यवस्थापकों में से 01 प्रथम श्रेणी का अधिकारी होगा।

डीएम मोनिका रानी।

डीएम ने बताया कि परीक्षा केन्द्र आजाद इण्टर कालेज के लिए मनोज कुमार पाण्डेय को केन्द्र व्यवस्थापक, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा व मो. आफताब खां को सहायक केन्द्र व्यवस्थापक तथा सुनीता आर्या व खालिद इकराम खां को परीक्षा सहायक नियुक्त किया गया है। पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए जसवन्त सिंह केन्द्र व्यवस्थापक, भूमि संरक्षण अधिकारी सौरभ वर्मा व राजेश कुमार सिंह को सहायक तथा वर्षा गौतम व सतवीन्दर सिंह को परीक्षा सहायक नियुक्त किया गया है। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल राहवा चौराहा, भिनगा रोड के लिए हेमलता त्रिपाठी केन्द्र व्यवस्थापक, एआर को-आपरेटिव संजीव तिवारी व अमीर परवेज़ खां को सहायक तथा प्रीति झा व सुजीत कुमार को परी.सहा. नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्र महिला पी.जी. कालेज के लिए डॉ. प्रिया मुखर्जी केन्द्र व्यवस्थापक, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी व श्रीमती ज्योति त्रिपाठी को सहायक तथा योगेन्द्र पाल व डॉ. कलीम अहमद को परी.सहा. नियुक्त किया गया है। सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवपुरी के लिए रवि कुमार शुक्ला केन्द्र व्यवस्थापक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बीपी सत्यार्थी व अनूप कुमार गुप्ता को सहायक तथा बच्छराज व राजेन्द्र कुमार मिश्रा को परी.सहा. नियुक्त किया गया है। महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए शिवेन्द्र सिंह केन्द्र व्यवस्थापक, अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा व आरएस पाण्डेय जिला को सहायक तथा उमेश कुमार पाण्डेय व प्रकाश गुप्ता को परी.सहा. नियुक्त किया गया है। स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच के लिए विनय सक्सेना केन्द्र व्यवस्थापक, सहा.नि. रेशम मिथलेश कुमार सिंह व डॉ. मो. उस्मान जिला को सहायक तथा आरपी सिंह व किशुनवीर को परी.सहा. नियुक्त किया गया है। संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ कालेज के लिए रोहित प्रकाश सिंह केन्द्र व्यवस्थापक, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय व अरूण कुमार कनौजिया को सहायक तथा ओपी त्रिपाठी व डॉ. सुधाकर प्रसाद त्रिपाठी को परी. सहा. नियुक्त किया गया है। चौधरी सियाराम इण्टर कालेज माधवपुर फखरपुर के लिए बृजेन्द्र कुमार शर्मा केन्द्र व्यवस्थापक, एएमए जिला पंचायत डॉ. वीरेन्द्र बहादुर व प्रदीप कुमार मौर्य को सहायक तथा अमित कुमार पाण्डेय व सुरेन्द्र कुमार पटेल को परी.सहा. नियुक्त किया गया है। राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए किरन कुमारी केन्द्र व्यवस्थापक, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी व राज्ञा अंसारी को सहायक तथा अरविन्द कुमार मिश्रा व प्रीति गोस्वामी को परी.सहा. नियुक्त किया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

> मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

प्रसंगवश

महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

> वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

लिव इन अब कोई खेल नहीं

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

सोशल फोरम

कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

एक नजर

पुरानी रंजिश में महिला को पीटा, मामला दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को विपक्षी ने जमकर मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आई। कोतवाली के भूपतिपुर गांव की रहने वाली महिला की गांव के ही भगवानदीन से पुरानी रंजीत चल रही थी। आरोप है की सोमवार को भगवानदीन ने घर में घुसकर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। मंगलवार को पीड़िता की दी गई तहरीर पर पुलिस ने भगवानदीन के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

साइकिल चोर को भेजा जेल

सुलतानपुर, अमृत विचार। मंगलवार को कुड़वार कस्बे के पूरे अयोध्यालाल निवासी राजेंद्र मौर्य पुत्र भुलई मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी सोमवार को कस्बे के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने साईकिल से गई थी। जब बाहर निकली तो साइकिल गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू की तो चोरी की साइकिल के साथ राजापुर रोड पर आरामशीन के पास मनीष उर्फ छोटू मिश्रा निवासी पूरे परवानी मिश्र मजरे हरखपुर को गिरफ्तार कर लिया।

शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। पुलवामा हमले की पांचवी वर्षगांठ पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्राम पंचायत उडुरी में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हरिओम निषाद की तरफ से बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में शहीदों को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्री निषाद ने देश के प्रति जान गंवाने वाले अमर शहीद सैनिकों की याद में कैंडल जलाया। मौके पर संतोष कुमार सिंह, सोहेल शेख, दुर्गा प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, पंकज यादव, अरविंद यादव, जय बहादुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

द्वार पूजा के दौरान हर्ष फायरिंग में गई युवक की जान

पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, एसपी ने शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी के दिए निर्देश, रोक के बाद भी हो रही हर्ष फायरिंग

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचार। शादी समारोह साहित अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग पर रोक के बावजूद लोग बाज नहीं आ रहे हैं। बारात में द्वार पूजा के दौरान गोली चलने से सजावट का काम करने आए युवक के पेट में गोली लग गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज का जांच शुरू की। एसपी सोमेन बर्मा ने घटनास्थल की जांच की और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

लंभुआ नगर पंचायत के शिव नगर वार्ड निवासी हरिशंकर तिवारी की बेटी प्रतिभा तिवारी कि मंगलवार को शादी थी। अमेठी जनपद के लवकुश द्विवेदी शाम को बारात के साथ पहुंचे। जलपान इत्यादि करने के बाद रात करीब 10:30 बजे द्वार पूजा का आयोजन शुरू हुआ। उसी समय हर्ष फायरिंग के दौरान कादीपुर खुर्द निवासी हेमंत मिश्रा (32) जो टेंट एवं सजावट के काम से आया था, उसके पेट में गोली लग गई। वह जमीन पर गिर पड़ा। लोगों ने जब देखा कि युवक को गोली लगी हुई है तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद उसके पिता समेत घर वाले सुलतानपुर पहुंचे और अपने बेटे को मृत पाया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सोमेन बर्मा, सीओ अब्दुस्स सलाम फोर्स के साथ पहुंच गए। एसपी सोमेन बर्मा ने वारदात की जानकारी ली और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। मृतक युवक के पिता राजेंद्र प्रसाद मिश्रा उर्फ बब्बू की तहरीर पर पुलिस ने मीनू सिंह तथा कल्लू तिवारी समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

लंभुआ में मौके पर जांच करने पहुंचे एसपी व इनसेट में हेमंत की फाइल फोटो।

पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने राजमार्ग पर शव रखकर किया प्रदर्शन

कादीपुर। टेंट व्यवसायी हेमंत मिश्रा (32) का शव परिजनों को मिला तो पुलिसिया कार्रवाई से असंतुष्ट पिता राजेंद्र प्रसाद उर्फ बब्बू मिश्र करीब दो सौ ग्रामीणों के साथ देवाढ़ पुल कादीपुर खुर्द गांव के पास शव चांदा-कादीपुर राजमार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस पर आरोप लगाए। आंदोलन कर रहे लोगों का कहना है कि अब तक मृतक के कपड़े व मोबाइल पुलिस बरामद नहीं कर सकी है। तहरीर में संसोधन, जिन दो वाहनों से अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया उनके मालिकों समेत सभी आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य मांगें शामिल है। मौके पर डीएम एसपी के बुलाने पर भी आंदोलनकारी अड़े है। करीब पांच बजे शुरू हुआ जाम खबर लिखे जाने तक जारी रहा। मौके पर एसडीएम कादीपुर शिव कुमार, तहसीलदार मयंक मिश्र, कोतवाल कादीपुर अशोक सिंह, कोतवाल लंभुआ शिवाकांत त्रिपाठी, कोतवाल दोस्तपुर लक्ष्मीकांत दल बल के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों का समझाने का प्रयास नाकाफी रहा।

कादीपुर में राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

पेड़ से टकराई कार, एक की मौत

- तीन महिलाओं सहित छह की हालत नाजुक, रेफर

कूरेभार, सुलतानपुर

अमृत विचार। बुधवार दोपहर कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत राम पथ गमन मार्ग पर पुरखीपुर गांव के समीप साइकिल सवार को बचाने के चक्कर मे सुलतानपुर से अयोध्या जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

घटना में साइकिल सवार राम मिलन दूबे निवासी इछुरी पुरखीपुर थाना कूरेभार सहित कार चालक सूरज निवासी रौहानी थाना हैदरगंज व कार में सवार एक ही परिवार के अखिलेश तिवारी, मां माधुबी तिवारी, पत्नी रुचि तिवारी, बहन दुर्गावती, 3 वर्षीय बेटा देवांश निवासी खजुरहट जनपद अयोध्या गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 व एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी कूरेभार लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों राजकीय मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया है। वहीं, साइकिल सवार राम मिलन दूबे (70) निवासी पुरखीपुर की इलाज के दौरान राजकीय मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

घायलों को एंबुलेंस से पहुंचाया गया अस्पताल। अमृत विचार

फंटे से लटकता मिला युवक का शव

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के लौहर दक्षिण गांव से बाहर स्थित बाग में बुधवार को पेड़ की डाल से रस्सी के फंदे से एक युवक का शव लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। जिसकी पहचान लौहर दक्षिण गांव निवासी जगराम (33) पुत्र श्री राम के रूप में हुई। मृतक जगराम के एक लड़की व तीन लड़के हैं। ग्रामीणों की मानें तो मृतक कर्ज से परेशान था। इस बावत थानाध्यक्ष तरूण कुमार पटेल ने बताया कि पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का नजर आ रहा है, जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

माननीयों के केस में नहीं हो सकी सुनवाई

अदालत से

- न्यायालय ने 19, 21 और 26 फरवरी की तारीख नियत की

सुलतानपुर

अमृत विचार। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में माननीयों के केस में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नही हो सकी। विशेष कोर्ट में विचाराधीन पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के मामले में सुनवाई 21 फरवरी को, राज्य सभा सांसद संजय सिंह के मामले में, 26 फरवरी वही पूर्व विधायक अनूप संडा में, 19 फरवरी रघुवीर यादव के मामले में आरोपी आयुषी श्रीवास्तव हाजिर अदालत हुई। बचाव पक्ष के वकील समरजीत सिंह ने वारंट रिकाल की मांग की जिस पर कोर्ट ने वारंट निरस्त कर आयुषी का बयान दर्ज किया। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 19 फरवरी की तारीख नियत की है।

पॉक्सो कोर्ट ने यौन अपराध में दो को सजा सुनाई

संवाददाता, सुलतानपुर। पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज पवन शर्मा ने किशोरियों से छेड़छाड़ के दो दोषियों को बुधवार को सजा सुनाई। अभियोजन के मुताबिक लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 जुलाई 2020 को अभियुक्त अतहर अली ने घर में घुसकर नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ किया। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर प्रतापगढ़ निवासी अतहर अली को दोषी मानते हुए बुधवार को तीन साल की जेल और पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। उधर अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी नूर मोहम्मद उर्फ कल्लू को इसी कोर्ट ने तीन साल की जेल और तीन हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह घटना तीन जनवरी 2022 को हुई थी जब किशोरी शौच के लिए बाहर गई थी। दोनों मुकदमों की पैरवी सरकारी वकील सीएल द्विवेदी ने की।

निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य: जितिन

- कैबिनेट मंत्री ने किया 151 करोड़ से 91 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

करौंदीकला/सूरापुर, सुलतानपुर

अमृत विचार। बुधवार को जिले में पहुंचे लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के मंत्री जितिन प्रसाद का पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह, डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, एसपी सोमेन बर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कादीपुर विधान सभा के करौंदीकला में आयोजित कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

कादीपुर विधान सभा में पीडब्ल्यूडी की 89-परियोजनाएं सेतु निगम की 2 परियोजना का शिलान्यास किया। जिसकी कुल लागत 151.14 करोड़ रुपए है। संबोधन के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने बताया कि सभी परियोजनाएं विधानसभा कादीपुर के जनता लिए समर्पित है। सभी सड़कों का गुणवत्तापूर्ण व मानक के अनुरूप समय से निर्माण कार्य पूरा होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी धर्मवीर सिंह से सभी परियोजनाओं की समय सीमा निर्धारित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सड़कों का निर्माण ससमय गुणवत्तापूर्ण कराने का भी निर्देश दिया है। सांसद प्रतिनिधि रणजीत सिंह, विधायक कादीपुर राजेश गौतम द्वारा अन्य कई सड़कों का प्रस्ताव दिया गया। जिस पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया। मौजूद आमजनमास,जनप्रतिनिधियों सहित सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी का धन्यवाद दिया। बिजेथुआ महावीरन धाम में मंत्री ने दर्शन पूजन किया। सासंद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने रवनिया सड़क के साथ-साथ कटका-मायंग सड़क स्वीकृति के लिए सांसद मेनका गांधी की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं जिले की दो प्रमुख मार्ग अलीगंज देहली व अहदा-विरसिंहपुर-दियरा मार्ग ,नेमपुर घाट व मेवपुर मार्ग को जल्द स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। साथ ही हलियापुर - वेलबाई मार्ग के मध्य सेमरी बाजार में 330 मीटर सड़क जिसे विभाग की लापरवाही से 3.50 मीटर चौड़ी सड़क स्वीकृति किया गया है को बदल कर 7 मीटर करने का आग्रह किया गया। जिसे मंत्री ने मौजूद अभियंता को निर्देशित किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोनिवि संतोष मणि त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड विजय चंद्र, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम प्रशांत कुमार सिंह, सहायक अभियंता चित्रा वर्मा, डीजी सिंह, वंदना यादव, दुर्गेश सिंह, राहुल सोनी, अवर अभियंता अमरदीप, अतुल वर्मा, अमित रावत, कादीपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता विजय शंकर पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, बीडीओ करौदी कला प्रमोद पांडेय, सर्वेश मिश्रा व बंटी आदि मौजूद रहे।

बिजेथुआ महावीरन धाम में दर्शन-पूजन करते लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद।

1640 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

सुलतानपुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अपने किले को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को चार विधानसभा में आयोजित मिलन समारोहों में अन्य दलों के 1640 लोगों ने पार्टी का दामन थाम लिया। इस दौरान दूसरे दलों के सभासद, प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी, पूर्व बीडीसी कोटेदार , पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, विधायक विनोद सिंह पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, विजय सिंह रघुवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

अधिवक्ताओं की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

सुलतानपुर, अमृत विचार। बार एसोसिएशन सुलतानपुर की अधिवक्ताओं की साधारण सभा की बैठक बुधवार को संघ भवन में बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बार की नियमावली के विशेष पहलुओं व अधिवक्ता भारत नाथ के प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया। बार अध्यक्ष ने पूर्व सलाहकार समिति के अवैधानिकता को देखते हुए उनके स्थान पर अस्थाई सलाहकार समिति शीघ्र बनाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शिवमंगल शुक्ल, गिरिजाप्रसाद शुक्ल, नरोत्तम शुक्ल, नागेन्द्र सिंह, शिशिर सिंह, श्रवण पांडेय, प्रदीप यादव, कुलदीप वर्मा, अजय त्रिपाठी, बलराम तिवारी समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन महासचिव आर्तमणि मिश्र ने किया।

बैठक को संबोधित करते महासचिव आर्तमणि मिश्र।

करोड़ों की धोखाधड़ी में पुलिस की क्लीन चिट रद

- अदालत ने दिया अग्रिम विवेचना का आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। भूमि विक्रय के सौदे में पांच करोड़ 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपियों को दी गई क्लीन चिट रिपोर्ट मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बटेश्वर कुमार ने खारिज कर पुलिस को अग्रिम विवेचना का आदेश दिया है। कोतवाली नगर के सिविल लाइन निवासी अमित कुमार सिंह और इमरान बाबू तथा बहादुरपुर निवासी सिराज खान और प्रतापगढ़ के दिनेश चंद्र जायसवाल के बीच शहर के गोराबारिक में स्थित भूमि विक्रय के बाद मुनाफे में हिस्सेदारी को लेकर दो समझौते हुए थे। भूमि विक्रय के बाद दिनेश चंद्र जायसवाल ने अमित सिंह के पार्टनर इमरान बाबू को पांच करोड़ 40 लाख रुपए का चेक दिया था। बैंक अकाउंट में धनराशि नही होने के कारण चेक बाउंस हो गए। जिसके बाद कोतवाली नगर थाने में बीते साल धोखाधड़ी, गबन और हत्या की धमकी का केस दर्ज हुआ था। मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने अदालत में फाइनल रिपोर्ट में दाखिल कर आरोपियों को क्लीन चिट दे दी। कोर्ट से नोटिस मिलने पर पीड़ित अमित ने अधिवक्ता अब्बास अहमद खान के जरिए कोर्ट में पुलिस रिपोर्ट को चुनौती दी। कोर्ट ने साक्ष्यों और अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए पुलिस की क्लीन चिट को रद कर अग्रिम विवेचना करके रिपोर्ट अदालत में दाखिल करने का आदेश दिया है।

एंबुलेंस ने ट्रक में मारी ठोकर, दो घायल

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। बुधवार को पुर्वाचल एक्सप्रेस वे के रास्ते मरीज छोड़ लखनऊ से एंबुलेस आजमगढ़ जा रही थी। सुबह करीब 9 बजे एंबुलेंस जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के 136 किमी. पर आगे चल रही ट्रक में ठोकर मार दिया। जिससे एम्बुलेंस के आगे का परखच्चा उड़ गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज अंबेडकर नगर भेजा। साथ क्षतिग्रस्त एंबुलेंस को क्रेन की मदद से सेमरी टोल प्लाजा पर खड़ी करवा यातायात बहाल करवाया। घायलों की पहचान एम्बुलेंस चालक कृष्णकांत बर्मा, निवासी सुरूरपुर थाना दोस्तपुर, दूसरे की बहराइच निवासी मुकेश के रुप में हुई है।

अहमदाबाद खेलने जाएंगे पांच खिलाड़ी

सुलतानपुर, अमृत विचार। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल चौंपियनशिप अहमदाबाद में होगी। इसके लिए जनपद के पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है। आयुषी यादव, अनुभव मिश्रा, अरशद आलम, हिमेश मिश्रा, कपिल यादव प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। एसोसिएशन के सचिव डॉ. बाबा दिन चौधरी ने बताया कि 16 से 18 फरवरी 2024 तक अहमदाबाद में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रतिभाग लेंगे। एसोसिएशन कार्यालय से सभी चयनित खिलाड़ियों को बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक अहिमाने के मैनेजर रंजीत कुमार व सहायक मैनेजर संजय यादव ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया। एसोसिएशन उपाध्यक्ष व एमजीएस के प्रवक्ता राजेश कुमार कनौजिया, महेश कुमार, पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आरबी पांडेय, सत्यवीर यादव, अवधेश मिश्रा, चंदेश यादव, टीम कोच महेंद्र प्रताप खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना का हुआ शिलान्यास

सुलतानपुर, अमृत विचार। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की अगुवाई में शहर के तिकोनिया पार्क के पूर्वोत्तर कोने पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के लिए बसंत पंचमी के अवसर पर भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अरविंद सिंह राजा, आरएसएस के विभाग प्रचारक डॉ. रमाशंकर मिश्र, डॉक्टर एके सिंह, अमित सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, मंजू सिंह, दीप सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मालती सिंह,अंश सिंह, मृत्युंजय सिंह, सजल सिंह, वेद प्रकाश सिंह, बसंत सिंह, इंजी. आरपी सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

प्रतिमा स्थापना के लिए किया गया शिलान्यास।

विधि पत्रकारों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

विधि क्षेत्र के पत्रकारों का हुआ सम्मान

सुलतानपुर, अमृत विचार। हिंदी पत्रकारिता में विधि क्षेत्र के समाचार लेखन में योगदान के लिए बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर में पत्रकारों का सम्मान किया गया। बार एसोसिएशन चुनाव में सचिव पद के प्रत्याशी अधिवक्ता दिनेश दुबे ने इस मौके पर पत्रकारों को फूल माला पहनाई तथा अंग वस्त्र देकर भेंटकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्ता जीतेंद्र श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, विजेंद्र द्विवेदी, अशोक कुमार शुक्ल, विमल दुबे और अंकुश यादव को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि निष्पक्ष छवि वाले पत्रकारों की वजह से ही समाज में जागरूकता आती है और लोगों को सही जानकारियां मिल पाती हैं। जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारिता और पत्रकारों के मायने बदल गए हैं। लोगों को निष्ठा और ईमानदारी से पत्रकारिता करने की जरूरत है। इस मौके पर अधिवक्ता राजन शुक्ल, अतुल श्रीवास्तव, प्रेम तिवारी, मुकेश पाण्डेय, संतोष मिश्र आदि मौजूद रहे।

वीरांगना फूलन देवी का शौर्य दिवस मनाया गया

सुलतानपुर, अमृत विचार। बुधवार को शहर के नजदीक बल्लीपुर गांव में मछुवा कल्याण संस्थान के बैनर तले वीरांगना फूलन देवी का संघर्ष शौर्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद, प्रधान राजेश निषाद, वीआईपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उर्मिला निषाद, विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रबंधक हरिशचंद निषाद, फौजी संतोष सोनकर, देवतादीन निषाद, अति विशिष्ट अतिथि के रुप मेंप्रेम चंद निषाद, प्रियंका निषाद आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमई प्रसाद निषाद, संचालन विजय कुमार निषाद ने किया। इस मौके पर महादेव निषाद, संतोष निषाद, शिव शंकर निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

1 लाख 8 हजार 471 एमटी धान खरीदा गया

- धान खरीद में मंडल में सुलातानपुर को मिला दूसरा स्थान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। जिले में सरकार की ओर से धान खरीद के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था। विभाग की ओर से लक्ष्य से कम धान की खरीद हुई। हालांकि मंडल में सुलतानपुर को दूसरा स्थान मिला है। ऐसे में विपणन विभाग के धान खरीद को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालाकि विभाग का दावा है कि लक्ष्य का 90 प्रतिशत से अधिक धान की ख़रीद हुई है।

विभाग की ओर से धान खरीद के लिए जिले में 87 धान क्रय केंद्र स्थापित किया गया था। एक नवंबर से धान की खरीद शुरू की गई थी। शासन की ओर से 1लाख 20 हजार एमटी धान खरीद का लक्ष्य दिया गया था। विभाग द्वारा अब तक 87 धान क्रय केंद्रों से 1लाख 8हजार 471 एमटी ही धान खरीद सका है।इस बार खाद्यान्न विपणन विभाग लक्ष्य के नजदीक ही पहुंच सका। लक्ष्य से कम धान की खरीद हुई है। बताते चलें कि किसानों के धान खरीद के लिए खाद्य विभाग के 24, पीसीएफ के 53, पीसीयू के 7, एफसीआई के 2 व मंडी परिषद से एक क्रय केंद्र बनाया गया था। फिर भी विभाग द्वारा बनाए गए धान क्रय केंद्र लक्ष्य पूरा नहीं कर पाएं।

87 केंद्रों पर 23 करोड़ 67 लाख से की गई खरीदारी

विभाग द्वारा 18 हजार 5 सौ किसानो से 87 क्रय केंद्रों के माध्यम 1 लाख 8 हजार 471 एमटी ही धान की खरीद हो सकी है। जो कि शासन से मिले लक्ष्य का 90 .35 प्रतिशत है। अब तक कुल 23 करोड़ 67 लाख रुपए की धान खरीद हुई है। जिसमें 23 करोड 25 लाख का भुगतान किसानो को कर दिया गया है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि एक नवंबर से फरवरी माह तक 1 लाख 8 हजार 471 एमटी धान की खरीद की गई है। लक्ष्य से कुछ कम धान की खरीद हुई है। जबकि अभी धान खरीद की अंतिम तिथि 29 फरवरी होने के मामले में लक्ष्य हासिल करने की बात की गई तो उन्होंने बताया कि अब लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। क्योंकि किसान धान क्रय केंद्र पर बिक्री करने के लिए नहीं आ रहे हैं।

आयोजन वसंत पंचमी व पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देने को अखिल विश्व गायत्री परिवार ने लगाया शिविर, कई दंपतियों ने भी एक साथ किया रक्तदान

वसंत पंचमी पर्व पर 111 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। बसंत पंचमी व पुलवामा हमले के शहीदों की श्रद्धांजलि देने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में सुलतानपुर में संयुक्त सेवा समिति की ओर से सुलतानपुर गभड़िया स्थित किशोरी वाटिका में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सुलतानपुर रक्त कोषएवं केजीएमयू लखनऊ की टीम के द्वारा 111 रक्तदानियों का रक्त एकत्रित किया गया।

बसन्त पंचमी पर्व पर सभी ने यह रक्तदान शिविर पुलवामा के शहीदों को समर्पित किया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ सर्जन डॉ एके सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. आरके मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके गोयल, नेत्र सर्जन डॉ रवि त्रिपाठी, यूरोलॉजिस्ट डॉ रमेश ओझा, अमर बहादुर सिंह, डिप्टी कमांडेंट दीपक आरटीसी सीआरपीएफ, अशोक सिंह ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉक्टर सुधाकर सिंह धन्यवाद देते हुए सभी संस्थाओं का आभार प्रकट किया और कहा कि ऐसे ही सभी संस्थाएं मिलकर लोक सेवा के कार्य मे लगी रहे।। शिविर में 21 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। जिसमें शालिनी सिंह, शिवानी सिंह, सद्भावना सिंह, श्रद्धा सिंह, नीलम सिंह, विदोतमा तिवारी, नीना श्रीवास्तव, प्रज्ञा,आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

रक्तदान करतीं शिवानी सिंह। रक्तदान शिविर का उद्घाटन करने पहुंचे अतिथिगण। अमृत विचार

इन समितियों ने किया सहयोग

रक्तदान शिविर में गायत्री परिवार, अम्बे दल, घर सुलतानपुर फॉउंडेशन, गोमती मित्र मंडल, अपराध निरोधक समिति, सीआरपीएफ आरटीसी त्रिसुंडी टीम, सुरम्या हॉस्पिटल के युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर जितेंद्र श्रीवास्तव, सभासद गिरीश मिश्रा, नूरी इदरीश, हिमांशु श्रीवास्तव, रज्जन सिंह, शिवाकांत पाण्डेय, अनुराग गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि सुधीर तिवारी, पारितोष गुप्ता, एमडी के प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, अनुज अग्रहरि, सन्दीप सिंह , अम्बरीष, अनूप गुप्ता, हनुमान सिंह, पवन शर्मा, डॉ. शिवम आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

महिलाओं के साथ पतियों ने भी किया रक्तदान

जनपद के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सिंह ने अपना 36वां रक्तदान अपनी पत्नी शिवानी के साथ किया। साथ ही गौरव सिंह व शालिनी सिंह, गुड्डू सिंह व सद्भावना सिंह, नीलम सिंह व एसपी सिंह, अनुज अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

एक नजर

रेलवे ट्रैक के पास नेपाली युवक का पड़ा मिला शव

सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के औदही कला गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे मंगलवार देर शाम युवक का शव पाया गया। मृतक नेपाल का निवासी बताया जा रहा है। क्षेत्र के औदही कला में रेलवे ट्रैक के किनारे शाम को ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा। युवक के पास तीन मोबाइल व दो दिन पहले का ट्रेन का टिकट मिला है। सूचना मिलने पर ढेबरुआ एसओ शशांक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। शव की पहचान मुकेश कुमार (20) पुत्र बृजमोहन राजभर निवासी झंड़ेनगर थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल के रूप में हुई। इस संबंध में एसओ शशांक सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। शरीर पर चोट के निशान हैं। आशंका है कि युवक की मौत ट्रेन से गिरने से हुई है।

सख्ती: यातायात पुलिस ने चार बसें की सीज

गोरखपुर, अमृत विचार। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए सड़क जाम करने पर चार बसों को एसपी ट्रैफिक श्याम देव बिंद ने सीज कर दिया। शहर में अवैध तरीके से नो एंट्री में यातायात प्रभावित करने वाले 20 वाहनों को क्रेन से उठाकर पुलिस लाइन यार्ड /जल कल पार्किंग में खड़ा करा दिया गया है। सीज की गईं बसें रोडवेज बस स्टेशन पर मनमाने तरीके से सड़क पर आड़े-तिरछे खड़ी कर सवारियां भर रहीं थीं। जिससे रोड जाम हो जाता है।

रामलीला का हुआ मंचन

हरदोई। नुमाइश मैदान में चल रामलीला में बुधवार को राम और शत्रुघन राम को वन से वापस लाने के लिए पहुंचे, लेकिन भगवान ने पिता के वचनों का पालन करने की बात कहते हुए जाने से इन्कार कर दिया, जिस पर भरत राम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या वापस लौट गए।

एसएसबी ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा पुलवामा आतंकी हमले में प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को याद कर नमन किया गया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए भारत माता के वीर सपूतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि और पुष्प अर्पण कर नमन किया गया।

कमांडेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि पुलवामा आतंकी हमला 14 फरवरी, 2019 को हुआ था. इसे भारत पर हुए सबसे खतरनाक आतंकी हमलों में से एक माना जाता है। इस काले दिन को आतंकियों ने विस्फोटकों के लदे वाहन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले को निशाना बनाया था। हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे, जबकि 35 घायल हुए थे। हमारा देश उन बहादुर जवानों के सर्वोच्च बलिदान के लिए सदा ऋणी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सीमा चौकी ककरहवा कमांडर विक्रम सिंह के नेतृत्व में सीमा चौकी के जवानों के साथ-साथ मोहना थाना से निरीक्षक जीवन त्रिपाठी, ककरहवा पुलिस चौकी इंचार्ज उप-निरीक्षक ब्रिजेश कुमार सिंह, भागीरथी सूर्यनाथ त्रिपाठी इंटर कॉलेज ककरहवा से प्रबंधक कृष्ण कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य रूपा उपाध्याय, और शिक्षकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्लड बैंक में बहुत कम बचा खून, निगेटिव ग्रुप का निल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में खून की कमी हो गई है। ऐसे में जिले में कोई बड़ा हादसा होता है तो खून के अभाव में मरीजों की जान जा सकती है। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में मात्र आठ यूनिट खून बचा हुआ है। जबकि निगेटिव ग्रुप का एक भी यूनिट खून नहीं है। ए पाजिटिव ग्रुप का भी खून नहीं है।

मेडिकल कॉलेज में संचालित हो रहे ब्लड बैंक के भरोसे जिले के 27 लाख आबादी है। लेकिन ब्लड बैंक में खून की कमी होने से लोगों के मन में हादसे की आशंका बनी रहती है। प्रतिदिन जिले में 100 से अधिक प्रसूता महिला अपना इलाज करवाने के लिए आती है। जिसमें से लगभग 10 से अधिक महिलाओं को खून की जरूरत पड़ती रहती है। लेकिन ब्लड बैंक में खून की कमी होने पर लोगों को खून के लिए भटकना पड़ता है। जबकि इमरजेंसी होने पर लोगों को उस ग्रुप के व्यक्ति को ढूंढना पड़ता है। ऐसे में समय से खून नहीं मिलने के अभाव में लोगों की जान भी जा सकती है। 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा भी शुरू होने वाली है। इस दौरान यदि कोई हादसा हो गया तो ब्लड की व्यवस्था कैसे होगी। पिछले वर्ष ही डुमरियागंज में इंटर की परीक्षा देने जा रहे एक साथ तीन छात्रों का हादसा हो गया था। हालांकि उनको ब्लड की आवश्यकता नहीं पड़ी थी। लेकिन बड़ा हादसा होने से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। ब्लड बैंक से दोनों पड़ोसी जिले के ब्लड बैंक की दूरी लगभग 70 किमी है। जहां से ब्लड आने में हादसे को इंकार नहीं किया जा सकता है।

> यह चिंताजनक है। इसलिए ब्लड बैंक में खून की कमी दूर करने के लिए कैंप लगवाने के लिए प्रतिनिधियों से कहा गया है। हमें पूरी उम्मीद हैकि जल्द ही ब्लड बैंक में खून की कमी दूर कर दी जाएगी।
>
> **-डॉ एके झा,** प्रभारी प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

यातायात नियमों का सख्ती से कराएं पालन

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने पिछली बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की। कहा कि यातायात नियमों की जानकारी जनता को कैंप लगाकर दी जाए। विद्यालय के वाहनों की फिटनेस की जांच समय-समय पर कराई जाए और बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यतः सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही के कारण होती हैं। एआरटीओ को निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग गाड़ियों पर कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। सभी सड़कों पर सफेद पट्टी और स्पीड ब्रेकर लगवाएं जाएं। कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय चालकों को हेलमेट अवश्यक लगवाएं। बाइक पर तीन सवारियां न चलने दें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य कराएं। कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पाट वाले स्थलों का टीम गठित कर निरीक्षण कर वहां पर संकेत बोर्ड आदि लगवाएं। क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि सड़कों के किनारे अतिक्रमण न होने दें और ढाबो के किनारे भारी वाहन न खड़े होने दें।

जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चो को जागरूक करने का निर्देश दिया। एन.एच. से लिंक रोड पर संकेतक बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। एआरएम रोडवेज को सभी बस चालकों के हेल्थ परीक्षण कराने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर ई-रिक्शा चालकों के लिए रूट तय करें। इसके साथ-साथ उनके लिए वाहन खड़ा कर सवारियां भरने का स्थल चिन्हित किया जाए। कहीं भी इधर-उधन खड़ा न होने दे। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे ई-रिक्शा न चलाने पाएं। बैठक में अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 (प्रा0ख0) जितेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते डीएम, सीडीओ व मौजूद अधिकारी।

साढ़े नौ करोड़ से सुधरेगी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सरकार ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए विद्युत वितरण मंडल को 9.50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इससे पुरानी 33 केवी लाइन, पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि व उपकेंद्रों का सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। इसके लिए वितरण खंडों से अधीक्षण अभियंता ने प्रस्ताव मांगा है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार लगातार निगम को धनराशि दे रही है।

हाल ही में निगम को सरकार ने 9.50 करोड़ रुपये बिजनेस प्लान में दिए हैं। इससे निगम ओवरलोडिंग की समस्याओं से निपटने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। प्राप्त धन का उपयोग उपकेंद्रों के सुदृढ़ीकरण यथा फीडर पैनल बदलने, पावर ट्रांसफॉर्मर व सामान्य की क्षमता वृद्धि, 33 केवी लाइनों के दुरुस्तीकरण आदि का कार्य कराए जाएंगे। 8 फरवरी को विद्युत निगम के एमडी शंभू कुमार ने आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे कि इस बार यदि गर्मी में ट्रांसफॉर्मर खराब हुए तो अभियंताओं पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में मिले बजट से निगम अधिकारी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि पर अधिक फोकस कर रहे हैं।

> आपूर्ति संसाधनों के सुदृढ़ीकरण के लिए धनराशि मिली है। चारों वितरण खंडों से प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव आने के बाद इसके बाद टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी कर सुधार कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **-रामदास,** अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल बस्ती

यूपी बोर्ड: कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे प्रश्न पत्र

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 22 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा से पहले बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रश्नपत्र भी कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंची। प्रश्नपत्रों को अलग-अलग कमरों में सुरक्षित रखवाते हुए पुलिस के देखरेख और सीसीटीवी कैमरे के जरिए पैनी नजर रखी जा रही है।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने जीआईसी नौगढ़ पहुंचकर प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित कमरों का निरीक्षण किया। प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए कई निर्देश दिए। डीआईओएस ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अलग-अलग पांच स्थानों पर सीसी कैमरों की व्यवस्था की गई है। बताया कि मुख्यालय पर जिला कट्रोल रूम बनाया गया है। जहां नौ लैपटाप के जरिए जनपद के 114 परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मानीटरिंग होगी। संचालन के लिए बेसिक शिक्षा के सहायक अध्यापक वीरेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, महेंद्र कसौंधन, अजीत कुमार, सुनील कुमार, उत्कर्ष श्रीवास्तव, विष्णु प्रताप त्रिपाठी, खुर्शीद आलम, प्रवीण कुमार मिश्र, वेद प्रकाश, वैभव श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह, अमित जायसवाल, अरूण कुमार, अनुदेशक हरिशंकर गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

जीआईसी नौगढ़ में प्रश्न प्रश्नों को सुरक्षित रखे जाने संबंधी निर्देश देते डीआईओएस।

इन्टरलाकिंग कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल पर स्थित अनूपपुर-न्यू कांटी जं. पर तीसरी लाईन के कमीशनिंग के लिए प्री-नान इन्टरलाकिंग/इन्टरलाकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का अस्थाई निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

19 एवं 22 फरवरी को चलने वाली 12535 लखनऊ जं.-रायपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रायपुर से 20 एवं 23 फरवरी को चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं 18 से 23 फरवरी तक चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नयनपुर-बालाघाट के रास्ते चलाई जायेगी। गोंदिया से 19 से 24 फरवरी तक चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बालाघाट-नयनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

वषंत पंचमी पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते शिक्षक।

धूमधाम से मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। क्षेत्र में बुधवार को वसंत पंचमी के पर्व पर विद्या बुद्धि को प्रदान करने वाली माता सरस्वती का विधिविधान से पूजा अर्चना किया गया। शैक्षणिक संस्थानों सहित सभी लोगो ने बसंत पंचमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। कस्बा के किसान इंटर कालेज उसका बाजार परिसर में स्थित माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करके पूजन अर्चन किया गया। यहां पर हर वर्ष बसंत पंचमी पर्व मनाया जाता है। इसी तरह श्री कृष्ण द स्कूल उसका राजा, एस एन पब्लिक स्कूल बकैनिहा आदि विद्यालयों में वसंत पंचमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस दिन सृष्टि और पृथ्वी का जन्म माना जाना जाता है। मान्यता है कि सरस्वती मां के जन्म के साथ संगीत कला भी इसी दिन आरंभ हुई थी। सरस्वती मां का जन्म बसंत पंचमी को ही माना गया है। यह उत्सव वसंत ऋतु के आरंभ होने का प्रतीक है। इस दिन पीले चावल और मिठाई नाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन मां सरस्वती हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लेकर श्वेत कमल पर विराजमान हुई थीं।

घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोटन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मारपीट और छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में ग्राम प्रधान को भी अभियुक्त बनाया गया है। सोमवार को हुई घटना का मुकदमा बुधवार को दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ग्राम प्रधान सहित चार लोगों पर छेड़खानी, मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लोटन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि रविवार की रात वह घर में सोई हुई थी। इसी बीच गांव का ही युवक घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर मारापीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। सोमवार सुबह युवक के घर के लोगों ने भी मारपीट की। पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संबंध में कोतवाली लोटन के प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने बताया कि प्रधान सहित चार लोगों पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

अहमदाबाद में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सिद्धार्थनगर से जाते खिलाड़ी।

जिले के 13 खिलाड़ी गुजरात के लिए हुए रवाना

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। गुजरात के अहमदाबाद में 16 और 17 फरवरी को होने वाली 19वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए जिले से 13 खिलाड़ी भी शामिल होंगे। वह बुधवार को कोच के साथ रवाना हो गए। यह जानकारी प्रशिक्षक सत्य प्रकाश ने दी। बताया कि गुजरात गए खिलाड़ियों में अंशिका यादव, मोनिका विशाखा, नीतू, प्रीती यादव, रागिनी, शुचि सिंह, सुनीता, उज्जला गोस्वामी, आर्य राय, गनेश, रूपक गुप्ता, सत्यम चौधरी, उज्जवल पांडेय शामिल है। कोच के रूप में सोनू गुप्ता की अगुवाई में सभी खिलाड़ी गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों का चयन एक पखवारा पूर्व जिला स्पोर्टस स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय चयन एवं ट्रायल में हुआ था। जिसके बाद सभी गुजरात में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

चंद्र विजय सिंह बने यूपी कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के सहायक क्रीड़ा अधिकारी एवं भारतीय कुश्ती संघ के कोच चंद्र विजय सिंह को उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ का संयुक्त सचिव बनने पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने खुशी व्यक्त की है। कहा कि चंद्र विजय सिंह बहुत ही मिलनसार स्वभाव के क्रीड़ा अधिकारी हैं। उनका व्यवहार सभी कुश्ती खिलाड़ियों से बहुत अच्छा है। उम्मीद है कि पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ी उनके कुशल निर्देशन में बहुत अच्छा खेल प्रदर्शन करेंगे। उन्हें शुभकामनाएं देने वालों में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी डी के तिवारी, एससी अवस्थी, आरपी भट्ट, कौशल कुमार सिंह, केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, संजीवधर सतीश श्रीवास्तव, सूरज गुप्ता, पंकज यादव, पवन यादव, जेपी सिंह, मनीष पांडे, राजीव पांडे सहित तमाम अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

छात्र-छात्राओं को कलावा बांधने से रोकने पर कार्रवाई

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बढ़नी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय घरुआर में छात्र-छात्राओं को कलावा बांधने और चंदन लगाने से रोकने के मामले में बीईओ ने कार्रवाई की है। जांच में आरोप सही पाये जाने पर आरोपी शिक्षामित्र को हटाकर दूसरे विद्यालय में तैनात कर दिया गया है। जबकि प्रधानाध्यापिका व शिक्षामित्र को बीएसए ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है और एक सप्ताह में साक्ष्य सहित जवाब मांगा है। ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय घरुआर में 10 फरवरी को कक्षा चार में अध्यनरत एक छात्रा के अभिभावक ने आरोप लगाया कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र चन्द्रप्रकाश की ओर से उनकी पुत्री को कलावा बांधने, टीका लगाने से मना किया जा रहा है। एक अन्य छात्रा ने आरोप लगाया कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका खान शमसुन्निशा विद्यालय के ऑफिस में ही नमाज पढ़ती हैं। इस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बीईओ बढ़नी व बीईओ डुमरियागंज की संयुक्त टीम जांच के लिए नियुक्त किया। जांच में शिकायत सही मिलने पर शिक्षामित्र चन्द्रप्रकाश को प्राथमिक विद्यालय टीकर स्थानांतरित कर दिया। इसके प्रधानाध्यापिका व शिक्षामित्र को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में जवाब मांगा है।

> जांच में आरोप के सही पाए जाने के बाद बीएसए ने दोनों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है व एक सप्ताह में उसका जवाब मांगा है। आरोपी शिक्षामित्र को विद्यालय से हटाकर दूसरे विद्यालय में नियुक्त कर दिया गया है।
>
> **-रामू प्रसाद,** बीईओ बढ़नी

पूर्वोत्तर रेलवे की टीम बनी उप विजेता

गोरखपुर

अमृत विचार। 28 जनवरी से 7 फरवरी तक बिहार के सुपौल में आयोजित आल इंडिया आमंत्रण क्रिकेट कप टूर्नामेंट-2024 में पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये उपजेता का खिताब जीता। प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों ने भाग किया, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कोलकाता एकादश से हुए फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे उपजेता बना। प्रतियोगिता में अनु, दिनेश कुमार, प्रवीण यादव, अंकित यादव, शिव राथी, मज़िद हसन, निशांत राय, मंजीत चैधरी, शुभम चैबे, त्रिशाल त्रिवेदी, सौरभ कश्यप एवं शिवम दीक्षित ने पूर्वोत्तर रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव नरसा पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह एवं क्रिकेट कोच रंजीत यादव तथा टीम मैनेजर राजेन्द्र प्रसाद ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

उप विजेता की ट्राफी के साथ पूर्वोत्तर रेलवे क्रिकेट टीम के खिलाड़ी।

विद्यालय में प्रवेश के लिए फार्म वितरण शुरू

गोरखपुर, अमृत विचार। एनई रेलवे गर्ल्स इण्टर कॉलेज गोरखपुर में नये सत्र 2024-25 में कक्षा 6 से 9 एवं 11वीं (गणित, जीव विज्ञान एवं मानविकी) में प्रवेश के लिए पंजीकरण फार्म वितरण शुरू हो गया है। पंजीकरण फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 2 मार्च है। सी.बी.एस.ई. बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में योग्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिये सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

यात्रियों का छूटा सामान बरामद कर लौटाया

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) गोरखपुर द्वारा सिकरीगंज गोला रोड स्थित एक जन सेवा केन्द्र से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को व्यक्तिगत यूजर आईडी पर बने 21 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल बनारस ने यात्री का छूटा मोबाइल बरामद कर बनारस पोस्ट पर जमा किया। यात्री के उपस्थित होने पर मोबाइल को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, आजमगढ़ द्वारा गाड़ी संख्या-19045 से यात्री का छूटा सामान बरामद कर आजमगढ़ पोस्ट पर जमा किया गया।

पुलिस ने बिछड़ी बच्ची को मां-बाप से मिलाया

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने मां-बाप से बिछड़ी बच्ची को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिर्फ दो घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा। ऐटा खेड़ा निवासी राममिलन, पत्नी राधा और बेटी छाया के साथ पिहानी कस्बे में काम से आए थे। उसी बीच में छाया रास्ता भटकते हुए बिछड़ गई और काफी दूर निकल गई। राहगीरों ने उसे रोता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस बच्ची को गोद लेकर कोतवाली पहुंची और सोशल मीडिया के प्लेटफार्म की मदद से बच्ची का फोटो वायरल कर दिया। कुछ देर बाद बच्ची के माता-पिता भी कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बच्ची के उसके माता-पिता के सिपुर्द कर दिया।

आयोजन | आयोजन समिति के अध्यक्ष सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

सांसद खेल महाकुंभ का तीसरा चरण 19 से

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सांसद खेल महाकुंभ के जनपद स्तरीय आयोजन को लेकर बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित हुई। आयोजन समिति के अध्यक्ष सांसद से जगदंबिका पाल ने बसंत पंचमी की बधाई देते हुए बताया कि प्रथम चरण में निबंध लेखन कला, रंगोली प्रतियोगिता एवं द्वितीय चरण में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

जनपद के सभी शासकीय और शासकीय विद्यालयों के लगभग 5 हजार छात्र-छात्राओं ने निबंध, कला, चित्रकला और रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और और दूसरे चरण में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लगभग 7000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। श्री पाल ने आयोजन के तीसरे चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 19, 20 एवं 21 फरवरी को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया है। जिसमें जनपद के विकासखंड स्तर पर विजेता उप विजेता टीम के साथ-साथ जनपद के होनहार खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे।

इस बार जिला स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल, शतरंज, ताइक्वांडो, फुटबॉल, खो- खो, बैडमिंटन के साथ-साथ दिव्यांग खिलाड़ियों का भी इस बार सम्मिलित करते हुए पैरा सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही साथ आखिरी दिन महिला सांसद खेल महाकुंभ का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सिर्फ बालिका वर्ग के खेलों को सम्मिलित किया गया है और उसमें सिर्फ बालिकाएं महिलाएं ही शामिल होंगी। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के सचिव अरुण कुमार प्रजापति, क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, युवा कल्याण विभाग से देवेंद्र पांडे, बेसिक विभाग से सुरेंद्र श्रीवास्तव, जीशान खलील, जाहिर सिद्दीकी, त्रियुगी चौहान, मीडिया प्रभारी मनोज चौबे, सांसद प्रतिनिधि रिंकू पाल, प्रिंस शर्मा, राजू पाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन 28 को

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले में ओपेन स्टेट आमंत्रण सीनियर वर्ग महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन 28 फरवरी और समापन 1 मार्च को होगा। प्रतियोगिता के लिए इच्छुक टीमों को 23 फरवरी तक इंट्री कराना अनिवार्य किया गया है। क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने बताया कि खेल निदेशालय से अनुमति मिल गई है। टीमों के प्रतिभाग करने के लिए उप निदेशक कानपुर समेत क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है। वॉलीबाल महिला टीम निर्धारित खेल किट में भाग लेंगी। खिलाड़ियों और टीम मैनेजरों को निदेशालय की ओर से प्रदत्त मानकों के अनुसार सुविधाएं मुहैय्या कराई जाएगी। मौसम के अनुकूल कपड़े लाना होगा।

एक नजर

एफपीओ से सस्ते दामों पर मिलेगी कृषि दवा

रेहराबाजार, बलरामपुर। शासन के मंशानुरुप किसानो का आय दोगुनी करने के लिए किसानो को उच्चकोटि के खाद बीज दवा व तकनीक आसानी से उपलब्ध कराने के लिए रेहराबाजार मे किसान उत्पादक संगठन व औद्योगिक विपणन सहकारी समिति लिमिटेड एफपीओ केराडीह रेहराबाजार कार्यालय का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष डिप्टी सिंह ने फीता काटकर किया। अध्यक्ष डिप्टी सिंह ने बताया कि एफपीओ के खुलने से किसान भाईयों को गुणवत्तायुक्त खाद बीज व कृषि दवा रियायत दामो पर हमेशा मिलेगा। जिससे किसानो की आय दुगनी करने मे कारगर होगा। किसानो की अपनी दुकान होगी। समिति मे विकास खण्ड के 20 गांवो के 300 किसान सदस्य है। सरकार का ये कदम किसानो को आत्म निर्भर बनाने मे सहायक होगा। इस अवसर पर समिति के सचिव पंकज कुमार दूबे, अनिल मिश्रा, अनुराग सिंह, मारूफ, रामसागर कश्यप, अनूप कुमार सिंह, रामतेज सिंह, सौरभ सिंह, रामशंकर तिवारी व अन्यै किसान मौजूद रहे।

स्कूल व कॉलेजों में मनी बसंत पंचमी

संतकबीरनगर। बसंत पंचमी महापर्व जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी खलीलाबाद और सूर्या कालेज आफ फार्मेसी पर वैदिक मंत्रों के माध्यम से प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सपत्नीक मां सरस्वती का पूजन किया। इस मौके पर शिक्षिकाओं और छात्राओं ने मां सरस्वती के गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी बच्चों, शिक्षकों और शुभचिंतकों में मिष्ठान वितरित कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। खलीलाबाद स्थित ब्लूमिंग बड्स एकेडमी और प्रभा सेवा समिति द्वारा संचालित सभी स्कूल कालेजों में सरस्वती पूजन किया गया। प्रबंध निदेशका पुष्पा चतुर्वेदी और संरक्षक विनय चतुर्वेदी ने मां सरस्वती का वैदिक मंत्रों के माध्यम से पूजन किया। प्रबंध निदेशक पं. उदयराज तिवारी ने क्षेत्रीय विद्वानों के मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती का पूजन किया। इसी कड़ी में एस आर एकेडमी नाथनगर, एवीएम इंटर कालेज खलीलाबाद, संतकबीरनगर विद्यापीठ महाविद्यालय मगहर, स्वामी विवेकानंद ज्ञानपीठ इंटर कालेज मगहर, जी आर एकेडमी भदांह समेत जिले के सभी प्रमुख स्कूल कालेजों में बसंत पंचमी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाया गया।

पुलवामा के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

बलरामपुर, अमृत विचार। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा पुलवामा घटना में शहीद हुए वीर जवानों के आदर्शों को आत्मसात कर उनके अधूरे सपने को साकार करने का संकल्प लिया गया।

विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी ने पुलवामा के आंतकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर विनम्र श्रद्धांजलि दी। समस्त अध्यापकों नें पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुलवामा के हमले के बारे में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक नें बच्चों को बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। जिसमें लगभग 40 भारतीय जवान शहीद हो गये व कई अन्य घायल भी हुए। आंतकियों द्वारा इस्तेमाल किया गया वाहन महिंद्रा स्कॉर्पियो था, जिसमें 300 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक पदार्थ था। साथ में यह भी बताया कि पुलवामा हमले की बरसी पर पूरा देश शहीद जवानों को याद कर रहा है। पुलवामा आंतकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को शत् शत् नमन व भावपूर्ण श्रंदांजलि दी। श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने कैडिल जलाकर व हाथों में पोस्टर लेकर वीर जवानों को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी व अध्यापकगण में आशुतोष मिश्रा, एके तिवारी, टीएन शुक्ल, राजमणि तिवारी, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, विश्वनाथ तिवारी, कपिल निषाद, उमेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद यादव, राजीव श्रीवास्तव सहित छात्र छात्राए उपस्थित होकर शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पुलवामा घटना में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते विद्यालय प्रबंधक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

संतकबीरनगर में 21 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे 9,672 परीक्षार्थी, चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। आगामी 17 और 18 फरवरी को आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की सारी तैयारियां पूर्ण करा ली गई हैं। जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 9672 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ परीक्षा की तैयारियों को लेकर लम्बी मंत्रणा किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा शुचिता पूर्ण और नकल विहीन तरीके से सम्पन्न कराई जाएगी। किसी भी स्तर की गड़बड़ी या लापरवाही अक्षम्य होगी। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील करा दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर विडियो कैमरों से लगातार निगरानी कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में आम नागरिकों की मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। परीक्षा केंद्रों को पांच जोन और नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा की शुचिता पर बारीक निगरानी रखेंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा

- 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में कराई जाएगी पुलिस भर्ती परीक्षा

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पांच पांच परीक्षा केंद्रों को सेक्टर के अनुसार विभाजित किया गया है। सभी क्षेत्राधिकारियों को सेक्टर के हिसाब से जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा सभी थानाप्रभारी अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित कराएंगे। अवांछित तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

एक घंटे पहले अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें परीक्षार्थी

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में परीक्षाएं कराई जाएंगी। सुबह के पाली की परीक्षाएं 10 बजे से 12 बजे तक और शाम के पाली की परीक्षाएं अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित कराई जाएंगी। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र और आधार कार्ड सहित लेखन सामग्री के साथ परीक्षा समय से एक घंटे पहले ही अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें। जिससे उन्हें सीट तलाश करने और आवश्यक जांच पड़ताल के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान हर प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। नकल विहीन और शुचिता पूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

इन विद्यालयों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र

जिन स्कूल कालेजों को पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है उनमें नेहरू कृषक इंटर कालेज मड़या खलीलाबाद, संतकबीर आचार्य रामबिलास इंटर कालेज मगहर, हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद, संतकबीर विद्यापीठ महाविद्यालय मगहर, खलीलाबाद इंटर कालेज कोतवाली रोड खलीलाबाद, श्रीमती कल्पादेवी रामदेव राय इंटर कालेज चुरेब, बेणीमाधव गोपीनाथ इंटर कालेज बखिरा, एवीएम इंटर कालेज तितौवा खलीलाबाद, सत्यब्रत शर्मा जनक दुलारी इंटर कालेज भुजैनी, श्रीमती चंद्रावती महाविद्यालय तामेश्वरनाथ, संतकबीरनगर आचार्य अमृत दास महाविद्यालय मगहर, सी.बी. मिश्र इंटर कालेज पटखौली खलीलाबाद, गंगा देवी कपिल देव तिवारी महाविद्यालय भुजैनी, छत्रपति साहूजी महाराज इंटर कालेज काठगंगा, ब्लूमिंग बड्स स्कूल इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद, जीपीएस पीजी कॉलेज मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद, गन्ना विकास इंटर कालेज तितौवा खलीलाबाद, कुड़ीलाल रुंगटा सरस्वती विद्यामंदिर बिधियानी खलीलाबाद, प्रभादेवी पीजी कॉलेज खलीलाबाद, रेखा पाठक संकटा प्रसाद इंटर कालेज रामनगर मड़या, सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी खलीलाबाद शामिल हैं। सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है।

सार-संक्षेप

शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

शिक्षक समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुरा को ज्ञापन देते ब्लॉक अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई शिवपुरा ने खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में अध्यापकों की समस्याओं को अवगत कराते हुए तत्काल निवारण करने की मांग की। शिवपुरा के ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश पाठक की अगुवाई में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल बीईओ सियाराम से मुलाकात कर पांच सूत्री शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है। मुख्य रूप से इनमें रसोइयों का मानदेय कई महीनो से बकाया है वह आर्थिक तंगी से गुजर रही है उनका बकाया मानदेय के साथ ही प्रत्येक माह नियमित पारिश्रमिक भुगतान किया जाए। अन्य स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को उनके मूल विद्यालय में वापस भेजा जाए। शिक्षकों द्वारा संज्ञान में लाया गया है की अवकाश स्वीकृत न होने के कारण उपस्थित दर्ज करने में असुविधा होती है इसलिए अवकाश को समय से स्वीकृत किया जाना जरूरी है। अध्यापिकाओं को सीसीएल एवं प्रसूता अवकाश को समय से अग्रसरित किया जाए ताकि उन्हें असुविधा ना हो। समय से अवकाश मान्य होने पर अभिलेखों में दर्ज किया जा सके। एमडीएम कन्वर्जन कास्ट कई महीनो से बकाया है, शीघ्र भुगतान कराया जाए आदि मांग शामिल है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसेवक, कोषाध्यक्ष बृजराज राणा, संयुक्त मंत्री आशुतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी, ओमप्रकाश वर्मा, तेज पुंज त्रिपाठी, अब्दुल, मोहित महिला उपाध्यक्ष सुनीता ओझा, संगठन मंत्री प्रशांत कुमार, रामनाथ, हीरालाल, संगठन मंत्री महिला अंशु वर्मा, प्रचार मंत्री उमाशंकर गुप्ता, सुनील दत्त, उषा देवी, लेखाकार सुमित कुमार, ऑडिटर निमेष कुमार आदि शामिल रहे।

रोजगार मेले में 10 अभ्यर्थियों को मिला ऑफर लेटर

विकासखंड परिसर में आयोजित रोजगार मेला में ऑफर लेटर के साथ मौजूद अभ्यार्थी व अन्य। अमृत विचार

महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत विकासखंड तुलसीपुर के ब्लॉक मुख्यालय कौवापुर में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। मेले में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह विक्की ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन डीडी यूजीकेवाई क्षेत्रीय सेवा योजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसमें सात कंपनियों ने प्रतिभा किया। मेले में 92 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। तथा सेवायोजित 44 प्रशिक्षणार्थी ने आवेदन किया। उनमें 15 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की के द्वारा दिया गया। खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने बताया कि जितनी भी कंपनियां रोजगार मेले में प्रतिभाग़ कर रही हैं। उन में किसी भी कंपनियों को किसी भी तरह का कोई भी शुल्क अभ्यार्थियों को नहीं देना होगा। अगर कोई कंपनी किसी भी अभ्यार्थियों से पैसे की मांग करती है तो उसकी शिकायत जिला सेवा योजन कार्यालय में लिखित रूप से करें। ऐसी कंपनियों को डिवार घोषित कर दिया जाएगा। इस मौके पर जिला कौशल विकास प्रबंधक पंकज सिंह, वकील अहमद ग्राम प्रधान, नंदकुमार, मनीष सिंह, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, नीरज कुमार, दिनेश कुमार, श्यामलाल, विनीत भास्कर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्कूलों में मां सरस्वती की हुई विधि विधान से पूजा अर्चना

वसंत पंचमी के दौरान पूजा अर्चना करते विद्यालय प्रबंधक, शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

बलरामपुर। जिले में वसंत पंचमी के उपलक्ष में स्कूलों सहित सरकारी कार्यालय में मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीले वस्त्र का परीधान पहन कर देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की। नगर के सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मां सरस्वती की पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंधक सुयश आनंद, प्राधानाचार्य आसिम रूमी, रेखा ठाकुर, आशीष श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, लइक अंसारी सहित बच्चे मौजूद रहे। इसी क्रम में बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र सिंह तोमर, प्राधानाचार्य हेमंत तिवारी, अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने शिक्षकों व प्रबंध समिति सदस्यों के साथ बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की। शिवनारायण इंटर कॉलेज में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय पवन समिति अध्यक्ष बृजराज द्विवेदी ने शिक्षकों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना व छात्रों को प्रसाद वितरण किया। मॉडर्न पब्लिक सिटी स्कूल बैरागी पुरवा में विद्यालय प्रबंधक राजकुमार जायसवाल ने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए प्रसाद वितरण किया। साथ ही छात्रों को मां सरस्वती से प्रार्थना कर विद्या विवेक बुद्धि प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इस दौरान नंदलाल बैरागी, मिथिलेश जायसवाल, शुभम जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

स्वस्थ्य रहने को लेकर कराया योगाभ्यास

सेंट जेवियर्स स्कूल में योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं।

बलरामपुर। सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे योग के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा के दौरान योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नोएडा में कार्यरत मृत्युंजय योग स्टूडियो की डायरेक्टर मधु मिश्रा ने छात्रों को विभिन्न योगाभ्यास कराकर स्वास्थ्य व फिट रहने का टिप्स दिया। योग डायरेक्टर ने कक्षा 9 के सभी वर्गों के बच्चों के साथ योग का एक सेशन किया। इस योगा सेशन कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने मधु मिश्र का स्वागत किया गया।

प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर रेखा ठाकुर ने बच्चों से मधु मिश्रा का परिचय करवाया। मधु मिश्रा के द्वारा बच्चों को विभिन्न योगा आसनों को करवाया गया। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को परीक्षा के तनाव व अपनी पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बनाए रखने के नुस्खे भी दिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक अमन जायसवाल व रिजवाना सिद्दीकी के द्वारा किया गया। योगा सत्र के बाद विद्यालय के प्राचार्य एमए रूमी ने आगंतुक मधु मिश्रा का आभार प्रकट करते हुए बच्चों को नियमित योग अभ्यास करने की सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजन में प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर रेखा ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। योग कार्यक्रम के दौरान वली आलम, प्रितपाल व स्वर्णिम त्रिपाठी मौजूद रहीं।

डीएम ने निदेशक नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण को भेजा पत्र

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जिले में उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) संयंत्र की स्थापना के लिए चिह्नित ग्राम सभा की सरकारी भूमि को अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग के पक्ष में उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में निदेशक नवीन एवं नवीनीकरणीय उर्जा विकास अभिकरण को अवगत कराया है।

जो प्रदेश सरकार द्वारा प्रख्यापित राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत जनपद में कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) संयंत्र की स्थापना के लिए राजस्व विभाग के उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार भूमि चिह्नांकित कर अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नाम पट्टे पर उपलब्ध कराना है।

- सीबीजी संयंत्र की स्थापना के लिए जमीन चिन्हीकरण का मामला

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि चिन्हित भूमि का सीबीजी प्लांट के लिए प्रस्ताव उप जिलाधिकारी खलीलाबाद द्वारा तहसील खलीलाबाद के विकास खण्ड बघौली में राजस्व ग्राम परजूडीह के गाटा संख्या-280 (क्षेत्रफल 20.00) भूमि की श्रेणी चारागाह चिहिन्त किया गया है। पहला प्रस्ताव ग्राम परजूडीह तहसील ख़लीलाबाद में भेजा गया है। साथ ही तहसील धनघटा और मेंहदावल में भूमि तलाशी जा रही है। इस संबंध में जल्द ही प्रस्ताव यूपीएनईडीए को भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इसमें लगभग 200 करोड़ रुपए का निवेश होने की सम्भावना है।

उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अनुसार 10 टन क्षमता के सीबीजी प्लांट के अनुसार ऊर्जा उद्यम की स्थापना और संचालन के लिए 10 एकड़ भूमि आवश्यक होगी। ऐसे में 20 टन प्रति दिवस क्षमता के सीबीजी प्लांट के लिए वर्तमान में 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही संयंत्र स्थापना और संचालन के लिए आवश्यक भूमि के अतिरिक्त अन्य शेष भूमि पर निराश्रित गोवंशों के लिए गो-आश्रय स्थल और चारागाह बनाया जाना सीबीजी प्लांट और निराश्रित गोवंशों के लिए उपयुक्त होगा। इसके लिए भी निदेशक नवीन एवं नवीनीकरणीय उर्जा विकास अभिकरण से मेसर्स आरएसपीएल लिमिटेड गुरूग्राम हरियाणा को आवश्यक दिशा निर्देश देने की अपेक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी है।

तैयारी 19 फरवरी को आयोजित किया जाएगा भूमि पूजन कार्यक्रम, 3632 लोगों को मिलेगा रोजगार

संतकबीरनगर में 1,415 करोड़ से स्थापित होंगे 44 उद्योग

संतकबीरनगर, अमृत विचार। बीते वर्षों में तमाम औद्योगिक इकाइयों के बंद हो जाने से वीरान दिख रहे इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद के गुलजार होने की उम्मीदें परवान चढ़ती दिखाई देने लगी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार, जिले के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों और अधिकारियों के सकारात्मक प्रयासों से जल्द ही औद्योगिक विकास का सपना धरातल पर दिखेगा।

19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) करने जा रहे हैं। संतकबीरनगर जिले में करीब 1415 करोड़ रुपये के उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि पूजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां 44 उद्योगों की स्थापना से न सिर्फ आर्थिक क्रांति आएगी, बल्कि लगभग 3632 लोगों का रोजगार का सपना साकार हो सकेगा। यूपी इंवेस्टर्स समिट की तरह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के सफल आयोजन की रूपरेखा जोरों से तैयार की जा रही है।

जिले में 350 करोड़ रुपए के उद्योग स्थापित कराए जाने के लक्ष्य मिले थे। लेकिन जिला प्रशासन, जिला उद्योग केन्द्र, जनप्रतिनिधियों और उद्यमियों के सकारात्मक प्रयासों से 1415 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल हो चुका है। अबतक 44 उद्यमी जीबीसी में शामिल हो चुके हैं। इसके अलावा तमाम अन्य उद्यमी भी कतार में खड़े हैं। उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा की मानें तो 19 फरवरी तक लगभग 150 करोड़ के निवेश और आ सकते हैं। अबतक करीब 1415 करोड़ रुपये की उद्योग स्थापना तय हो चुकी है। जिसमें 3632 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलना तय है। इन उद्यमियों के उद्योग स्थापना के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के अधिकारियों की ओर से अथक प्रयास किया गया। अब 19 फरवरी को उद्योगों का भूमि पूजन होने जा रहा है।

राजकुमार शर्मा, उपायुक्त उद्योग संतकबीरनगर

ऐतिहासिक होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : उपायुक्त

उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर निवेशों का सत्यापन लगभग पूरा करा लिया गया है। 19 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। 10 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने वाले 13 उद्यमी लखनऊ जाएंगे। शेष उद्यमियों का भूमि पूजन जिले में ही होगा। उन्होंने बताया कि इनमें से तमाम उद्यमियों ने अपना प्रोडक्शन शुरू भी करा दिया है। श्री शर्मा ने बताया कि जिले को 350 करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य मिला था। लेकिन सकारात्मक प्रयासों की बदौलत 1415 करोड़ के निवेश धरातल पर उतर रहे हैं। इसके अलावा तमाम और उद्यमी जिले में निवेश को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जिसके चलते 19 फरवरी तक 100 से 150 करोड़ के निवेश और बढ़ सकते हैं। कुल मिलाकर जिले में औद्योगिक क्रांति की प्रबल सम्भावना है। जिससे जनपद के बेरोजगार युवाओं को बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

13 उद्यमी जाएंगे लखनऊ

इन 41 उद्यमियों में से 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले 13 उद्यमी लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से केजरीवाल ग्रुप, अमन पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, आरके लक्ष्मी लाजिस्टिक्स प्रा.लि., कपिला कृषि उद्योग, अजय कुमार त्रिपाठी, सूर्या पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, प्रणव राजेश जायसवाल, वी के एग्रो, अरुण जैन, प्रभा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, कबीर आयल मिल, हसित इन्फो काम प्रा. लि. शामिल हैं। शेष 31 उद्यमी कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद रहकर निवेश को धरातल पर उतारने में सहभागी बनेंगे।

लक्ष्य बनाओ और हासिल करो: विधायक

सुभावती देवी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में कला प्रदर्शित करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार। विकास खंड सांथा के टोटहा गांव के रामनाथ यादव सुभावती देवी महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश प्रबंधक महासभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक रामनाथ यादव व प्रबंध निदेशक सुरेश चंद्र यादव सहित सभी लोगों ने विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने इस दौरान बच्चों के द्वारा प्रस्तुत विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्यक्रम के बाबत उन्हें शाबाशी दिया। अनिल त्रिपाठी ने कहा कि मेंहदावल विधानसभा के टोटहा गांव में विद्यालय की स्थापना होने से क्षेत्र का समुचित विकास होने के साथ ही बच्चे भी शिक्षित होंगे तो परिवार और समाज भी आगे बढ़ेगा। महाविद्यालय के कुल 146 बच्चो में स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

एक नजर

प्रधानमंत्री 22 और 23 को वाराणसी में

अमृत विचार, लखनऊ : अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करें।

सपा में शामिल हुए बसपा के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान अब समाजवादी हो गए हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए बुधवार को पार्टी की सदस्यता ली।

प्रस्ताव में फंसा सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समाज में अहम भूमिका निभाने वाले मंगल दलों को प्रोत्साहित करने की योजना विभागीय उदासीनता का शिकार हो गयी है। इसके कारण राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ एवार्ड-2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन नहीं हो सका है। 46 जिलों के अधिकारियों ने अपनी सूची युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय को उपलब्ध नहीं कराया है। प्रस्ताव न भेजने वाले जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को चेतावनी दी गई है। लापरवाही के कारण पोर्टल पर पंजीकरण भी कम हुआ है।

इसे लेकर मुरादाबाद, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, चंदौली, कानपुर नगर, कानपुर देहात, ललितपुर, जालौन, आजमगढ़, झांसी, भदोही समेत 29 जिलों ने प्रस्ताव दिए हैं।

> राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों के प्रस्ताव आज मिल जाएंगे। शुक्रवार को इस संबंध में बैठक रखी है। इसमें आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।
>
> –**मेघना सोनकर**, उप निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय

पुरस्कार में मिलते पांच हजार रुपये

मंगल दल कार्यकर्ता ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ, शिक्षा व खेलकूद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होकर बढ़ावा देते हैं। जिले पर बेहतर कार्य करने पर एक महिला व एक पुरुष मंगल दल व राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीन श्रेणी में विवेकानंद यूथ एवार्ड दिया जाता है। पुरस्कार के तौर पर पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

प्रदेश में बनेंगे छह नए छात्रावास

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग छह नए छात्रावास बनवाएगा। नए छात्रावास के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रदेश के 75 जिलों में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है।

इस संबंध में समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नए छात्रावास बनाने के लिए स्वीकृति मिल गई है और इसके लिए 25 करोड़ से अधिक का बजट भी स्वीकृत हो गया है। छात्रावास का निर्माण नए वित्तीय वर्ष में शुरू होगा।

निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

मदरसों और डिग्री कॉलेजों की हो रही निगरानी, हो सकता है औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका - मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है। मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। गंभीर इनपुट के बाद जांच का दायरा बढ़ चला है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। ऐसे में मौका मुआयना के साथ गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

कंट्रोल रूम में परीक्षा केंद्रों की जानकारी लेतीं निदेशक जे. रीभा व अन्य। अमृत विचार

▸▸ **मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पाई गई हैं कई गड़बड़ी**

> प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।
>
> –**जे. रीभा**, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है।

प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने जा रही है भाजपा : पांडा

लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए बैजयंत जय पांडा ने संभाली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने लखनऊ आकर बुधवार को कमान संभाल ली। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि राम जी की कृपा और जनता के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में भाजपा प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है।

वे प्रभारी बनने के बाद पहली बार बुधवार को लखनऊ आए तो, एयरपोर्ट पर उतरते ही सुबह 9 बजे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश मुख्यालय तक तमाम कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह उत्साह दिखाया। इसके बाद श्री पांडा ने राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के सात प्रत्याशियों के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने और नेतृत्व का अवसर प्रदान करने में सफल रही है। भाजपा की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किये गए प्रत्याशी इसका उदाहरण हैं।

उम्मीदवारों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए बैजयंत जय पांडा ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वंसत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कहा कि देश की 140 करोड़ जनता प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति पर चलते हुए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रत्याशियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम के साथ मोदी व योगी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी प्रत्याशियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि सपा समाप्त और कांग्रेस मुक्त करने के संकल्प के साथ प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का काम करना है।

भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रभारी बैजयंत पांडा का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, साथ में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

▸▸ **एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री और संगठन महामंत्री ने किया स्वागत**

मुख्यमंत्री ने किया भोज पर आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैजयंत जय पांडा को बुधवार दोपहर भोजन के लिए आमंत्रित किया। विधान भवन में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद पांडा मुख्यमंत्री के साथ उनके सरकारी आवास चले गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय लौटकर उन्होंने दोनों उप मुख्यमंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात की और इसके बाद वापस दिल्ली चले गए।

राज्यसभा के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

राज्यसभा के लिए भाजपा के सभी सात उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर से विधानभवन के कमरा नं. 48 में नामांकन की कागजी औपचारिकता दो-दो सेट के साथ पूरी की। भाजपा ने सात में से चार सीटों पर पिछड़ी जातियों के उम्मीदवार खड़े किये गये हैं। इससे साफ है कि भाजपा लोकसभा चुनावों से पहले विभिन्न समुदायों तक पहुंचने की कोशिश में है। नामांकन दाखिल करने वाले सात प्रत्याशियों में से आरपीएन सिंह (सैंथवार), चौधरी तेजवीर सिंह (जाट), अमरपाल मौर्य (कोइरी) और डॉक्टर संगीता बलवंत (बिंद) पिछड़ी जाति की हैं। इसके अलावा डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी (ब्राह्मण) साधना सिंह (क्षत्रिय) और नवीन जैन (जैन) समाज से आते हैं।

उम्मीदवारों को लेकर सपा में गहराया असंतोष

स्वामी, पल्लवी के बाद राम गोविंद ने सपा नेतृत्व को दिया सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा और राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर समाजवादी पार्टी में असंतोष नजर आ रहा है। पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी में अपने पद से इस्तीफा दिया, फिर विधायक पल्लवी पटेल ने नाराजगी दिखायी और वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी ने भी स्वामी के पक्ष में उतर कर सपा नेतृत्व को सुझाव दे डाला है। इससे पहले सहयोगी दल रालोद ने भी सीट बंटवारे पर नाखुश होकर खुद को अलग कर लिया।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के सिर पार आते-आते सपा के और भी नेता अपनी-अपनी महत्वाकांक्षा को साधने का दबाव पार्टी नेतृत्व पर बना सकते हैं। अंदरखाने की बात की जाए तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ही चुनावी फार्मूले पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) की ही नजर से पार्टी नेता उनके (अखिलेश के) हर छोटे-बड़े फैसलों को भी देखने लगे हैं। ऐसे में आने वाले समय में अन्य इस वर्गों के नेता नेतृत्व पर दबाव बनाने की चाल चल सकते हैं।

दरअसल, स्वामी प्रसाद ने पार्टी नेतृत्व पर दलितों और पिछड़ों को उचित भागीदारी न दिए जाने का आरोप यूं ही नहीं लगाया। उनका यह आरोप लोस और राज्यसभा दोनों के लिए घोषित उम्मीदवारों से जुड़ा है। राज्यसभा के लिए जहां तीन में दो टिकट सामान्य वर्ग को दे दिए गए वहीं, टिकट वितरण में स्वामी की न तो सलाह ली गई और न ही कोई जानकारी तक दी गई। खासकर जया बच्चन और आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाए जाने के स्वामी और पल्लवी खिलाफ हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या की पुत्री संघमित्रा बदायूं से भाजपा सासंद हैं, जहां से सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दे दिया है। वर्तमान में भाजपा से स्थिति साफ न होने पर स्वामी प्रसाद अपनी पुत्री के लिए आंवला (बरेली) से टिकट चाह रहे हैं। इधर सपा भी भाजपा से स्थिति साफ होने पर ही सपा आंवला की सीट पर पत्ते खोलेगी। इतना ही नहीं स्वामी माना जा रहा है कि, फर्रुखाबाद के टिकट से भी स्वामी खुश नहीं हैं। सूत्रों का कहना है कि मौर्य नहीं चाहते थे कि फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया जाए। डॉ. शाक्य की शादी संघामित्रा से हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था।

▸▸ **सपा के और नेता नेतृत्व के फैसलों पर उठा सकते हैं सवाल**

राम गोविंद ने स्वामी प्रसाद का लिया पक्ष

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोविंद चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करते हुए उनका इस्तीफा न स्वीकार करने का व्यक्तिगत सुझाव दिया है। पत्र में राम गोविंद ने लिखा कि स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विचारों का मजबूती से प्रतिवाद कर रहे हैं। इसलिए वह दोनों संगठनों के निशाने पर है। आगे उन्होंने लिखा है कि स्वामी प्रसाद पिछड़े समाज से आते हैं। अपने जुझारू स्वभाव की वजह से इस समाज में उनका एक विशेष स्थान हैं। उनका पदाधिकारी बने रहना सपा के हित में है। इसलिए मेरा अग्रह है कि आप उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करें।

ये पार्टी के अंदर की बात है: अखिलेश यादव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर अपनी चुप्पी तोड़ते बुधवार को मीडिया को दी प्रतिक्रिया में कहा है कि स्वामी प्रसाद वरिष्ठ नेता हैं। ये पार्टी के अंदर की बात है। हम इसका समाधान निकाल लेंगे। इसके पहले, मौर्य ने भी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। अब आगे क्या करूंगा ये इस पर निर्भर करता है। अब गेंद अखिलेश यादव के पाले में हैं, देखते है वह क्या करते हैं?

महिलाओं की सुरक्षा में कोई कमी नहीं:योगी

गोरखपुर, अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सरकार अप्रैल से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को प्रति लाभार्थी 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने जा रही है।

सीएम योगी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खाद कारखाना परिसर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर 2014 में पीएम मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। बेटी बचेगी तभी पढ़कर आगे बढ़ेगी और योगदान देश व समाज के लिए दे पाएगी। एक बेटी कुल खानदान को आगे बढ़ाने का काम करती है। बेटियों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आज केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब वह सीएम बने तो प्रदेश में यह समस्या आई कि बेटी को बचाने के लिए क्या और प्रयास करने चाहिए। इसके लिए पहला कार्यक्रम सुमंगला योजना का बनाया गया। इसमें बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई की व्यवस्था की गई। इस योजना में सरकार अब तक 17 लाख से अधिक बेटियों को 15 हजार उपलब्ध करा चुकी है। अप्रैल से यह धनराशि बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक तीन लाख से शादियां करा चुकी है। प्रति जोड़े विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि गरीब के साथ संपन्न परिवारों के बच्चे सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में एक हजार जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। गरीबों की बेटियों के विवाह की चिंता दूर की: सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि एक गरीब परिवार की सबसे बड़ी चिंता बिटिया के विवाह की होती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय आदि रहे।

गोरखपुर में एक कार्यक्रम में बच्चे को दुलारते सीएम योगी। अमृत विचार

घर-घर बांटे पंफलेट

वनटांगिया गांव रजही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्य से पहुंचे थे। एक आम कार्यकर्ता की भूमिका में सीएम ने घर-घर जाकर अभियान का पैम्फलेट वितरित किया। उनका कुशलक्षेम जानने के साथ उनसे सरकार की योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी ली। यह भी पूछा कि कहीं कोई दिक्कत तो नहीं हुई। मुख्यमंत्री के साथ दीपावली मनाने का सौभाग्य पाने वाले वनटांगिया उन्हें आज एक बार फिर अपने बीच पाकर निहाल थे। हर घर के सामने उनका फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इसके लिए महिलाएं पहले से फूलों की पंखुड़ियां थाली में सजाकर खड़ी थी। सीएम योगी ने हाथ जोड़कर सबका अभिवादन स्वीकार किया।

जीवन को नया रूप देती है अच्छी शिक्षा

पं. त्रिलोकी नाथ स्मारक इंटर कॉलेज हथिनाराज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आलापुर, अम्बेडकरनगर

अमृत विचार। बुधवार को पं. त्रिलोकी नाथ स्मारक इंटर कॉलेज, हथिनाराज में प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे।

इस दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को एक नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित व संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित व सकारात्मक मार्ग दर्शन देने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, दहेज प्रथा सहित अन्य कुरीतियों पर आधारित नाटक व भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जयराम विमल, भाजपा जिला प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी व नगर पंचायत अध्यक्ष बसखारी ओंकार गुप्ता भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं के कमी नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में आपकी महती भूमिका है, इसलिए बच्चों पर ध्यान देते हुए इन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें। अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने भी विचार रखे। इस दौरान अच्छे अंक पान वाले व विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य संजय यादव ने छात्रों को आशीर्वाद दिया।

प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह। अमृत विचार

किसानों की मांगों का समाधान करे सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि, किसानों की मांगें गंभीरता से लेकर उनका समाधान किया जाए। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े। बसपा प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस संबंध में ''दिल्ली चलो'' के अभियान के तहत आंदोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा।

समस्याओं को लेकर डीएम से मिले

सेफ सिटी परियोजना के कुछ कार्यों को लेकर आक्रोशित हैं व्यापारी

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जनपद मुख्यालय पर सेफ सिटी परियोजना के तहत मेंहदावल बाईपास चौराहे के सुंदरीकरण को लेकर ब्यापारियों में काफी आक्रोश है। ब्यापारियों ने पिछले दिनों विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम को शिकायती पत्र भी सौंपा था।

बताते चलें कि सेफ सिटी परियोजना के तहत मेंहदावल बाईपास चौराहे के चारों तरफ की 100 मीटर एरिया की सड़कों के दोनों किनारों पर चार फीट ऊंचा डिवाइडर बनाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। डिवाइडर में हर 20 मीटर पर कट बनाए जा रहे हैं। इसी डिवाइडर को लेकर ब्यापारियों में आक्रोश है। ब्यापारियों का कहना है कि दुकान के सामने चार फीट ऊंचा डिवाइडर बना दिए जाने से उनकी दुकानें ढंक जाएंगी। साथ ही उनके खुद के और ग्राहकों के वाहन दुकानों तक नहीं पहुंच सकेंगे। ब्यापारियों का कहना है कि डिवाइडर की ऊंचाई अधिकतम दो फीट और कट की दूरी अधिकतम 10 मीटर रखी जाय। साथ ही दुकान और नाले के बीच 10 फीट चौड़ा चबूतरा बनाया जाय। इस मामले को लेकर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने ब्यापारियों को साथ लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर से मुलाकात किया और उनसे ब्यापारियों के हितों की सुरक्षा करने को कहा। जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर, पीडब्ल्यूडी एक्सिएन, यातायात प्रभारी समेत पांच सदस्यीय टीम का गठन करते हुए समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग ब्यापार मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष बनर्जी लाल अग्रहरि, कपीशचंद्र अग्रहरि, अरविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर डीएम से वार्ता करते सदर विधायक। अमृत विचार

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,822.83	21,840.0
बढ़त	267.64	96.80
प्रतिशत में	0.37	0.45

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, गुरुवार, 15 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	71,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,150-47,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	71,300
चांदी तैयार	71,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,350
सोना जेवरात गिन्नी	62,350
चांदी पक्की	710 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	71,350।

वित्त मंत्रालय के नियमों एवं शर्तों के बारे में की गई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग की पहली बैठक संपन्न

अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित सोलहवें वित्त आयोग की बुधवार को पहली बैठक संपन्न हुई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस बैठक में आयोग ने भारत की राष्ट्रपति के आदेश और 31 दिसंबर, 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप अपने नियमों एवं शर्तों के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल ने संविधान के अध्याय एक, 12वें खंड के तहत संघ और राज्यों के बीच शुद्ध कर आय का वितरण और संबंधित राज्यों की हिस्सेदारी के आधार पर कर आवंटन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दी थी।

इसके अलावा 16वां वित्त आयोग भारत की संचित निधि से राज्यों को राजस्व सहायता अनुदान देने और राज्यों को सहायता अनुदान के जरिये दी जाने वाली राशि तय करने वाले सिद्धांतों पर भी गौर करेगा। निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार आयोग पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों को लेकर राज्य की संचित निधि बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय भी सुझाएगा।

कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नई दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

अमृत विचार: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

राष्ट्रीय

70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, '' देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?

राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

शिवसेना नेता पर गोलीबारी

ठाणे। अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

नागपुर में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर महिलाओं ने मंदिरों में जाकर मां सरस्वती की पूजा की। इसके बाद मंदिर से निकलीं महिलाओं ने एक-दूसरे टीका करके पर्व की बधाई दी। ● एजेंसी

एक नजर

सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

जम्मू। पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

तमिलनाडु विस में एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई, एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र के प्रस्ताव को मनमाना कहा

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और इसे अव्यावहारिक तथा अलोकतांत्रिक करार दिया। विधानसभा ने परिसीमन प्रक्रिया पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि अगर इसे अपरिहार्य कारणों से किया भी जाना है तो इस कवायद के लिए 1971 की जनगणना मानदंड होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दोनों प्रस्ताव पेश करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को मनमाना करार दिया।

उन्होंने जनगणना (जो लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की जा सकती है) के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद जारी रखने के प्रस्तावित कदम को एक साजिश करार दिया। स्टालिन ने कहा कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट आएगी। मार्च 2023 में तत्कालीन केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि अगली परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के बाद की जा सकती है। स्टालिन ने कहा-एक राष्ट्र, एक चुनाव पूरी तरह अव्यावहारिक और संविधान की मौलिक रूपरेखा के खिलाफ है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संविधान में दी गई गारंटी के पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से राज्य विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया जा सकता है जो संविधान के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है तो क्या सभी राज्य विधानसभाओं को भंग किया जाएगा? इसी तरह यदि कुछ राज्यों में सरकारों को निर्धारित कार्यकाल से कम समय तक रहना पड़ा तो क्या केंद्र की सत्ता में बैठे लोग पद छोड़ेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकायों में चुनाव राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और स्थानीय निकाय चुनाव कराने का दावा राज्य के अधिकारों का हनन माना जाएगा।

मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

राशन घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्ध्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम आठ स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बिधाननगर थाना क्षेत्र के तहत साल्ट लेक में विश्वजीत का घर भी शामिल था।

ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार-एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।

मंदिर के भव्य शिखर हैं खास: मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।

कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।



एक नजर

गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

गांधीनगर। गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

वाशिंगटन। पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई। ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।

अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले :** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद**

की समस्या : उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप :** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

नई दिल्ली। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

जकार्ता। मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...

न्यूयॉर्क : अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज

रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।

युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।

अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

माले। मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

विज्ञान नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया